वर्ष : 16 अंक : 176 लखनऊ शनिवार, 29 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम

| | |
|---|---|
| सूर्योदय | : 05:13 |
| सूर्यास्त | : 07:15 |
| अधिकतम | : 32:00° |
| न्यूनतम | : 27:00° |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **

हिना खान को ब्रेस्ट कैंसर डाइग्नोज हुआ 10



बालू व मोरम का बेहतर विकल्प होगा 'एम-सैंड',... 2 | परीक्षा में शुचिता और पारदर्शिता बेहद जरूरी 6 | फिल्म सिटी से पचास हजार लोगों को रोजगार 12

## एक नजर

### अध्यादेश की निंदा



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में विदेशी आतंकवादियों का समर्थन करने वाले स्थानीय लोगों के खिलाफ शत्रु एजेंट अध्यादेश लागू करने की आलोचना की और इसे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। सुश्री मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर में शत्रु एजेंट अध्यादेश लागू करने की आलोचना की।

### मोबाइल से हो प्रचार

**हरिद्वार।** दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार समिति के सदस्य डॉ. असले टोजे ने कहा है कि मोबाइल फोन आज की पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन भारत जैसी महान सांस्कृतिक विरासत वाले देश में इसका इस्तेमाल वैदिक संस्कृति को पूरे विश्व में पहुंचने के लिए होना चाहिए ताकि दुनिया भारत की महान सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो सके।

### पहल का स्वागत

**नयी दिल्ली।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने एशियाई खेलों के कार्यक्रम में योग को शामिल करने की भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा की पहल का स्वागत किया है। खेल मंत्रालय की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार खेल मंत्री मंडाविया ने कहा कि योग की व्यापक लोकप्रियता को ध्यान में यह उचित है कि इसे एक प्रतिस्पर्धी खेल बनाया जाये और एशियाई खेलों में शामिल किया जाए।

### बुलडोजर कार्रवाई

**मुरादाबाद।** प्रदेश के मुरादाबाद में आधी रात को युवती को अगवा करने की कोशिश के विरोध में मां-बाप व भाई समेत तीन लोगों को गोली मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी के घर पर बुलडोजर चला कर बड़ी कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सतपाल अंतिल ने शुक्रवार को आरोपियों के ऊपर 25000 का इनाम घोषित करते हुए मुरादाबाद के मुंडापांडे थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया है।

### कांग्रेस अध्यक्ष वेल में पहुंचे, सभापति धनखड़ बोले- यह संसदीय इतिहास पर काला धब्बा

# नीट पर संसद के दोनों सदनों में हंगामा

- नीट पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था विपक्ष
- राज्यसभा में नेता विपक्ष खड़गे वेल में पहुंचे तो भड़क गए सभापति





"देश के युवा घबराए हुए हैं। उन्हें नहीं पता क्या होने वाला है। संसद से यह मैसेज जाना चाहिए कि सरकार और विपक्ष उनकी चिंताओं को लेकर एक साथ हैं।

**राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

एजेंसी/विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार (28 जून) को NEET मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। हालांकि राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। बाद में इसे भी 1 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया।

दरअसल, विपक्ष NEET पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि नियमों के मुताबिक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के बीच स्थगन प्रस्ताव नहीं लाया जाता जबकि राज्यसभा में 22 सांसदों के नोटिस को सभापति ने खारिज कर दिया। 24 जून से शुरू हुआ संसद का यह सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। राज्यसभा में पीएम मोदी 3 जुलाई को चर्चा का जवाब दे सकते हैं।

NEET मामले पर चर्चा की मांग के दौरान राज्यसभा में चेयरमैन जगदीप धनखड़ और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच विवाद की स्थिति बनी। हंगामे के बीच खड़गे सभापति की आसंदी के पास पहुंच गए जिस पर धनखड़ भड़क गए और कार्यवाही 2 बजे तक रोक दी। खड़गे सदन से बाहर आकर बोले कि यह चेयरमैन की गलती है। मैं उनका ध्यान खींचने के लिए अंदर गया था। लेकिन तब भी वे नहीं देख रहे थे। वे केवल सत्ता पक्ष को देख रहे थे। नियमानुसार उन्हें मेरी तरफ देखना चाहिए, लेकिन उन्होंने जान बूझकर मुझे अनदेखा करके मेरा अपमान किया। तो मेरे लिए क्या बचा था? मुझे या तो अंदर जाना होगा या बहुत जोर से चिल्लाना होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, सरकार हर तरह की चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन सब कुछ परंपरा और मर्यादा के भीतर होना चाहिए। जब कल राष्ट्रपति ने खुद अपने भाषण में परीक्षा के बारे में बात की तो इससे सरकार की मंशा का पता चलता है कि हम किसी भी मुद्दे का सामना करने के लिए तैयार हैं। सरकार की जिम्मेदारी देश के युवाओं के प्रति है, देश के छात्रों के प्रति है। सरकार अपना पक्ष रखने के लिए तैयार है, फिर भ्रम क्या है? हम सख्त से सख्त कार्रवाई करने जा रहे हैं और सीबीआई सबको पकड़ने जा रही है, हम किसी को नहीं छोड़ेंगे। सुधार के लिए एक हाई लेवल कमेटी भी बनाई गई है, जल्द ही उन सभी परीक्षाओं की तारीख भी घोषित की जाएगी। मैं विपक्ष से भी अनुरोध करता हूं कि वे राजनीति से बाहर आएं और चर्चा में शामिल हों।

कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर राज्यसभा के चेयरमैन धनखड़ बोले कि नेता प्रतिपक्ष ने सदन से बाहर जाकर विरोधाभासी बयान दिया। वे वेल में आए थे। धनखड़ ने कहा कि इस तरह का घटिया व्यवहार हर भारतीय को दुख पहुंचाता है और हमारी संस्था को शर्मसार करता है। पांच दशक से ज्यादा का अनुभव रखने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे को सदन में घुसते, अनियंत्रित व्यवहार करते और गलत सूचना फैलाते देखना मेरे लिए बहुत दुखद था। नेताओं को अनुकरणीय आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। यह हमारे लोकतंत्र को कलंकित और अपमानित करता है। व्यवस्था के रखवालों का ऐसा व्यवहार बहुत गंभीर है और मेरे लिए और भी अधिक दुखदायी है।

प्रदर्शन कर रहीं कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम को चक्कर आ गया। उन्हें संसद से RML हॉस्पिटल ले जाया गया। सदन में कार्यवाही जारी रही, लेकिन विपक्षी सांसद हॉस्पिटल चले गए।

### सरकार की ढाल बन गये पूर्व पीएम देवेगौड़ा

पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने केंद्र सरकार का बचाव करते हुए कहा कि जांच पूरी होने तक आप संसद में NEET मुद्दे पर बहस नहीं कर सकते। सरकार ने अपना कर्तव्य निभाया है, जांच जारी है और जब तक यह पूरी नहीं हो जाती, मानव संसाधन विकास मंत्रालय कोई निर्णय नहीं ले सकता। मैं सभी से अनावश्यक हंगामा न करने की अपील करता हूं।

## NEET पेपर लीक

# CBI ने झारखंड से 3 आरोपी दबोचे

### इनमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल-वाइस प्रिंसिपल भी

**पटना/रांची, एजेंसी।** NEET पेपर लीक केस में शुक्रवार (28 जून) को झारखंड के हजारीबाग से CBI ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और पत्रकार जमालुद्दीन हैं। एजेंसी तीनों को झारखंड से बिहार ला रही है। इस केस में 27 जून को बिहार के पटना से एजेंसी ने 2 लोगों को अरेस्ट किया था। एहसान उल हक समेत 3 लोगों से CBI ने शुक्रवार को दिनभर पूछताछ की। अब उन्हें स्पॉट पर ले जाकर टीम सबूतों को पुख्ता करेगी। CBI और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 3 मई को NEET के क्वेश्चन पेपर कूरियर एजेंसी ब्लू डार्ट के हजारीबाग नूतन नगर सेंटर से बैंक ले जाने की बजाय पहले ओएसिस स्कूल लाए गए। इसके बाद यहां से बैंक भेजे गए। संदेह है कि क्वेश्चन पेपर का पैकेट स्कूल में ही खोला गया था।

आज जब स्कूल में पूछताछ चल रही थी, तब FSL की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने भी कुछ सबूत इकट्ठे किए हैं। एक अन्य जानकारी UGC नेट से भी जुड़ी है, जो इसी स्कूल (ओएसिस) की है। UGC नेट परीक्षा भी इसी सेंटर पर हुई थी। इसी स्कूल से नेट के प्रश्नपत्र लीक होने का शक भी है। आज टीम ने स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सह सेंटर सुपरिंटेंडेंट इम्तियाज आलम का एक मोबाइल और लैपटॉप जब्त किया है। एजेंसी को शक है कि ओएसिस स्कूल से ही पेपर लीक किया गया है। पटना में शुक्रवार को ही CBI आरोपी चिंटू और मुकेश को साथ लेकर उनके दोस्त रॉकी के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि पटना के कंकड़बाग में रॉकी के घर से कई सबूत हाथ लगे हैं। चिंटू की देवघर में गिरफ्तारी के बाद रॉकी फरार हो गया था। CBI ने चिंटू, मुकेश, आशुतोष और मनीष कुमार के मोबाइल की जांच की। पता चला कि ये सभी आरोपी पिछले 6 महीने से आपस में संपर्क में थे। हर आरोपी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी। इससे पहले NEET पेपर लीक मामले में CBI ने गुरुवार को 2 आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को पटना से गिरफ्तार किया था। दोनों ने ही पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रातभर के लिए बुक कराया था।

## डिप्टी NSA विक्रम मिस्री होंगे अगले विदेश सचिव

» चीन मामलों के हैं एक्सपर्ट, 15 जुलाई को संभालेंगे पद



विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के नए विदेश सचिव के रूप में विक्रम मिस्री की नियुक्ति की गई है। मिस्री मौजूदा वक्त में उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं, वह पहले चीन के राजदूत रह चुके हैं। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, मिस्री 15 जुलाई से अपनी नई पदवी ग्रहण करेंगे। उन्होंने भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1989 बैच के अधिकारी के रूप में कार्य किया है और तीन प्रधानमंत्रियों के व्यक्तिगत सचिव भी रहे हैं।

वह विनय मोहन क्वात्रा की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल इस साल मार्च में छह महीने बढ़ाया गया था। सरकार ने क्वात्रा (आईएफएस 1988) को 12 मार्च को विदेश सचिव के पद पर 30 अप्रैल 2024 से आगे की अवधि के लिए सेवा विस्तार दिया था। सरकार ने उस आदेश में संशोधन करते हुए उनकी विस्तार की अवधि को 14 जुलाई तक सीमित किया है।

इस बारे में जानकारी रखने वालों का मानना है कि मिस्री की नियुक्ति उनकी चीन पर विशेषज्ञता के आधार पर की गई है। उन्होंने 2019-2021 के बीच बीजिंग के राजदूत के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विशेष रूप से जब मई 2020 में लदाख क्षेत्र के सैन्य संघर्ष के बाद चीन के साथ मध्यस्थता में मिस्री ने अहम भूमिका निभाई।

## प्रवीण कुमार लक्षकार बने बलिया के डीएम



**लखनऊ। विशेष संवाददाता।** प्रदेश सरकार ने 2012 बैच के आईएएस अफसर प्रवीण लक्षकार को बलिया का नया जिलाधिकारी बनाया है।

आईएएस रविन्द्र कुमार को बलिया डीएम के पद से हटा दिया गया है। प्रवीण लक्षकार अभी तक निर्वाचन आयोग में एसीईओ के पद पर तैनात थे। इससे पहले वो हाथरस, मीरजापुर और पीलीभीत के जिलाधिकारी रह चुके हैं।

इससे पहले बलरामपुर के डीएम अरविंद कुमार को हटाकर उनकी जगह पर पवन अग्रवाल को नया जिलाधिकारी बनाया गया। वहीं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में निदेशक पद पर कार्य कर रहे आईएएस अधिकारी राजामणि आर. को सिद्धार्थ नगर का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है।

# महाराष्ट्र में महिलाओं को हर महीने 1500 कैश

### गरीब परिवार को साल में तीन मुफ्त सिलेंडर, किसानों को 5000 रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस



एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से 4 महीने पहले शुक्रवार 28 जून को NDA की एकनाथ शिंदे सरकार ने अपना आखिरी बजट पेश किया। डिप्टी CM अजित पवार ने बजट में महिलाओं और किसानों के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया है।

इसमें किसानों का बिजली बिल माफ, खेती के लिए 5 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस की घोषणा की गई है। गरीब परिवारों को हर साल 3 गैस सिलेंडर मुफ्त और 21 से 60 साल की उम्र की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए कैश देने की योजना शामिल है। राज्य सरकार ने आम लोगों को राहत देते हुए वैट में 3% कटौती (24 से 21%) की घोषणा की है। इससे पेट्रोल में 65 पैसे और डीजल की कीमतों पर 2 रुपए की कमी होगी। हालांकि, इसका फायदा सिर्फ मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे के लोगों को ही होगा। राज्य में इस साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राज्य में बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और NCP की गठबंधन सरकार है। इसका कार्यकाल 8 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। अक्टूबर 2024 में चुनाव होने की संभावना है।

राज्य के सभी किसानों को कपास और सोयाबीन की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 5000 रुपए का बोनस दिया जाएगा। दुग्ध किसानों को 1 जुलाई 2024 के बाद भी पांच रुपए प्रति लीटर बोनस दिया जाएगा। जानवरों के हमले में मारे गए किसानों के परिजन को 20 लाख रुपए की जगह 25 लाख रुपए की मदद की जाएगी। राज्य के 44 लाख किसानों को बिजली का बिजली का बकाया बिल माफ किया जाएगा। प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को हुए नुकसान के लिए जुलाई, 2022 से 15 हजार 245 करोड़ 76 लाख रुपए की मदद। नवंबर-दिसंबर, 2023 में बेमौसम बारिश से प्रभावित 24 लाख 47 हजार किसानों को 2 हजार 253 करोड़ रुपए की मदद। CM अन्न छत्र योजना के तहत सभी परिवारों को साल में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। 52 लाख 16 हजार 412 परिवार इस योजना के लाभार्थी होंगे। मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना स्कीम की तर्ज पर मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहन योजना का ऐलान। इसके तहत 21 से 60 साल की सभी महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए दिए जाएंगे।

# चुपचाप अपने पापों का प्रायश्चित करे गांधी परिवार

### कार्यों में गड़बड़ियों के मामले में प्रियंका गांधी के बयान पर उमा भारती का पलटवार





एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता उमा भारती ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें उन्होंने दिल्ली हवाई अड्डे समेत अन्य जगहों के निर्माण कार्यों में हुई गड़बड़ियों का मामला उठाते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा था। इसके जवाब में उमा भारती ने कहा कि गांधी परिवार को किसी मामले पर कुछ नहीं बोलना चाहिए बल्कि चुपचाप अपने पापों का प्रायश्चित करना चाहिए। प्रियंका के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता उमा भारती ने कहा, 'प्रियंका गांधी के खानदान ने जब इस देश पर राज किया था तो आपातकाल लगने से पूरा देश गिर गया था, पूरे देश पर आघात हुआ था, लोकतंत्र की संस्थाएं बंद हो गई थी लाखों लोग को जेल में डाल दिया गया था, हजारों लोग जेल में मर गए थे...और जब सिखों के खिलाफ दंगे हुए थे तब इस देश की धरती दरक उठी थी, इसलिए उन लोगों को कुछ बोलना ही नहीं चाहिए चुपचाप अपने पापों का प्रायश्चित करना चाहिए।' यह बात उन्होंने ग्वालियर में एएनआई से बात करते हुए कही।

इससे पहले कांग्रेस ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढहने की घटना को मोदी सरकार के 'भ्रष्टाचारी मॉडल' की मिसाल करार देते हुए आरोप लगाया था कि पिछले 10 वर्षों में बने बुनियादी ढांचे घटिया गुणवत्ता के चलते ताश के पत्तों की तरह ढह रहे हैं। इस बारे में पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'मार्च में प्रधानमंत्री जी ने दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 का उद्घाटन किया था, आज उसकी छत ढह गई जिसमें एक कैब ड्राइवर की दुखद मृत्यु हो गई। तीन महीने पहले प्रधानमंत्री जी ने जिस जबलपुर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था, उसकी भी छत ढह गई।'

आगे उन्होंने लिखा, 'अयोध्या में निर्माण कार्यों के खस्ताहाल पर पूरा देश दुखी है। यह भाजपा का 'चंदा लो और धंधा दो' का भ्रष्टाचारी मॉडल है जिससे अब पर्दा उठ चुका है।' प्रियंका गांधी ने सवाल करते हुए लिखा, 'क्या प्रधान उद्धघाटन मंत्री जी इन घटिया निर्माण कार्यों और इस भ्रष्टाचारी मॉडल की जिम्मेदारी लेंगे?' दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल एक पर हुए हादसे के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 'एक्स' पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, 'मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में बने घटिया बुनियादी ढांचे के ताश के पत्तों की तरह ढहने के लिए भ्रष्टाचार और आपराधिक लापरवाही जिम्मेदार है।'

## लेबनान में भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह

**नयी दिल्ली।** लेबनान के हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच बढ़ते युद्ध के मद्देनजर और कई देशों द्वारा लेबनान की यात्रा के खिलाफ सलाह जारी करने के बीच, भारतीय दूतावास ने वहां भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने और बेरूत में दूतावास के साथ संपर्क में रहने के लिए कहा है।

एडवाइजरी में कहा गया है कि लेबनान में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर, वहां रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने और बेरूत में भारत के दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। इससे पहले जर्मनी, नीदरलैंड, आयरलैंड, जॉर्डन और कनाडा लेबनान की यात्रा के खिलाफ सलाह जारी कर चुकी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, भारतीय दूतावास ने यात्रा परामर्श जारी नहीं किया है।

# हेमंत सोरेन पांच महीने बाद आए जेल से बाहर

### कहा- सुनियोजित ढंग से आवाज दबाई जा रही, हाईकोर्ट बोला- पूर्व सीएम के खिलाफ सबूत नहीं



एजेंसी

**रांची।** झारखंड के पूर्व CM हेमंत सोरेन शुक्रवार 28 जून को रांची की बिरसा मुंडा जेल से बाहर आ गए। जेल के बाहर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन भी उन्हें लेने के लिए जेल पहुंची थीं।

जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे झूठे आरोपों में 5 महीने जेल के अंदर रखा गया। झारखंड के लोगों के लिए 5 महीने बहुत कठिन थे। सुनियोजित तरीके से लोगों की आवाज दबाई जा रही है। दिल्ली में मुख्यमंत्री जेल में बंद है। मंत्रियों को जेल में डाल दिया जा रहा है। न्याय की प्रक्रिया इतनी लंबी हो रही है कि न्याय मिलने में कई महीने लग रहे हैं। मेरे मामले में कोर्ट का आदेश आज सभी को मिलेगा। उसे देखना चाहिए। कोर्ट के आदेश का आपको आंकलन करना चाहिए। देखना चाहिए कि उसमें क्या कहा गया है। आज मेरी जेल यात्रा खत्म हुई।

हाईकोर्ट ने कहा है कि पूर्व सीएम के खिलाफ ठोस सबूत नहीं हैं। हेमंत को शुक्रवार सुबह ही जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिली। कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं मिले। हेमंत सोरेन को जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि वे प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) एक्ट के तहत जमानत की दोनों शर्तों को पूरा करते हैं।

कोर्ट के फैसले के बाद सोरेन के सरकारी आवास में मिठाई बांटी गईं। हेमंत को इस मामले में 31 जनवरी की रात ED ने गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका पर 13 जून को सुनवाई पूरी हो चुकी थी। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में पिछले तीन दिन सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। PMLA एक्ट के सेक्शन 45 के तहत जमानत की 2 शर्तें हैं- यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं हो कि आरोपी ने कथित अपराध किया। जमानत पर रहने के दौरान आरोपी उस तरह का कोई अपराध नहीं करेगा। कोर्ट ने ये भी कहा कि सोरेन दोनों शर्तों को पूरा करते हैं। इसलिए अदालत उन्हें रेगुलर जमानत दे रही है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर छत गिरी, एक की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-NCR में बारिश की वजह से शुक्रवार सुबह 5 बजे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (IGI) के टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिर गई। हादसे में कार में बैठे एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई, 8 घायल हैं। घायलों का इलाज मेदांता अस्पताल में चल रहा है। दिल्ली फायर सर्विस, पुलिस, CISF और NDRF की टीमें मौके पर राहत-बचाव में जुटी हैं।

दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारियों ने बताया- टर्मिनल-1 पर डोमेस्टिक फ्लाइट के लिए गाड़ियों की लंबी लाइन लगी थी। इसी दौरान छत का भारी हिस्सा और लोहे के तीन सपोर्ट बीम भी गाड़ियों पर गिर गए, जिससे कारें बीम में दब गईं। IGI एयरपोर्ट की DCP उषा रंगनानी ने बताया कि डिपार्चर गेट नंबर 1 से से गेट नंबर 2 तक फैले टर्मिनल-1 के बाहर का शेड ढह गया, जिसमें करीब 4 गाड़ियां दब गईं।

# पोस्ट ग्रेजुएट को छुट्टी का आवेदन तो लिखना नहीं आता, यह है देश की शिक्षा !

### बिहार के नियोजित शिक्षकों की ओर से दायर मामले पर सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने की कड़ी टिप्पणी, सक्षमता परीक्षा रद्द करने की मांग खारिज

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार के नियोजित शिक्षकों की ओर से दायर मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि एक पोस्ट ग्रेजुएट को छुट्टी का आवेदन तो सही ढंग से लिखना नहीं आता, यह तो देश की शिक्षा का स्तर हो गया है। पूरे राज्य में शिक्षा के स्तर को सुधारने के मकसद से बिहार सरकार ठेके (संविदा) पर नियुक्त यानी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए सक्षमता परीक्षा ले रही है। इस के विरोध में बिहार प्रारंभिक शिक्षक संघ तथा परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने सक्षमता परीक्षा को रद्द करने की उनकी मांग को खारिज कर दिया है।

मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा, राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक अहम भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपने कौशल को बेहतर करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। कोर्ट का कहना है, हम देश और खासकर बिहार के बच्चों की शिक्षा के प्रति काफी गंभीर हैं। ऐसे में अगर कोई शिक्षक सरकार के नियमों के अनुसार नहीं चलना चाहते हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। इससे पहले पटना हाईकोर्ट ने भी नियोजित शिक्षकों की मांग को खारिज कर दिया था। राज्यकर्मी के दर्जे के लिए सक्षमता परीक्षा पर सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश से बिहार के करीब 85 हजार शिक्षकों को करारा झटका लगा है। नियोजित शिक्षकों की ओर से कोर्ट में कहा गया कि 2012 में पंचायत शिक्षक नियमावली के तहत राज्य सरकार ने उनकी परीक्षा ली थी। ऐसे में फिर उनकी परीक्षा क्यों ली जा रही है। इन शिक्षकों को बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक सेवा नियमावली के तहत 2006 में नियुक्त किया गया था। वर्ष 2006 से पहले इनमें से कई शिक्षा मित्र थे जो बाद में नियोजित शिक्षक बन गए।



**बिहार के करीब 85 हजार शिक्षकों को लगा करारा झटका**

राज्य सरकार के प्रावधान के अनुसार इस परीक्षा को पास करने के बाद वे राज्यकर्मी बन जाएंगे और तदनुसार उन्हें पेंशन-ग्रेच्युटी, ऐच्छिक स्थानांतरण व स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य सरकारी सुविधाएं मिलने लगेंगी। हरेक नियोजित शिक्षक को सक्षमता परीक्षा पास करने के तीन मौके मिलेंगे। हालांकि राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि सक्षमता परीक्षा पूरी तरह वैकल्पिक है। जो शिक्षक यह परीक्षा नहीं देना चाहते, उन्हें नौकरी से नहीं निकाला जाएगा। लेकिन, उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा नहीं मिल सकेगा। विदित हो कि राज्य के करीब 75,000 से अधिक सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने के लिए बिहार सरकार लगातार नवाचार कर रही है। समस्या की जड़ तक पहुंचने की कोशिश शिक्षा विभाग के पूर्व अपर मुख्य सचिव (एसीएस) केके पाठक ने की जिन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर कई आधारभूत फैसले लिए। उद्देश्य यह था कि बच्चे स्कूल आकर पढ़ें और शिक्षक उन्हें स्कूल में पढ़ाएं। इस कड़ी में छुट्टियों में कटौती की गई तथा उन बच्चों और शिक्षकों की पहचान की गई जो लगातार स्कूल से गायब रह रहे थे। भारत में लगातार हो रही परीक्षा धांधलियों से छात्र परेशान स्कूलों के निरीक्षण के दौरान सरकारी स्कूलों में ऐसे लाखों बच्चों की पहचान की गई और उनके नाम काटे गए। इसी तरह स्कूल से नदारद रहने वाले हजारों शिक्षकों पर कार्रवाई की गई। इसका बेहतर नतीजा सामने आया, लाखों फर्जी विद्यार्थियों के नाम काटे जाने से करोड़ों के सरकारी राजस्व की बचत हुई क्योंकि इन फर्जी विद्यार्थियों के नाम पर विभिन्न मिड-डे मील सहित अन्य सरकारी योजनाओं में घपला किया जा रहा था। पाठक के कड़े फैसलों का विरोध भी हुआ और उन्हें लेकर राजनीति भी खूब हुई। सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में सुधार के प्रयास जारी है। विभाग ने अभिभावकों और आमजन से सीधे जुड़ने के लिए टोल फ्री और वाट्सएप नंबर जारी किए हैं। इसका फायदा यह हुआ कि विभिन्न मुद्दों से जुड़ी शिकायतें सीधे विभाग तक पहुंचने लगी है। ऑनलाइन हाजिरी से रियल टाइम मॉनिटरिंग 25 जून से शिक्षकों को ई-शिक्षा कोष मोबाइल एप से ऑनलाइन हाजिरी बनाने का आदेश दिया गया है।

## एससीओ शिखर सम्मेलन में मोदी नहीं, जयशंकर जाएंगे

**नयी दिल्ली।** अगले माह कज़ाखस्तान की राजधानी अस्ताना में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, एससीओ में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री करेंगे। यह एससीओ शिखर सम्मेलन 3 और 4 जुलाई के दौरान आयोजित किया जाना है। इसलिए विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर वहां हमारे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

एससीओ शिखर सम्मेलन के मेजबान देश कज़ाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्त तोकायेव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टेलीफोन करके एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अस्ताना आमंत्रित किया था।

# बालू व मोरम का बेहतर विकल्प होगा 'एम-सैंड', शीघ्र घोषित होगी नीति

## पर्यावरण एवं नदियों के इकोसिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टनेबल विकास के लिए 'एम–सैंड' बेहतर विकल्प : मुख्यमंत्री

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नदी रेत और मोरम के स्थान पर 'एम-सैंड' (मैन्युफैक्चर्ड सैंड) को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार अतिशीघ्र एम-सैंड नीति लागू करने जा रही है, जिससे प्राकृतिक रेत/मोरम के एक नए विकल्प की उपलब्धता होगी।

शुक्रवार को खनन विभाग के साथ प्रस्तावित नीति पर विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण एवं नदियों के इकोसिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टनेबल विकास को गति दिया जाए। इस दृष्टि से 'एम-सैंड' एक बेहतर माध्यम है। उन्होंने कहा कि नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू की सीमित मात्रा और इसकी बढ़ती मांग के दृष्टिगत एम- सैण्ड को नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू के विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे।

» खनन कार्य से जुड़े वाहनों में ओवरलोडिंग पर हो सख्त कार्रवाई

» खनन कार्यों के लिए अब जनपदों से ही जारी होगा ईएमएम–11

» सीएम ने की खनन विभाग की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

नई नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 'एम-सैंड' के गुणवत्ता मानकों को बनाये रखना अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा शामिल है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी 'एम-सैंड' निर्माता अपने उत्पाद के लिये बीआईएस प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि नोडल



विभाग के रूप में खनन विभाग 'एम-सैंड' के शीघ्र उत्पादन हेतु राज्य/जिला स्तर पर अनुज्ञप्तिधारकों और हितधारकों से समन्वय स्थापित कराये। आम जनता को 'एम-सैंड' सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सके तथा 'एम-सैंड' की कीमत प्राकृतिक मोरम/बालू के सापेक्ष कम हो। इसके लिए प्रयास किया जाना चाहिए। इससे जुड़ी इकाइयों में पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना चाहिए।

खनन पट्टा धारकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री ने ई-अभिवहन प्रपत्र (ईएमएम-11) जारी करने की व्यवस्था को और सरल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रपत्र जारी करने की प्रक्रिया जनपद स्तर से ही होनी चाहिए। इसके लिए एक समय सीमा तय होनी चाहिए। निदेशालय से इसकी मॉनीटरिंग की जाए।

वर्तमान में खनिज परिवहन से जुड़े वाहनों की ओवरलोडिंग को सफलतापूर्वक रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने जनपदों में टास्क फोर्स को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग रोकने के लिए सबसे बेहतर है जीरो पॉइंट, पर कार्रवाई की जाए। यानी खनन स्थल पर जहां से बालू, मोरम, गिट्टी आदि उपखनिज वाहन में लोड किया जाता हो, कार्रवाई वहीं होनी चाहिए। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, परिवहन और खनन विभाग के स्थानीय अधिकारियों की सम्मिलित टीम एक टास्क फोर्स के रूप में प्रभावी कार्रवाई करे। साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बालू/मोरम के परिवहन की जांच करते समय व्यवहारिकता के साथ कार्य किया जाए। अनावश्यक रूप से आम जन का उत्पीड़न न हो।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उपखनिजों के परिवहन करने वाले वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग के लिए व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहन पर ई-अभिवहन प्रपत्र तब ही निर्गत हो जब वह वाहन खनन क्षेत्र के जियो फेंस एरिया में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईंट भट्ठे लगाए जाने के लिए उर्वर भूमि के स्थान पर बंजर भूमि का ही उपयोग किया जाना चाहिए। इसके लिए इस क्षेत्र के उद्यमियों से संवाद करें। उन्हें उर्वर भूमि का उपयोग न करने के लिए जागरूक करें।

बरसात के मौसम में बालू/मोरम की कीमतों को नियंत्रित रखने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने इनके भंडारण व्यवस्था की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्ष 2023-24 में जहां 533 भंडारण स्थल थे वहीं इस सत्र में 645 भंडारण स्थल हैं। पिछले वर्ष के सापेक्ष भंडारण की मात्रा में भी वृद्धि हुई है। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्ष 2022-23 में 44,547 प्रवर्तन की कार्रवाई की गई थी, जबकि वर्ष 2023-24 में 57,539 कार्रवाई हुई। वहीं चालू वित्तीय वर्ष के मई माह तक 9451 मामलों में प्रवर्तन की कार्रवाई हो चुकी है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है और राजस्व में वृद्धि भी हुई है।

# दो हजार करोड़ से स्थापित होगा बायो प्लास्टिक पार्क

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** बायो प्लास्टिक के निर्माण के जरिए पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में जुटी योगी सरकार प्रदेश में दो हजार करोड़ से बायो प्लास्टिक पार्क की स्थापना करने जा रही है। प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद के गोला गोकर्णनाथ तहसील के कुम्भी गांव में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये हैं।

इस पार्क को बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा बनाया जाएगा, जिससे यहां ने केवल बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई अन्य सहायक उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। पार्क के विकास के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल बनाया जाएगा।

**निर्मित किये जा सकेंगे कई प्रकार के औद्योगिक उत्पाद**

बायो प्लास्टिक एक प्रकार का प्लास्टिक होता है जो प्राकृतिक सामग्रियों, जैसे कि मक्का, सूरजमुखी या शक्कर के कणों से बनाया जाता है। इसे प्राकृतिक प्लास्टिक भी कहा जाता है। यह तेजी से विघटित हो जाता है, जिससे इसका पर्यावरण में प्रदूषण प्रभाव कम होता है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देता है, बल्कि इसका उपयोग अलग-अलग उद्योगों में भी किया जा सकता है, जैसे कि पैकेजिंग, रेडिमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य औद्योगिक उत्पाद। इसके विकास और उपयोग से प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और पर्यावरणीय स्थिति में सुधार करने में यह बहुत ही ज्यादा सहायक साबित हो सकता है।

**पार्क में होंगे वैज्ञानिक अनुसंधान**



» लखीमपुर खीरी में 1000 हेक्टेयर में बनेगा पार्क, जमीन की तलाश तेज

» बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा कुंभी गांव में बनेगा बायो प्लास्टिक पार्क

» बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई सहायक उद्योग भी होंगे स्थापित

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास से नए वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी उत्पन्न होंगे ही साथ ही ये पार्क वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधानों के माध्यम से प्लास्टिक निर्माण की क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं। इस पार्क में प्लास्टिक से जुड़ी विभिन्न प्रौद्योगिकियों का विकास और अध्ययन भी किया जाएगा। पार्क में वैज्ञानिक अनुसंधान होंगे, जिससे प्लास्टिक के प्रभावी उपयोग और पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीकी उत्पाद विकसित किए जा सकेंगे। इसके जरिए प्लास्टिक से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा। साथ ही प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करने और प्रदूषित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीकियों का अध्ययन किया जाएगा।

## समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल जायेगा जनपद आगरा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल दिनांक 01 जुलाई 2024 को जनपद आगरा जायेगा।

जनपद आगरा के ग्राम रूपधनु थाना बरहन क्षेत्र के निवासी संजय कुमार व प्रमोद कुमार दोनों सगे भाइयों ने पुलिस उत्पीड़न के कारण फांसी लगाकर अत्महत्या कर ली जिसकी जांच एवं जानकारी लेने तथा शोकाकुल परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम रूपधनु आगरा पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण हैं मुकेश वर्मा विधायक, उदयवीर सिंह पूर्व एमएलसी, रामसहाय यादव प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उप्र, महाराज सिंह धनगर प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उप्र/पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, श्रीकृष्ण वर्मा जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी आगरा, वाजिद निसार महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी आगरा, राकेश बघेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आगरा, वीरेन्द्र सिंह चौहान पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, डॉ. राजीव यादव राष्ट्रीय सचिव समाजवादी शिक्षक सभा, सुरेन्द्र चौधरी जिला महासचिव समाजवादी पार्टी आगरा एवं डॉ. शिवराम यादव पूर्व जिला महासचिव समाजवादी पार्टी आगरा।

## अग्निशमन केन्द्र व भवनों के निर्माण के लिए धनराशि अवमुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए जनपद श्रावस्ती के अग्निशमन केन्द्र इकौना के आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु 03 करोड़ 43 लाख 56 हजार रूपये की धनराशि निर्गत कर दी है।

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने यह निर्देश भी दिये है कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाय ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप निर्मित भवनो का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने कड़े निर्देश दिये है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जायेगा।

# रेलवे के निजीकरण और निगमीकरण का विरोध शुरू

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** रेलवे के निजीकरण का विरोध कर्मचारियों ने किया है। नॉर्दन रेलवे मजदूर यूनियन की बैठक में निगमीकरण और निजीकरण का विरोध किया गया। महामंत्री केएल गुप्त ने निजीकरण, निगमीकरण और नई पेंशन योजना के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार रेलवे को निजी हाथों में सौंप रही है। रेलवे को छोटे-छोटे टुकड़ों में बताकर निजीकरण करने का प्रयास कर रही है, लेकिन कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार को सत्ता से बेदखल करने में भागीदारी निभाई थी

केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने डीआरएम से लखनऊ मंडल मे काम कर रही महिलाओं के लिए कामन रूम बनाने की मांग की। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार को रेलवे मजदूर की मंडल मंत्री आरएन गर्ग ने अंग वस्त्र, पहना कर और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस अवसर केंद्रीय महामंत्री केएल गुप्ता मौजूद रहे।




» महामंत्री केएल गुप्ता के नेतृत्व में यूनियन ने आंदोलन की दी चेतावनी

# लागू होगा आधार बेस्ड बायोमेट्रिक, फेशियल ऑथेंटिकेशन सिस्टम

## छात्रवृति में पारदर्शिता के लिए योगी सरकार की खास पहल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** छात्रवृति में पारदर्शिता और छात्रों की दक्षता में वृद्धि के लिए योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सीएम योगी के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत संचालित पूर्वदशम्, दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा पीएम यशस्वी योजनाओं के तहत छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त करने वाले छात्रों की दैनिक उपस्थिति को अब आधार बेस्ड बायोमिट्रिक/फेशियल ऑथेंटिकेशन के माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है।

प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 में शैक्षणिक संस्थाओं में संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समूह-1 के पाठ्यक्रमों (शासकीय, गैर शासकीय एवं शासकीय सहायता प्राप्त समस्त शिक्षण संस्थाओं) में यह व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 से यह व्यवस्था पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से सम्बंधित सभी शैक्षणिक संस्थाओं में लागू की जाएगी।

» आधार बेस्ड बायोमेट्रिक प्रणाली से पारदर्शिता में होगी वृद्धि

प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए आधार बेस्ड बायोमैट्रिक प्रणाली लागू होने से पारदर्शिता और दक्षता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होने पर ही छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा अनुमन्य होगी। उपस्थिति प्रमाणित करने और इस पर होने वाले सभी व्यय का वहन संबंधित शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे छात्रों की उपस्थिति आधार बेस्ड बायोमैट्रिक/फेशियल ऑथेंटिकेशन सिस्टम के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी छात्र प्रक्रियात्मक कारणों से छात्रवृत्ति से वंचित न रहे।

विभाग के पास यूआईडीएआई अधिकृत SUB AUA की सुविधा है, जिसके तहत शादी अनुदान योजना में आधार ऑथेंटिकेशन और ई-केवाईसी की सुविधा, छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदकों के आधार डेमोग्राफी/ओटीपी ऑथेंटिकेशन की सेवाएं और कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में प्रशिक्षणार्थियों की दैनिक उपस्थिति की सुविधा श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड के माध्यम से दी जा रही है। समूह-1 के पाठ्यक्रमों में बीएएमएस, बीआर्क, बीबीए एवं एमबीए एकीकृत (बीबीए+एमबीए एकीकृत), बीडीएस., बीएफएडी, बीफार्मा., बीटेक (इंटीग्रेटेड), बीटेक/बीई, बीटेक+एमटेक इंटीग्रेटेड, डॉक्टर ऑफ फार्मेसी, एलएलएम, एलएलएम कोर्स इन ह्यूमन राइट्स एंड ड्यूटीज एजुकेशन, एलएलएम एक वर्ष, एमटेक, एमबीए, एमबीबीएस, एमडीएस, एमआईबी, एमपीटी, एमफार्मा, एमएस, मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्माकोलॉजी), मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री), मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्मास्युटिक्स), एमबीए (इंटीग्रेटेड), एमसीए, एमडी आयुर्वेद, एमएस आयुर्वेद तथा पीएचडी है।

# पीएनबी ने भारतीय सेना के साथ साझेदारी को किया सुदृढ़

## पीएनबी रक्षक प्लस परिशिष्ट के माध्यम से विशेष प्रयास

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** सशस्त्र बलों को अपना सुदृढ़ सहयोग प्रदान करने के लिए, देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पीएनबी ने दिनांक 01.04.2024 से अपनी प्रमुख योजना पीएनबी रक्षक प्लस के अंतर्गत भारतीय सेना के सभी सेवारत कर्मियों के लिए बीमा कवरेज और अन्य लाभों में वृद्धि की है।

अतिरिक्त महानिदेशक कार्मिक सेवाएं (एडीजी पीएस) निदेशालय, एडजुटेंट जनरल की शाखा, सेना मुख्यालय के कार्यालय में, पीएनबी के कार्यपालक निदेशक कल्याण कुमार और लेफ्टिनेंट जनरल वी श्रीहरि, एवीएसएम, एससी, एसएम, महानिदेशक जनशक्ति नियोजन और कार्मिक सेवाओं और दोनों पक्षों बैंक और भारतीय सेना के अन्य वरिष्ठ




अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक सुनील अग्रवाल और मेजर जनरल वीके पुरोहित, एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, अतिरिक्त महानिदेशक कार्मिक सेवाए ने वर्तमान समझौता ज्ञापन के परिशिष्ट पर हस्ताक्षर किए। भारतीय सेना के सभी सेवारत कर्मियों के लिए पीएनबी रक्षक प्लस योजना के बढ़े हुए लाभ हैं।

व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा
रुपये 1 करोड़,
हवाई दुर्घटना बीमा
रुपये 1.5 करोड़,
स्थायी/आंशिक दिव्यांगता कवरेज
रुपये 1 करोड़,
ऑपरेशंस के दौरान मृत्यु होने पर अतिरिक्त कवर
रुपये 10 लाख,
परिवहन सहित आयातित दवाओं की लागत
रुपये 10 लाख तक
एयर एम्बुलेंस की लागत
रुपये 10 लाख तक।
इसके अतिरिक्त रक्षक खाताधारकों के आश्रितों और परिवारों को कई अन्य लाभ प्रदान किए जा रहे हैं।

# निकायों की सीवर प्रणाली के कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

## वर्षा में सीवर का पानी सड़कों, गलियों पर न भरे, करें सम्पूर्ण व्यवस्था

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के नगरीय निकायों में बरसात के दौरान सड़कों एवं गली व मोहल्लों में सीवर का पानी न भरे तथा नाले व नालियों के चोक होने से शहरों में कहीं पर भी जलभराव की समस्या न पैदा हो, इसके लिए निकायों की सीवर प्रणाली के कार्यों में तेजी लाने तथा नाले/नालियों की तलछट सफाई व निकले कचड़े के उठान में और गति लाने के निर्देश नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अधिकारियों को दिये।

उन्होंने कहा कि शहरों में कहीं पर भी कार्यों में लापरवाही के कारण बरसात में जलभराव की स्थिति न पैदा हो, जिससे आम नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़े। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि निकायों के नाले-नालियों के सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही एवं उदासीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निकायों में सीवर व्यवस्था के प्रबन्धन के लिए उचित कदम उठाये जाएं। बरसात में सीवर के पानी की गंदगी से लोगों को बीमारियों का सामना न करना पड़े।

» नाले व नालियों की सफाई पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी : शर्मा

» शहरों में कहीं पर भी जलभराव की स्थिति न पैदा हो : नगर विकास मंत्री

नगर विकास मंत्री श्री शर्मा शुक्रवार को जलनिगम फील्ड हॉस्टल 'संगम' में जल निगम और निकाय अधिकारियों के साथ सीवर व्यवस्था, जल निकासी, नाले/नालियों की सफाई आदि कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने 120 एमएलडी जीएच कैनाल एसटीपी के समय पर चालू न तथा 03 महीने लेट होने पर नाराजगी व्यक्त की और जल निगम के प्रबन्धक को निर्देशित किया कि इस एसटीपी के समय से चालू न होने पर इस क्षेत्र में सीवर का पानी सड़कों, गलियों व मोहल्लों में न भरे इसके लिए सम्पूर्ण तैयारी 03 दिन के भीतर की जाए और यहां स्थापित पम्पिंग स्टेशन चालू हालात में रहे।



उन्होंने नगर आयुक्त लखनऊ एवं महाप्रबन्धक जलकल को कार्यों की निगरानी करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आलमबाग, राजाजीपुरम, कुकरैल, भरवारा जोन-1 पुराना लखनऊ, कैसरबाग, वजीरगंज में स्थापित सीवर व्यवस्था के प्रगति कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी निकायों के सीवर सिस्टम के कार्यों में तेजी लायी जाए और इन कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश महाप्रबन्धक जलकल को दिए।

नगर विकास मंत्री ने कहा कि सभी निकाय अपने क्षेत्रों में नाले/नालियों की तलछट सफाई, इसके आसपास उगी झाड़ियों की सफाई तथा निकले हुए कचरे को हटाने में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी निकाय कार्मिकों को निर्देशित किया कि नाले-नालियों के 72 घण्टे की सफाई अभियान में मैनपावर और मशीनरी का अधिक से अधिक प्रयोग कर बरसात के समय होने वाले जलभराव के संकट से लोगों को राहत प्रदान करने के कार्य में युद्धस्तर पर जारी रखें।

# भाजपा के सत्ता में आते ही बढ़ने लगी महंगाई

## बाजार में उपभोक्ताओं को लूटने की खुली छूट : अखिलेश यादव

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आते ही महंगाई बढ़ने लगी है। बाजार में उपभोक्ताओं को लूटने की खुली छूट है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई अब चरम पर पहुंच गयी है। खाने-पीने की चीजों से लेकर मोटर साइकिल, साइकिल, ईंधन, जरूरत की हर सामान महंगा होता जा रहा है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल है। इस सरकार को जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। चुनाव खत्म होते ही दूध, तेल, की कीमतें बढ़ गयी है। सब्जियों और दालों की कीमते आसमान छू रही है। पढ़ाई, लिखाई और दवाई के बोझ तले आम जनता पहले से दबी है। महंगाई के इस दौर में आम जनता के लिए जीवनयापन करना मुश्किल है।



श्री यादव ने कहा कि सच तो यह है कि बाजार पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। दाले 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। आलू 40 रूपये प्रति किलो ग्राम मिल रहा है। अन्य सब्जियों की बढ़ी कीमतों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दो जून की रोटी की व्यवस्था कर पाना मुश्किल है।

श्री यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को झटका दिया है लेकिन वह येनकेन प्रकारेण सत्ता पर काबिज हो गयी। भाजपा सरकार का अहंकार अभी भी कम नहीं हो रहा है। भाजपा की नीतियां सिर्फ पूंजीपतियों के लिए है। वह हर समय गरीबों और मध्यम वर्ग की जेब काटने के रास्ते तलाशती रहती है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर बैंक अमीर कर्जदारों को और कर्ज दे रही हैं और उन्हीं के कर्ज भी माफ कर रही है जबकि गरीब किसान के छोटे से छोटे कर्ज पर भी उन्हें प्रताड़ति किया जा रहा है। गरीब किसान अपमानित होकर मजबूरन आत्महत्या करने को विवश हो रहा है।

## झांसी में पीड़ित परिवार से मिली समाजवादी पार्टी की टीम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल 26 जून 2024 को ग्राम बराठा थाना बड़ागांव जिला झांसी पहुंचा जहां बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा संजना कुशवाहा (18 वर्ष) ने छात्रवृत्ति न मिलने से आत्महत्या कर ली थी।

प्रतिनिधिमण्डल ने पीड़िता के परिवार से मिलकर पूरी घटना की विस्तृत जानकारी ली। मृतक संजना कुशवाहा एक होनहार बेटी थी जिसने भाला फेंक में उत्तर प्रदेश में तृतीय स्थान व बुन्देलखण्ड में प्रथम स्थान हासिल किया था और अनेक मेडल जीती थी। वह एक गरीब परिवार की बेटी थी। इसको विश्वास था कि सरकार द्वारा उसे पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति मिलेगी और वह अपनी पढ़ाई पूरी कर पायेगी। परन्तु वह बिटिया सरकार के लचर सिस्टम और गरीबी के बीच अपनी जिंदगी हार गई।

प्रतिनिधिमण्डल ने परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाधिकारी से मिलकर दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कठोर कार्यवाही करने की मांग की। प्रतिनिधिमण्डल में अनिल प्रधान विधायक चित्रकूट, श्रीराम पाल पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, इं. विनीत कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा, दीपनारायण यादव पूर्व विधायक, सतीश जतारिया पूर्व विधायक, बृजेन्द्र भोजला जिलाध्यक्ष झांसी, जगमोहन यादव, प्रज्वल यादव आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

**पहल** उप्र में यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस–टेक) को लागू करने की दिशा में योगी सरकार ने उठाया कदम

# सूबे में 'यस-टेक प्रक्रिया' को लागू कर किसानों तक पहुंचेगा बीमा का लाभ

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** फूड बास्केट ऑफ इंडिया के तौर पर देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की पहचान को प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने अब प्रदेश के किसानों की फसलों की सुरक्षा को लेकर एक नया कदम उठाने जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब प्रदेश में यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस-टेक) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है।

इस प्रक्रिया के साथ ही रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के अंतर्गत फसलों की मॉनिटरिंग व रखरखाव की प्रक्रिया को दुरुस्त करने की दिशा में भी योगी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं।

» सीएम योगी की मंशा अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना हुई क्रियान्वित

» प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कार्य को किया जाएगा पूरा

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की फसलों को मौसमी आपदाओं से बचाने, किसानों को फसलों का बीमा उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों के निरीक्षण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। अब इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए कृषि विभाग ने प्रदेश में यस टेक को लागू करने के लिए टेक्नोलॉजी इंप्लिमेंटेशन पार्टनर (टीआईपी) की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



**75 जिलों में प्रक्रिया को लागू करने की तैयारी**

कृषि विभाग ने प्रदेश के 75 जिलों में रबी व खरीफ सीजन की फसलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन को लेकर इस प्रक्रिया की शुरुआत की है। यस-टेक प्रक्रिया के जरिए आरडब्ल्यूबीसीआईएस को लागू करने में मुख्यतः गेहूं व धान की फसलों पर फिलहाल फोकस किया जा रहा। इस दौरान वर्ष 2023-24, 2024-25 व वर्ष 2025-26 के आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इन आंकड़ों को यस टेक मैनुअल-2023 के आधार पर संकलित किया जाएगा।

मॉड्यूल के विकास के बाद अन्य बीमित फसलों को भी इससे जोड़ा जा सकता है। प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 5 सीजन के एसेसमेंट पीरियड के हिसाब से रिपोर्ट को तैयार किया जाएगा जिसमें मिड सीजन रिपोर्ट (एमएसआर) व एंड सीजन रिपोर्ट (ईएसआर) का भी संकलन किया जाएगा। इन सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए टीआईपी द्वारा मशीन लर्निंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉड्यूल को कार्य में लाया जाएगा।

**ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों की बीमा प्रक्रिया को मिलेगा बल**

प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ सभी किसानों को मिले इस उद्देश्य से सीएम योगी की मंशा अनुरूप क्रियान्वित की गई योजना के अनुसार सभी जिलों में फसलों को ग्राम पंचायत स्तर पर बीमित करने और किसानों को बीमा कवर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं, पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के जरिए भी किसानों को लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस प्रक्रिया में बीमित खरीफ फसल के तौर पर केला, मिर्च व पान तथा रबी फसल के तौर पर टमाटर, शिमला मिर्च, हरी मटर व आम को वरीयता दी गई है। केले के लिए 30 जून, मिर्च के लिए 31 जुलाई, पान के लिए 30 जून, टमाटर के लिए 30 नवम्बर, शिमला मिर्च के लिए 30 नवम्बर, हरी मटर के लिए 30 नवम्बर तथा आम के लिए फसलवार बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

# राजधानी में एक घंटे की तेज बारिश ने भिगोया

## मानसून की पहली बारिश से खुशी लोगों के चेहरे पर साफ झलकी, कई इलाकों में हुई तेज हवाओं के साथ बरसात





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में एक घंटे से ज्यादा समय तक जोरदार बारिश हुई। कई इलाकों में घुटने तक पानी भर गया। बच्चे सड़क पर पानी में मस्ती करते दिखे। लोग सड़कों पर भीगते नजर आए। सड़कों पर भारी जाम लग गया।

मौसम सुहाना हो गया है। भीषण गर्मी से राहत मिली। बारिश और तेज हवाओं के बीच कुछ इलाकों में बिजली काट दी गई है। मानसून की पहली बारिश से लोग खुश दिखे। शाम को ऑफिस से छूटने और बाजार का समय होने की वजह से सड़क पर लोगों की भीड़ दिखी। बारिश में लोग सड़कों पर खड़े होकर भीगते नजर आए। बारिश के बीच 40 किमी. की तेज रफ्तार से हवायें चलीं। हवाओं में काफी ठंडक रही। चौक के मुफ्तीगंज इलाके में घुटने तक पानी भर गया। पानी में बच्चे खेलते नजर आए। एक-दूसरे पर जमकर पानी फेंका। वहीं इंदिरा नगर के कुकरैल बंधे के पास आम्रपाली इलाके में बारिश के दौरान भी बच्चे झूमते नजर आये। तेज बारिश के बाद लखनऊ की सड़कों पर जाम लग गया। शाम हजरतगंज, परिवर्तन चौक, शहीद स्मारक, डालीगंज, मेडिकल कॉलेज चौराह, चौक, इमामबाड़ा, बुद्धेश्वर चौराहा, अकबरीगेट नक्खास समेत शहर के अलग-अलग इलाकों में भारी जाम लग गया है। इसके अलावा नए शहर में लखनऊ में लोहिया पथ, कमता, चिनहट चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, पत्रकारपुरम और विभूतिखंड इलाके में भी सड़कों पर भारी जाम लगा रहा। लखनऊ में मानसून की पहली बारिश से लोगों के चेहरे खिल उठे। मौसम विभाग ने आज आंधी और बारिश का अलर्ट की बात कही गई थी। इनमें 36 जिलों में ऑरेंज और 39 जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी जारी की गई थी।

# फर्जी सीबीआई अधिकारी गिरफ्तार

## डरा–धमकाकर करता था ठगी, क्राइम ब्रांच की मदद से पुलिस ने आरोपी को उठाया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में डॉक्टर दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर 2.71 करोड़ की ठगी किए जाने के मामले में क्राइम ब्रांच और साइबर क्राइम सेल की संयुक्त टीमों ने तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान जालसाजों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। हालांकि, पुलिस की गिरफ्त में आए एक जालसाज ने पूर्व में 43 लाख रुपये की ठगी की थी। फिलहाल, पुलिस जालसाजों के नेटवर्क के साथ उनकी बैंक डिटेल्स समेत अन्य जानकारी भी जुटा रही है।

गौरतलब है कि बीते 09 जून को हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत शालीमार होम्स पटियाला निवासी दीपा रस्तोगी के मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल रिसीव करते ही फोनकर्ता ने खुद को एसबीआई कस्टमर केयर सर्विस डिपार्टमेंट का कर्मचारी बताते हुए बातचीत की।

इस दौरान फोनकर्ता ने कहा कि गत 02 अप्रैल को इश्यू किए गए क्रेडिट कार्ड से करीब 01 लाख 09 हजार रुपये की खरीदारी की गई है। शिकायत पर किए जाने की बात सुनकर फोनकर्ता ने कॉल को ट्रांसफर कर दिया। तभी पीड़िता के मोबाइल पर एक वीडियो कॉल आई। जिसमें एक शख्स पुलिस की वर्दी पहनकर उनसे बातचीत करने लगा। इस दौरान फोनकर्ता ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए अपनी पहचान रवि कुमार के रूप में दी। फिर उसने पुलिस का फर्जी आईडी कार्ड भी दिखाया। इसके बाद जालसाज ने महिला को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। कहा कि उनकी आईडी का गलत इस्तेमाल किया गया है। आधार कार्ड मांगते हुए महिला के वाट्सएप पर एक अरेस्ट वारंट भेज दिया। फिर जालसाज ने मनी लॉन्ड्रिंग का सस्पेक्ट होने की वजह से तीन दिनों को महिला को डिजिटल अरेस्ट में रखा। इस दौरान जालसा बैंक से रुपया भी ट्रांसफर कराते रहे और धमकी देते कि हमारे आदमी घर के तीन किलोमीटर के दायरे में घूम रहे हैं। अगर किसी से शिकायत की तो वो आकर गिरफ्तार कर लेंगे। अगर बात लीक किया तो जेल हो जाएगी। अभी आपका अरेस्ट वॉरेंट होल्ड पर रखा गया है।



म्युचुअल फंड तक रिडीम करने को कहाइसके बाद 10 जून से 13 जून तक अलग-अलग अकाउंट में आरटीजीएस के जरिए 2 करोड़ 71 लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिया। इसके बाद म्युचुअल फंड की भी जानकारी ली। उसे रिडीम करके ट्रांसफर करने को कहा। हर 2 घंटे पर सुरक्षित होने की अपडेट और बाहर आने जाने की जानकारी लेती रही। तब पता चला कि ठगी होने का पता चला। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जटी है।

डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि सर्विलांस की मदद से पुलिस ने आगरा जनपद के एत्मादौला निवासी यशपाल, कमलानगर निवासी केशव गोयल और ट्रांस यमुनानगर निवासी संकेत कुमार की गिरफ्तारी की है। पुलिस की गिरफ्त में आए तीनों जालसाज ग्रेजुएट है। फिलहाल, पुलिस जालसाजों के नेटवर्क के साथ उनकी बैंक डिटेल्स समेत अन्य जानकारी भी जुटा रही है।

# एलडीए ने गोसाईंगंज में अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

## गुडम्बा में अवैध निर्माण सील किया गया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण/प्लाटिंग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को प्रवर्तन दस्ते ने गोसाईंगंज क्षेत्र में 02 स्थानों पर चल रही अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। वहीं, गुड़म्बा में कुर्सी रोड पर 01 अवैध निर्माण को सील किया गया।

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि बंशीलाल पुत्र अनन्त राम द्वारा गोसाईंगंज में नगराम रोड पर स्थित दाउद नगर की भूमि खसरा संख्या-698, 704 व 613 पर लगभग 04 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अनियोजित कालोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा हीरा लाल व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के दाउद नगर में भूमि खसरा संख्या-717 पर एच0टी0 लाइन के बगल में लगभग 01 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। इसके अनुपालन में



सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता विपिन बिहारी राय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। इस दौरान निजी विकासकर्ताओं द्वारा स्थल पर निर्मित की गयी सड़कें, बाउन्ड्रीवॉल, नाली व भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए ईंट से किये गये चिनाई आदि के कार्य को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि एलहाम सिद्दीकी व अन्य द्वारा गुड़म्बा में कुर्सी रोड स्थित टेढ़ी पुलिया में भूखण्ड संख्या-4 पर लगभग 700 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य करवाया जा रहा था।

## एक नजर

### चौक बड़ा इमामबाड़ा से हटेगी फूल मंडी



**लखनऊ।** राजधानी के बड़ा इमामबाड़ा फूलमंडी को हटाने की तैयारी हो रही है। हुसैनाबाद ट्रस्ट ने एक नोटिस जारी कर व्यापारियों को जल्द मंडी से दुकानें शिफ्ट करने का निर्देश दिया है। इसके बाद व्यापारियों और फूल किसानों की चिंता बढ़ गई है। ट्रस्ट ने बताया कि यह संपत्ति हमारी है। 2001 में फूल व्यापार कल्याण समिति को लीज पर दिया गया था। लीज का समय पूरा होने का बाद इसे हटाने का आदेश दिया गया है। विभूति खंड स्थित किसान बाजार में दुकानों को शिफ्ट किया जाएगा। मंडी के फूल विक्रेता मोहम्मद अयाज वह कहते हैं कि यह मंडी यूपी की सबसे पुरानी और बड़ी है। राम मंदिर में जब प्राण–प्रतिष्ठा हुई तब दो बार यहीं से फूल अयोध्या भेजा गया था। इसके अलावा लखनऊ में आने वाले नेताओं के स्वागत के साथ साथ यहां के मंदिर और दरगाहों में भी यहीं से फूल जाता है। अयाज कहते हैं कि यूपी आने वाले सभी बड़े नेताओं के स्वागत के लिए यहीं से फूल जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, मंत्री लालजी टंडन समेत लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह समेत तमाम नेताओं के लिए फूल और माला यहां से जाता है। ऐसे में यह एक अपने आप में ऐतिहासिक मंडी है। फूल व्यापारी कल्याण समिति के सचिव मोहम्मद अय्यूब का कहना है कि साल 2001 में बड़े इमामबाड़ा के पीछे फूल मंडी विस्थापित की गई। इससे पहले फूल वाली गली में यह मंडी लगती थी। 2010 में शासन की ओर से पहला नोटिफिकेशन जारी हुआ था। तब कहा गया था कि मंडी को किसान बाजार में शिफ्ट किया जाए। उस समय किसानों के विरोध से मामला शांत हो गया था। नवंबर 2023 में में भी हुसैनाबाद ट्रस्ट की ओर से नोटिस जारी हुआ था। तब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से किसानों ने मुलाकात कर अपनी समस्या सुनाई थी। पाठक ने किसानों और व्यापारियों को आश्वासन दिया था कि मंडी नहीं हटेगी लेकिन गुरुवार को फिर से हुसैनाबाद ट्रस्ट ने फूल मंडी को हटाने का नोटिस जारी किया है।

### आत्महत्या का प्रयास कर रही युवती को बचाया

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार थाने की पुलिस ने पिछले 48 घंटे में दो परिवारों के चेहरे पर मुस्कान वापस ला दी। शुक्रवार को जहां एक युवती को आत्महत्या करने से बचाया। वहीं, गुरुवार को चार बच्चियों को बदायूं से सकुशल बरामद किया था। प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी के मुताबिक महिला हेल्पलाइन (1090) से शुक्रवार को सूचना मिली कि जनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नंबर–7 के पास एक युवती आत्महत्या करने जा रही है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। आत्महत्या की बात कहने वाली युवती को पार्क के अंदर से बरामद किया। उसके परिजनों को थाने बुलाया। परिजन ने पुलिस को बताया कि युवती मानसिक रूप से बीमार है। पुलिस ने करीब दो घंटे की काउंसिलिंग की। इसके बाद पिता और भाई को सुपुद कर दिया। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि बुधवार रात को सूचना मिली की चार बच्चियां गायब हो गई हैं। पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी दर्ज की। इसके बाद टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पांच टीमों को बच्चियों की तलाश में लगाया गया। पुलिस को सूचना मिली की बच्चियों की लोकेशन बदायूं में है। इसके बाद टीम बदायूं के लिए रवाना की गई। गुरुवार देर शाम को पुलिस टीम ने चारों बच्चियों को बदायूं से सकुशल बरामद कर लिया।

### लखनऊ में ओवैसी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग



**लखनऊ।** एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ अखिल भारत हिंदू महासभा ने प्रदर्शन किया। महासभा के सदस्यों ने हजरतगंज कोतवाली में पहुंचकर नारेबाजी की। ओवैसी पर आरोप है कि उन्होंने लोकसभा में शपथ ग्रहण के दौरान जय फिलस्तीन का नारा लगाया था। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र एसीपी हजरतगंज को सौंपा गया। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने अपने साथियों के साथ हजरतगंज कोतवाली में असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी भी की। महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि हैदराबाद से जनप्रतिनिधि के रूप में चुने गए ओवैसी लोकसभा में हिंदुस्तान जिंदाबाद, संविधान की जय नहीं बोलते। लेकिन देश विरोधी नारा लगाते हैं। शिशिर ने कहा कि ये भारत की विदेश नीति के खिलाफ जाकर जय फिलिस्तीन बोलना गलत है। शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि लोकसभा में ओवैसी के रवैए से देश भर के लोग आहत हैं। उनका नारा दर्शाता है कि ओवैसी देश की अखंडता के लिए खतरा हैं। शिशिर ने कहा कि ओवैसी को वंदे मातरम और भारत माता की जय बोलने में शर्म आती है। मगर देश को अपमानित करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ते हैं। ज्ञापन सौंपकर सदस्यता रद्द करने की मांग एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए शिशिर चतुर्वेदी ने ओवैसी के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। साथ ही उनकी संसद सदस्यता रद्द करने की भी मांग हुई। महासभा के कार्यकर्ताओं ने धमकी दी कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो पूरे भारत में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### सरिया हो गई थी आर-पार, शरीर का यह अंग भी हो सकता था खराब

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकों ने युवक के कांख को चीरते हुए कंधे से निकली सरिया को जटिल ऑपरेशन कर बाहर निकालने में सफलता पाई है। युवक अब पूरी तरह से स्वस्थ है। उसका हाथ भी पहले की तरह काम कर रहा है। उन्नाव निवासी रामकिशोर (37) बीते 25 जून को मकान की छत से लोहे की सरिया पर गिर गए थे। सरिया बाएं कांख को चीरते हुए कंधे से बाहर निकल गई थी। परिजन आनन–फानन में उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां से उसे केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा की इमरजेंसी में डॉक्टरों ने देखा और फौरन ऑपरेशन करने को कहा। खून अधिक बह जाने के कारण मरीज की हालत और गंभीर हो गई थी। ट्रॉमा सर्जरी विभाग के डॉ. समीर मिश्र के निर्देशन में इलाज शुरू हुआ। डॉ. समीर ने बताया कि सर्जरी जटिल थी, लेकिन मरीज सुबह के समय ट्रामा सेंटर आया था, सभी डॉक्टर मौके पर मौजूद थे,बिना समय गंवायें मरीज की सर्जरी शुरू की गई। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद सरिया निकालने में सफलता मिली। ऑपरेशन के बाद मरीज की तबीयत ठीक है। डॉ. समीर मिश्रा, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. आकांक्षा, डॉ. अंजना, डॉ. अमन और डॉ. विशाल व एनस्थीसिया टीम में डॉ. सरिता, डॉ. दीपाली, डॉ. अंजलि समेत अन्य डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ ने सहयोग किया।

### महिलाकर्मी की अश्लील फोटो एडिट कर सिपाही को भेजी

**लखनऊ।** पुलिस महकमें में तैनात महिला कर्मी की अश्लील फोटो एडिट कर सिपाही के पास भेजने का मामला सामने आया है। पीड़ित सिपाही ने मदेयगंज कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी की पहचान का प्रयास कर रही है। इंस्पेक्टर राजेश सिंह के मुताबिक, जनपद फतेहपुर निवासी मुख्य आरक्षी पवन कुमार सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 26 जून को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से तीन महिलाओं का अश्लील फोटो शेयर किया गया। इसमें एक महिला की फोटो न्यूड थी। इसके बाद एक टेक्स्ट मैसेज भेजा गया, जिसमें पवन के बारे में अश्लील शब्द लिखे थे।पवन के मुताबिक, न्यूड फोटो राजधानी में तैनात पुलिस महकमे की कर्मी की थी। उससे संपर्क कर पूरा प्रकरण बताया। जांच में पता चला कि फोटो एडिट कर शेयर की गई है। इंस्पेक्टर ने बताया मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# अकबरनगर के विस्थापितों के लिए बसन्तकुंज में लगा शिविर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-आई में विस्थापित किये गये अकबर नगर प्रथम व द्वितीय के अध्यासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार से वहां दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय लोगों को बिजली, पानी, शिक्षा, रोजगार, खाद्यान्न व ऋण आदि उपलब्ध कराने के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की टीम उपस्थित रही। इस दौरान प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही योजना का निरीक्षण करके अधिकारियों को साफ-सफाई व अवशेष कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये।



लखनऊ विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि विस्थापितों की सहूलियत के लिए लगाये गये इस कैम्प में प्राधिकरण के अलावा जिला उद्योग केन्द्र, विद्युत नगरीय वितरण, जिला आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, डूडा, श्रम विभाग व लीड बैंक के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आधार कार्ड में निवास स्थान आदि संशोधन कराने के लिए यू0आई0डी0ए0आई0 की टीम भी मौजूद रही।

कैम्प में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने रोजगार के अवसरों व बैंक लोन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शिविर में आकर स्थानीय लोगों से सीधा संवाद किया और लोगों की समस्याओं के निस्तारण के सम्बंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह शिविर शनिवार को भी आयोजित किया जाएगा। सभी लोग इस कैम्प का लाभ उठाकर अपनी जरूरत के मुताबिक कार्य निष्पादित करा सकते हैं।

इस क्रम में उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास के प्रत्येक ब्लॉक का निरीक्षण करके विकास कार्यों व सुविधाओं का जायजा लिया। इसमें सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित कर्मचारियों व ठेकेदारों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि सफाई कर्मियों की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए एक सप्ताह के अंदर सम्पूर्ण परिसर की साफ-सफाई करा ली जाए। साथ ही बारिश के मद्देनजर नाली व नालों की सफाई भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करा ली जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि योजना में जो भी कार्य शेष रह गये हैं, उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करा लिया जाए। इस मौके पर अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, विशेष कार्याधिकारी रवि नंदन सिंह, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं नीरज कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सुल्तानपुर रोड पर प्रस्तावित वेलनेस सिटी व आई0टी0 सिटी के लिए मुआवजे की दरें की निर्धारित

# राजधानी में चार नयी आवासीय योजनाओं की सौगत मिलेगी जल्द

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी को जल्द ही चार नयी आवासीय योजनाओं की सौगात मिलेगी। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पूरा खाका तैयार कर लिया है। इसके तहत सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी, आई0टी0 सिटी, मोहान रोड पर एजुकेशनल सिटी (मोहान रोड योजना) व आई0आई0एम0 रोड पर प्रबंध नगर योजना विकसित की जाएगी। ये कालोनियां विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होंगी और यहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शिक्षण संस्थान, ग्रुप हाउसिंग, मॉल, होटल, मनोरंजन केन्द्र, इन्डस्ट्रियल एरिया आदि के साथ ही विस्तृत क्षेत्रफल में ग्रीनरी और वाटर बॉडी होंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब ने इन योजनाओं के लिए जमीन जुटाने के सम्बंध में तैयार किये गये प्रस्ताव को प्रारम्भिक मंजूरी दे दी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा राजधानी में जल्द ही चार नयी आवासीय योजनाएं लांच की जाएंगी। इसमें मोहान रोड योजना (एजुकेशनल सिटी), वेलनेस सिटी, आई0टी0 सिटी व प्रबंध नगर योजना शामिल हैं। इसमें से मोहान रोड योजना के आंतरिक विकास के लिए प्रथम चरण में 225 करोड़ रूपये का टेंडर भी जारी कर दिया गया है। जिससे योजना में सड़क, सीवर, जलापूर्ति, विद्युतिकरण व डेनेज आदि का कार्य कराया जाएगा। ग्राम-प्यारेपुर व कलियाखेड़ा की जमीन पर विकसित की जा रही मोहान रोड योजना के मुआवजे के सम्बंध में प्रस्ताव तैयार करा लिया गया है, जिस पर आगामी बोर्ड बैठक में निर्णय ले लिया जाएगा। इसके अलावा वेलनेस सिटी व आई0टी0 सिटी के लिए लैंड बैंक तैयार करने को लेकर भी तेजी से काम चल रहा है। इसके लिए मुआवजे की दरें निर्धारित कर दी गयी है और किसानों से समझौते, भू-अधिग्रहण व लैंड पूलिंग के आधार पर जमीन जुटायी जाएगी। वहीं, प्रबंध नगर योजना के सम्बंध में प्राधिकरण के स्तर से किसानों के साथ वार्ता चल रही है। शीघ्र ही दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर समस्त वादों का निस्तारण कराकर योजना में विकास कार्य शुरू कराया जाएगा।

### मोहान रोड योजना (एजुकेशनल सिटी)

उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम-प्यारेपुर व कलियाखेड़ा की 785.02 एकड़ अर्जित भूमि पर 1544 करोड़ रूपये की लागत से मोहान रोड योजना का विकास किया जाएगा।



इसे चंडीगढ़/पंचकुला की तरह ग्रिड पैटर्न पर विकसित किया जाएगा। योजना में 74.25 एकड़ क्षेत्रफल में एजुकेशनल सिटी और 42 एकड़ भूमि पर सेंट्रल पार्क बनाया जाएगा, जबकि लगभग 45,000 वर्गमीटर क्षेत्र में वाटर बॉडी होगी। योजना में कुल 08 सेक्टर बनाये जाएंगे, जिसके प्रत्येक सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सेक्टोरल शॉपिंग सेंटर एवं वेन्डरों के लिए अलग से जगह का प्रावधान होगा। साथ ही सभी बड़े चैराहों पर रोटरी विकसित की जाएगी, जिसमें बायीं ओर मुड़ने वाले ट्रैफिक को फ्री-पास दिया जाएगा। योजना में 112.50 वर्गमीटर से 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 2532 आवासीय भूखण्ड के साथ ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखण्ड सृजित किये जाएंगे।

### वेलनेस सिटी

सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम-बक्कास, चैरहिया, चैरासी, मलूकपुर, दुलारमऊ एवं नूरपुर बेहटा की लगभग 1474 एकड़ जमीन पर वेलनेस सिटी लायी जाएगी। इसे मेडी सिटी की तरह विकसित किया जाएगा, जहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज, डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ विपासना केन्द्र व मेडिटेशन सेंटर आदि होंगे। इसके अलावा शहर के व्यस्ततम बाजार में शुमार अमीनाबाद मेडीसिन मार्केट को भी वेलनेस सिटी में स्थानांतरित करने का प्रावधान किया गया है, जिसके लिए अलग से भूखण्ड नियोजित किये गये हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से महज 0.5 किलोमीटर की दूरी पर प्रस्तावित इस योजना में ट्रैफिक निर्बाद्ध रूप से संचालित हो, इसके लिए 60 मीटर से 24 मीटर चैड़ी सड़कें विकसित की जाएंगी। योजना में सप्त ऋषियों के नाम से सात सेक्टर बनाये जाएंगे, जिनमें 112.50 वर्गमीटर से 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 2935 आवासीय भूखण्ड के साथ ही ग्रुप हाउसिंग व व्यावसायिक उपयोग के बड़े भूखण्ड नियोजित किये जाएंगे।

### आई0टी0 सिटी

सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के मध्य लगभग 2086 एकड़ भूमि पर आई0टी0 सिटी विकसित की जाएगी, जोकि अपनी सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए काफी उपयोगी होगी। योजना में हाईटेक प्रौद्योगिकी पार्क, ग्लोबल बिजनेस पार्क, साइंस एवं इंजीनियरिंग उपकरण क्षेत्र, सुपर स्पेशलिटी मेडिकल जोन आदि के लिए भूखण्ड नियोजित किये जाएंगे। योजना में 72 वर्गमीटर से 1250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 4025 आवासीय भूखण्ड सृजित किये जाएंगे, जिसमें से सर्वाधिक 1848 भूखण्ड 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे। आई0टी0 सिटी को इस तरह विकसित किया जाएगा, जिससे अधिकतम निजी निवेश आकर्षित हो। इसके लिए योजना में 360 एकड़ का इन्डस्ट्रियल एरिया व व्यावसायिक गतिविधि के लिए 64 एकड़ क्षेत्रफल आरक्षित किया गया है। साथ ही लगभग 15 एकड़ क्षेत्रफल में फैली वाटर बॉडी योजना की पहचान बनेगी।

### प्रबंध नगर योजना

आई0आई0एम0 रोड पर ग्राम-घैला, अल्लूनगर डिगुरिया व ककौली की कुल 2077 एकड़ भूमि पर प्रबंध नगर योजना विकसित की जाएगी। योजना के विकास में 4500 करोड़ रूपये का खर्च आएगा। इसमें लगभग 20 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में आवासीय उपयोग, जबकि लगभग 7 लाख वर्गमीटर एरिया में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। इसके अलावा 14 लाख 58 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल का इन्डस्ट्रियल एरिया और 7 लाख वर्गमीटर मिश्रित भू-उपयोग का प्रावधान किया गया है। साथ ही 18 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में वाटर बॉडी, ग्रीन बेल्ट व पार्क आदि विकसित किये जाएंगे।

### चोरों ने लेखपाल समेत तीन लोगों के घरों से समेटा लाखों का सामान

**लखनऊ।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में चोरों ने लेखपाल समेत तीन लोगों के घरों को निशाना बनाते हुए गहने और नकदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया। पीड़ितों ने प्रार्थना-पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। चिनहट के विमलनगर निवासी लेखपाल उमेशचंद्र पाठक ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि वर्तमान में वह बाराबंकी में तैनात हैं। 22 जून की रात अवैध खनन की सूचना पर वह छापेमारी के लिये बाराबंकी घर में ताला बंद कर निकले थे। देर रात लौटे तो मेनगेट, कमरों और अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर गहने और करीब 2.35 लाख नकदी चुरा ले गए। उधर, अलीगंज थाना क्षेत्र के सेक्टर सी निवासी अनिल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार दोपहर मकान में ताला बंद कर पत्नी के साथ बाजार गए थे। खरीदारी कर लौटे तो मेन गेट का लगा ताला टूटा था। चोर अलमारी में रखे गहने और नकदी चुरा ले गये। इधर, कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के साकेतपुरी निवासी शिवम पटेल ने पुलिस को बताया 20 जून को पत्नी के साथ घर में ताला बंद कर गोवा गए थे। मंगलवार को लौटे तो घर के ताले टूटे मिले और नकदी व गहने चोरी हो चुके थे।

# नशीले पदार्थों का सेवन जीवन से खिलवाड़ है : मंडलायुक्त

## मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने की तंबाकू व पॉलिथीन की समस्या पर बैठक

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में तंबाकू उत्पाद व पॉलिथीन प्रतिबंधित करने के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार कार्यालय में आहूत किया गया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

> ● शिक्षण संस्थाओं की 100 मीटर दूरी तक तम्बाकू से निर्मित अन्य उत्पादों का प्रदर्शन व विक्रय करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये : मंडलायुक्त



बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि जितने भी नशीले पदार्थ हैं वह सभी शरीर को बहुत नुकसान पहुंचाते हैं। मादक पदार्थों का सेवन करने वाले लोग नशे के लिए कई दावों का भी सेवन करते हैं। नशे के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाइयां मानसिक एवं गंभीर शारीरिक बीमारियां पैदा करती हैं। उन्होने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव के बारे में लोगो जागरुक करते हुए नशे की बुरी आदत से दूर रखें। नशीले पदार्थों का सेवन जीवन से खिलवाड़ है।

मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि तम्बाकू एवं तम्बाकू से निर्मित अन्य उत्पादों का प्रदर्शन सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट एंड अदर टोबेको प्रोडक्ट अधिनियम (COTPA) के प्राविधानों के तहत अनुमन्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, मुख्य चौराहों व मार्गों पर गुमटियों, दुकानों में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री झालर के रूप में प्रदर्शित करते हुए जहाँ कहीं भी विक्रय किया जा रहा है, उसे तत्काल बन्द कराया जाय तथा नोटिस एवं जुर्मानें की कार्यवाही की जाय। मंडलायुक्त ने एमडी सिटी ट्रांसपोर्ट को निर्देश देते हुए कहा की बसो पर स्टीकर व स्लोगन के माध्यम से तंबाकू नियंत्रण निषेध का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। शिक्षण संस्थाओ की 100 मीटर दूरी तक तम्बाकू से निर्मित अन्य उत्पादों का प्रदर्शन/विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्यवाही किया जाए।उक्त के पश्चात मंडलायुक्त ने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ व रोकथाम हेतु वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाए। जिन दुकानों व ठेलो पर पॉलिथीन मिले उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए भारी जुर्माना लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

सिंगल यूज प्लास्टिक के थोक विक्रेताओ को चिन्हित करते हुए, उनके गोदाम पर उपलब्ध पॉलिथीन को सीज करने की कार्यवाही करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।

# रेलवे के निजीकरण और निगमीकरण का विरोध शुरू

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** रेलवे के निजीकरण का विरोध कर्मचारियों ने किया है। नॉर्दन रेलवे मजदूर यूनियन की बैठक में निगमीकरण और निजीकरण का विरोध किया गया। महामंत्री केएल गुप्त ने निजीकरण, निगमीकरण और नई पेंशन योजना के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार रेलवे को निजी हाथों में सौंप रही है। रेलवे को छोटे-छोटे टुकड़ों में बताकर निजीकरण करने का प्रयास कर रही है, लेकिन कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार को सत्ता से बेदखल करने में भागीदारी निभाई थी। केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने डीआरएम से लखनऊ मंडल मे काम कर रही महिलाओं के लिए कामन रूम बनाने की मांग की।

> » महामंत्री केएल गुप्ता के नेतृत्व में यूनियन ने आंदोलन की दी चेतावनी

कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार को रेलवे मजदूर की मंडल मंत्री आरएन गर्ग ने अंग वस्त्र, पहना कर और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस अवसर केंद्रीय महामंत्री केएल गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर लखनऊ, बनारस डिवीजन और इज्जतनगर के मंडल मंत्री गोंडा डीजल लॉबी, मैलानी, सीतापुर, तथा मुख्यालय गोरखपुर, यांत्रिक कारखाना के प्रतिनिधि मौजूद रहे। केंद्रीय सहायक मंत्री ओमकार सिंह, केंद्रीय कोषाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, इज्जत नगर मंडल मंत्री कामरान अहमद भी मौजूद रहे।




## एक नजर

### अब तो दिखते नहीं सफाई कर्मी, गांवों में नजर आने लगा गंदगी का अंबार



**काकोरी।** ब्लॉक काकोरी के ग्राम पंचायत कुसमौरा में सफाईकर्मी की उदासीनता के कारण नालियां गंदगी से भरी पड़ी इन नालियों से गन्दा पानी रोड के ऊपर से बहने लगा है। जिससे ग्रामीणों को निकलना पड़ रहा है। पास में बने विद्यालय में छात्रों व अध्यापकों को इसी गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में इन नालियों के गंदे पानी से बीमारियों का प्रकोप बढ़ने का डर ग्रामीणों को सताने लगा है। दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि सफाईकर्मी सिर्फ एक दो घरों जी सफाई करके चला जाता है पूरे गांव की सफाई कई महीनों से नही हुई है। नालियों में कूड़ा करकट भर गया है। इस संबंध में एडीओ पंचायत काकोरी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की डियूटी निर्वाचन में लगी थी जिससे गांवों में सफाई नही हो पा रही थी एक अप्रैल से सफ़ाई शुरू कराई जाएगी।

### रेनु यादव ने अभिषेक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**लखनऊ।** उन्नाव जिले के मोहान निवासी रेनू यादव ने बिजनौर के परवर पश्चिम स्थित गढ़ी मवैया निवासी अभिषेक यादव के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेनू का कहना है कि उसका उसके पति से कोर्ट में केस चल रहा था। जहां समझौता करा कर उसका पति दोबारा मारपीट न करने की बात कहते हुए उसे अपने साथ अपने घर ले गया। लेकिन आरोप है कि वह शराब के नशे में धुत होकर आए दिन अपनी पत्नी को मारता पीटता है। पीड़िता का कहना है कि पति द्वारा प्रतिदिन यह धमकी दी जाती है कि अगर गुजारा भत्ता का मुकदमा न्यायालय से वापस नहीं लिया तो उसे जान से मार देगा। फिलहाल पीड़िता रेनू की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### महेश ने परिवार के ही कई लोगों पर चोटिल करने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**लखनऊ।** बिजनौर के अलीनगर खुर्द में रहने वाले महेश ने अपने परिवार के ही अंकित, कुलदीप, सन्नी और हरिश्चंद्र के खिलाफ गाली–गलौज, मारपीट व पत्थरों से मारकर चोटिल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महेश का कहना है कि 24 जून को रात करीब 11:30 बजे शराब के नशे में धुत अंकित उसके घर के सामने काफी देर तक गाली देता रहा। जब पीड़ित महेश ने अपने घर का दरवाजा खोला तो अंकित, कुलदीप, सन्नी और हरिश्चंद्र ने मिलकर लाठी डंडों व पत्थरों से उसके ऊपर हमला कर दिया। आरोप है कि पीड़ित की बहुएं बचाने दौड़ी तो उनको भी मारा पीटा। जिससे वह भी चोटिल हो गई। फिलहाल इस मामले में बिजनौर पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### मजदूरी का पैसा मांगने पर कुल्हाड़ी से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** बिजनौर के भक्ति खेड़ा निवासी रामू ने गांव के ही सुभाष और उसके पिता अर्जुन पर मजदूरी का पैसा मांगने पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामू का कहना है कि बीती 26 जून को रात करीब 8:30 बजे वह अपनी मजदूरी का पैसा मांगने अर्जुन के पास गया। जहां अर्जुन और उसके बेटे सुभाष ने गाली गलौज शुरू कर दी। साथ ही अर्जुन ने कुल्हाड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया। आरोप है कि जब पीड़ित ने शोर मचाया तब उसका भाई श्यामू उसे बचाने दौड़ा। लेकिन आरोपियों ने उसे भी मारा पीटा। इस घटना में रामू के सिर पर गहरा घाव होने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसका लोक बंधु अस्पताल में इलाज कराया गया। उधर इस मामले में सुभाष रावत ने गांव के ही श्याम रावत और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि 26 जून की रात सुभाष और तीन चार अन्य लोग लाठी डंडे लेकर उसके घर में घुस गए। जहां उसे और उसके माता–पिता को बुरी तरह मारा पीटा। साथ ही गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल बिजनौर पुलिस इस मामले में दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लापता किशोर का नहीं लग सका सुराग, गुमशुदगी दर्ज

**लखनऊ।** बिजनौर इलाके से बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता किशोर का अब तक सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर बिजनौर पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बिजनौर के कमलापुर निवासी केशनाथ के मुताबिक उनका छोटा बेटा अनुज यादव (15) बुधवार अपराह्न करीब 2 बजे अचानक कहीं लापता हो गया। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। उसे रिश्तेदारी और परिचितों के यहां ढूंढा। लेकिन अनुज का कहीं कोई अता–पता नहीं चल सका। जिसके बाद केशनाथ ने इसकी सूचना बिजनौर पुलिस को दी। बिजनौर पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर लापता अनुज का पता लगा रही है।

### जमीन खरीद-फरोख्त करने के मामले में 13 लाख 80 हजार रुपए की धोखाधड़ी, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** आलमबाग के छोटा बरहा निवासी सतीश कुमार शुक्ला ने बंथरा के खसरवारा में रहने वाले छोटेलाल और पारा के न्यू दुर्गापुरी निवासी हरिओम मिश्रा के खिलाफ जमीन फरीद फरोख्त करने के मामले में 13 लाख 80 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने की बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित सतीश का कहना है कि उसने 15 फरवरी 2018 को बंथरा के खसरवारा निवासी छोटेलाल की खसरा संख्या –102/2, रकबा लगभग 0.1770 हे. जमीन का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराया था। चूंकि जमीन दलित की थी, इसलिए एग्रीमेंट में उल्लेख किया गया था कि जब वह परमिशन करवा कर सूचित करेंगे तो उसके बाद 6 महीने के अन्दर रजिस्ट्री करवा ली जाएगी। सतीश का कहना है कि यह जमीन हरिओम मिश्रा ने अपने कुछ फायदे के लिए किसान और खरीददार को तथ्यों से भ्रमित कर दिलवाई थी। सतीश के मुताबिक एग्रीमेंट के दौरान अलग–अलग तिथियों में उसने चेक और आरटीजीएस के जरिए 13 लाख 80 हजार रुपए दे दिए। बाद में अप्रैल 2021 को 2000 स्क्वायर फीट की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। लेकिन आरोप है कि इसके बाद उसने रजिस्ट्री कराने के लिए कहा तो दोनों लोग उसे टालते रहे। कुछ दिनों बाद पता चला कि उक्त जमीन 4 जनवरी 2024 को बंथरा के ही कटी बगिया निवासी आनंद मोहन सिंह के नाम कर दी गई। यह जानकारी होने के बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत एसीपी कृष्णा नगर से की। फिलहाल एसीपी के आदेश पर बंथरा पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### ट्रक क्लीनर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लखनऊ।** बंथरा इलाके में गुरुवार रात एक ट्रक क्लीनर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के मोहान निवासी ट्रक क्लीनर संतोष (45) यहीं के रहने वाले ट्रक चालक रामचंद्र के साथ ट्रक लेकर गुरुवार को बंथरा के कटी बगिया स्थित एशियन पेंट गोदाम में माल लोड करने आया था। जहां शाम को दोनों ने एक साथ बैठकर शराब पी। लेकिन उसके कुछ देर बाद ही क्लीनर संतोष की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिससे परेशान ट्रक चालक रामचंद्र ने उसे इलाज के लिए सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने संतोष को मृत घोषित कर दिया। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल उसकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### सड़क किनारे ढक्कन खुला होने पर दुर्घटना की आशंका

**लखनऊ।** नगर निगम की लापरवाही से बीते दिनों सफाई के लिए गौरी बाजार में सड़क किनारे कंक्रीट युक्त ढक्कन हटाकर खोला गया नाला दोबारा बंद नहीं किया जा सका है। जिससे स्थानीय लोगों में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि बीते दिनों जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर –7 में 18 साल उम्र के बच्चे की खुले मैनहोल में गिरकर दर्दनाक मौत हो गई थी। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम विभाग नहीं चेता। उन्होंने बताया कि सरोजनीनगर प्रथम वार्ड के गौरी बाजार में कानपुर रोड किनारे स्थित नाले की सफाई करने के लिए कई सप्ताह पहले नगर निगम विभाग द्वारा नाले पर रखे कंक्रीट के ढक्कन हटाकर उसका मलबा निकाला गया था। इसके बाद मलबा सूखने पर उसे उठा तो लिया गया, लेकिन हटाए गये पत्थरों से नाले को नहीं ढका गया। ऐसे में बाजार आने वाले लोगों के अलावा छोटे–छोटे बच्चों व स्थानीय लोगों सहित जानवरों के नाले में गिरने की आशंका बनी हुई है।

## सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकान व दुकान, दुकानदारों ने मांगा समय

**लखनऊ।** बंथरा में कानपुर रोड किनारे सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकान - दुकान गिराने की कार्रवाई शुक्रवार को फिर हुई। यहां सरोजनीनगर तहसील प्रशासन ने कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर कानपुर रोड किनारे स्थित कई दुकान व मकान जेसीबी से गिरवा दिए। हालाकि कई दुकानदारों ने दुकान खाली करने का समय मांगा, लेकिन भारी पुलिस फोर्स होने के कारण उनकी एक न चल सकी। बताते हैं कि कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण को लेकर बंथरा में कानपुर रोड चौड़ीकरण किया जाना है। इसको लेकर संबंधित विभाग द्वारा सड़क किनारे स्थित मकान और दुकान हटाने के लिए मकान मालिकों और व्यापारियों को कई बार नोटिस दी जा चुकी है। लेकिन उन्होंने अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसकी वजह से नोटिस की समय सीमा खत्म होते ही शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे ही एनएचएआई अधिकारी और तहसील प्रशासन कई थानों की फोर्स लेकर बंथरा पहुंच गया और जेसीबी के जरिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी। लेकिन कार्रवाई शुरू होते ही कई मकान मालिक और व्यापारी इकट्ठा होकर दुकानें व मकान खाली करने का समय मांगने लगे। जहां अधिकारियों ने समय देने से मना कर दिया। इसके बाद सभी व्यापारियों और मकान मालिकों ने अपनी दुकानें व मकान खुद खाली करने शुरू कर दिए। उधर बुलडोजर से अतिक्रमा हटाने का कार्य चलता रहा। फिलहाल आज हुई कार्रवाई में रोड चौड़ीकरण की जद में आ रहे कई दुकान और मकान धराशाई कर काफी हद तक अतिक्रमण हटा दिया गया। बताते चलें कि 3 दिन पहले भी यहां काफी अतिक्रमण हटाया जा चुका है।

## 18 जुलाई तक होंगी यूजी की प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजी की प्रवेश परीक्षा की परीक्षा तिथियां घोषित हो गई हैं। सभी कोर्स की परीक्षाएं मुख्य परिसक में 11 से 18 जुलाई में कराई जाएंगी। सभी अभ्यर्थी आठ जुलाई से अपना प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर लॉगिन आईडी से डाउनलोड कर सकेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवेश विभाग ने गुरूवार को प्रवेश परीक्षा (यूजीईटी) के आयोजन के संबंध में विस्तृत नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें उन्होंने बताया कि परीक्षा का आयोजन दो पालियों में कराया जाएगा। पहली पाली में परीक्षा सुबह 10.30 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी पाली की प्रवेश परीक्षा 2.30 बजे से शाम चार बजे तक होगी। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के संबंध में किसी भी तरह की समस्या या फिर किसी भी तरह की जानकारी के लिए मैत्री भवन स्थित प्रवेश समन्वयक कार्यालय में जा कर संपर्क कर सकते हैं।

# सरकटा नाले की सफाई तीन दिन में पूरी करने का निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** नाला सफाई सही ढंग से हो रही है या नहीं, यह देखने प्रमुख सचिव और नगर आयुक्त निरीक्षण पर निकले। प्रमुख सचिव अमृत अभिजात और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने पुराने लखनऊ में सरकटा नाले की सफाई देखी। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि इसकी सफाई तीन में पूरी करें।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने आसपास रहने वाले लोगों से भी बातचीत की। उन्होंने उन लोगों से कहा कि यह ध्यान रखें कि कोई कूड़ा नाले में न डाले। प्रमुख सचिव ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि इस कार्य में पार्षदों का सहयोग लें। साथ ही नाले के खुले हिस्सों में लोहे की जाली लगाने का निर्देश दिया। प्रमुख सचिव ने सरकटा नाला और बाढ़ पम्पिंग स्टेशन पर एलडीए की ओर से लगाए जा रहे इलेक्ट्रिक मोटर पंप अगले पांच दिनों में चालू करने को कहा। प्रमुख सचिव ने दौलतगंज के पूर्व




पार्षद राम औतार कनौजिया समेत अन्य लोगों से बात की। इसके बाद उन्होंने राजाजीपुरम से गुजरने वाले हैदर कैनाल नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान केन्द्रीय कार्यशाला की ओर पोकलैंड मशीन से सफाई कार्य होता मिला।

प्रमुख सचिव ने पांच दिनों में हैदर कैनाल नाले की सफाई का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

## गुड़ंबा कोतवाली में एसएसआई से मारपीट युवक धरा गया

**लखनऊ।** गुड़ंबा कोतवाली में झगड़ कर पहुंचे दो पक्षों के बीच पुलिस की मौजूदगी में विवाद हुआ। एसएसआई ने झगड़े में शामिल युवकों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एक पक्ष ने दरोगा पर हमला कर दिया। मारपीट होते देख साथी पुलिस कर्मियों ने एक आरोपी को दबोच लिया। वहीं, एसएसआई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिवकुमार सिंह ने बताया कि दोपहर में थाने पर थे। इसी दौरान कुछ लोग लड़ते झगड़ते आए। पूछने पर एक ने अपना नाम सर्वेश यादव निवासी मालतीपुरम जानकीपुरम और दूसरे ने सुमित शर्मा निवासी सेक्टर -एच जानकीपुरम बताया। दोनों मिलकर शुभम वर्मा निवासी त्रिवेणी नगर से गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने गाली गलौज और झगड़ने से रोका तो सर्वेश मोबाइल पर वीडियो बनाने लगा। एसएसआई ने वीडियो बनाने से टोका तो आरोपी सर्वेश ने गाली देते हुए वर्दी उतरवाने की धमकी दी।

## महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

**लखनऊ।** लखनऊ के गुरूद्वारों में महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। शहर के गुरुद्वारों में पाठ और शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही संगतों को रणजीत सिंह की शौर्यगाथा भी बताई गई।

शौर्यगाथा के जरिए बताया गया कि महाराजा रणजीत सिंह ने किस तरह से हिंदुस्तान का पचरम पूरे अफगानिस्तान तक फहराया। हिंदू धर्म की रक्षा के लिए महाराजा रणजीत सिंह के योगदान को लोगों ने याद किया। शेर-ए-पंजाब के नाम से प्रसिद्ध महाराजा रणजीत सिंह पहले ऐसे राजा थे। जिन्होंने न केवल पंजाब को एकजुट किया बल्कि अपने जीते-जी अंग्रेजों को अपने साम्राज्य के पास फटकने भी नहीं दिया। महाराजा रणजीत ने अफगानों के खिलाफ कई लड़ाइयां लड़ीं और उन्हें पश्चिमी पंजाब की ओर खदेड़ते हुए पेशावर समेत पश्तून क्षेत्र पर अधिकार कर लिया। यह पहला अवसर था जब पश्तूनों पर किसी गैर-मुस्लिम ने राज किया। उसके बाद उन्होंने पेशावर, जम्मू कश्मीर और आनंदपुर पर भी अधिकार कर लिया।

# 9995 रुपए से कम होकर हाउस टैक्स 1100 रुपए हो गया

## राजधानी में हाउस टैक्स सही कराने का कैंप लगा : जोन तीन से आई सबसे ज्यादा शिकायत

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** हाउस टैक्स को लेकर लगे कैंप में सोमवार को 283 शिकायतें आई। इस दौरान सभी लोगों की शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर लिया गया। शास्त्री नगर कुंडली रकाबगंज से आए अमित कनौजिया ने बताया कि उनका टैक्स बढ़ाकर 9995 रुपए कर दिया गया था, उसको कम करके 1100 रुपए कर दिया गया है। समाधान दिवस का आयोजन नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकीनाथ हॉल में किया गया। शुक्रवार सुबह से ही कैंप में भारी भीड़ लगी। पिछले पांच शुक्रवार से चले आ रहे इस कैंप में अब तक करीब 1500 से ज्यादा लोगों का हाउस टैक्स सही हो चुका है।

नगर निगम सीमा में GIS (ग्लोबल इन्फार्मेशन सिस्टम) सर्वे के माध्यम से भवनों का कर निर्धारण किया गया है। ऐसे में निजी एजेंसी ने मनमाने तरीके से भवनों का वार्षिक मूल्यांकन बढ़ा दिया।





यहां तक की कई घरों का हाउस टैक्स चार गुना तक बढ़ गया।

GIS मैपिंग की वजह से करीब 2 लाख 41 हजार लोगों का हाउस टैक्स बढ़ गया है। आरोप है कि अब इसको सही कराने के नाम पर विभाग के लोग मनमानी कर रहे हैं। लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने इस प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताई थी। उन्होंने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को पत्र लिखकर इसे बैन करने को कहा है। हालांकि आचार संहिता के बीच इसको लेकर कोई ठोस फैसला नहीं लिया जा सका था। ऐसे में नगर निगम प्रशासन से इसको लेकर कैंप लगाने का फैसला किया। हर शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय और बाकी दिन जोन में कैंप लगाया जा रहा है। नगर निगम की टीम ने इससे पहले जोन 7 कार्यालय में कैंप लगाया था। जहां 72 लोगों का हाउस टैक्स सही किया गया है।

## अनन्या यादव, निक्स राजवंशी, मोहक श्रीवास्तव ने पहले दिन जीते स्वर्ण, 40 खिलाड़ी व विभूतियां हॉल ऑफ फेम इंडिया अवार्ड से सम्मानित

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के लिए हासिल की स्वर्णिम सफलता

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** अनन्या यादव, निक्स राजवंशी, मोहक श्रीवास्तव ने ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 41वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप और 27वीं नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पहले दिन मेजबान उत्तर प्रदेश के लिए स्वर्णिम सफलता हासिल की। पहले दिन खेले गए बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने पहले दिन तीन स्वर्ण व एक रजत पदक जीते। दूसरी ओर पंजाब की खिलाड़ियों ने भी 2 स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, आसाम ने भी एक-एक स्वर्ण पदक जीते।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर ताइक्वांडो में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 40 खिलाड़ियों व विभूतियों को हॉल ऑफ फेम इंडिया-2024 अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में खेलो का महत्व बहुत बढ़ गया है। खेलो के माध्यम से खिलाड़ी का सर्वांगीण विकास होता है। यही कारण है कि खेलो को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के साथ उत्तर प्रदेश सरकार में विभिन्न विभागों में खेल कोटे



में भर्ती की जा रही है। वर्तमान मे खेलों को मिल रहे प्रोत्साहन के चलते देश के खिलाड़ियों अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है और कई खेलों में हमने इतिहास रचा हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान भारत में ताइक्वांडो के संस्थापक ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर जगतियानी (महासचिव ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने जानकारी दी कि 27वी नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं का चयन भारतीय ताइक्वांडो टीम में किया जाएगा। भारतीय टीम हांगकांग में आगामी 23 से 27 नवंबर 2024 तक वर्ल्ड ताइक्वांडो पूमसे चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। आयोजन समिति के चेयरमैन एमएलसी पवन सिंह चौहान ने बताया कि चैंपियनशिप में प्रतियोगिता में पूरे देश के 700 से अधिक खिलाड़ी और ऑफिशियल प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तकनीकी चेयरमैन ग्रैंड मास्टर पीटर जे. जगतियानी ने जानकारी दी कि चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश सहित असम, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमांचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, पंजाब, तमिलनाडु, पश्चिम की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष सुधीर एस हलवासिया ने बताया कि पहले दिन ताइक्वांडो में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेर चुके खिलाड़ी, ताइक्वांडो से जीवन सफल बनाने की कला का प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षकों व ताइक्वांडो के प्रचार-प्रसार में योगदान दे रही 40 विभूतियों को हॉल ऑफ फेम इंडिया-2024 अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। आज उद्घाटन के अवसर पर ग्रैंड मास्टर महेंद्र मोहन, ग्रैंड मास्टर गौरव सिंह चौहान- चेयरमैन टीएफआई प्रचार विंग, मनोज वर्मा, कोमल जगतियानी, रूपकमल नंदी, गजानंद, मनोज शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### रेलवे सुरक्षा से संबंधित जीआरपी की गोष्ठी आयोजित

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** रेलवे पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रेलवे पुलिस चौकी गोला में गोष्ठी आयोजित रेलवे पुलिस कर्मियों को सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जानकारी अनुसार बुधवार को पुलिस अधीक्षक रेलवे विभाग लखनऊ द्वारा पुलिस लाइन जीआरपी लखनऊ मे आयोजित गोष्ठी में क्षेत्राधिकार रेलवे प्रथम तथा क्षेत्र अधिकारी रेलवे सेकंड तथा समस्त थाना प्रभारी जीआरपी के साथ गोष्ठी में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को चौकी प्रभारी जीआरपी गोला गोकर्णनाथ द्वारा चौकी पर उपलब्ध पुलिस बल के साथ गोष्ठी की गई जिसमें श्रीमान पुलिस अधीक्षक रेलवे द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में निम्न बिंदुओं पर कर्मचारी गणों को अवगत कराते हुए रेलवे सुरक्षा की दृष्टिगत निम्न बिंदुओं पर कार्रवाई हेतु निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक जीआरपी लखीमपुर के निम्न बिंदुओं पर कारवाही किए जाने हेतु अवगत कराया गया तथा भारत सरकार द्वारा नया भारतीय तीनो कानूनों को देश मे लागू किए जाने के दृस्तगत कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### डीएम, एसपी ने किया कारागार का औचक निरीक्षण

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ शुक्रवार को जिला कारागार का संयुक्त रुप से औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम आदि की सघन चेकिंग की। कैदियों की समस्याओं व सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। जिला कारागार निरीक्षण दौरान बन्दियों से मिलने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। डीएम श्री झा ने सम्बन्धित को आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

### ग्राम चौपाल का आयोजन

**सिद्धौर, बाराबंकी।** शुक्रवार को सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसूलपुर पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। एडीओ पंचायत उमेश चंद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धितों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये। बैठक में ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान, ग्राम प्रधान रामदेव समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

### मनरेगा में भ्रष्टाचार की शिकायत

**बनीकोडर, बाराबंकी।** मनरेगा में भ्रष्टाचार रोकने के लिए सरकार ने ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में मजदूरों की काम करते हुए फोटो एनएमएमएस पोर्टल पर सुबह व शाम ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए बनाया गया है। लेकिन, ब्लॉक बनीकोडर की ग्राम पंचायत बेलपुर में लाल बहादुर के सरहद से अकोहरी सरहद तक चकमार्ग पटाई कार्य में कैमरा बंद कर 21 मजदूरों की हाजिरी भरी जा रही है। इस मामले में एपीओ का कहना है कि, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक ने व्यक्त की शोक संवेदना

**बाराबंकी।** विकास खंड बंकी के ग्राम बीजेमऊ के पूर्व प्रधान रामदास रावत के असामयिक निधन की सूचना पर शुक्रवार को सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने उनके पैतृक आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त की एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विधायक ने कहा कि श्री रावत बेहद मृदुभाषी और सामाजिक कार्यकर्ता थे उन्होंने अपना पूरा जीवन जन सेवा में समर्पित कर दिया आज हमने ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और सामाजिक सेवा से ओत प्रोत व्यक्तित्व के धनी मददगार साथी को खो दिया है यह हमारी निजी क्षति है।

### राज मिस्त्रियों को प्रमाणपत्र वितरित

**मसौली, बाराबंकी।** पंचायत भवन बड़ागांव में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 49 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त 24 राज मिस्त्रियों को शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी डा. संस्कृता मिश्रा ने प्रमाण पत्र वितरित किये। उन्होंने कहा कि, हुनर को निखारने के लिए हर क्षेत्र में प्रशिक्षण लेना चाहिए। अकुशल राज मिस्त्रियों को प्रशिक्षित कर हुनरमंद बनाना एक अच्छी पहल है। इस मौके पर जयकरण, नूर मोहम्मद, जैसराम मौजूद रहे।

### खेत से पिकअप में केला भरकर बेचने जा रहे दो भाइयों समेत तीन की मौत, एक घायल

**लखीमपुर खीरी।** जिले के खमरिया थाना क्षेत्र में ट्रक और पिकअप में हुई भीषण



टक्कर में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। जिसका इलाज लखनऊ ट्रामा सेन्टर में चल रहा है। पिकअप में कुल चार लोग सवार थे। मृतक खेत से केला भरकर लखनऊ बेचने जा रहे थे। जैसे ही यह लोग ऊंच गांव चौराहे के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप में टक्कर मार दी। घटना गुरुवार रात करीब 9:00 बजे की है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। वही ट्रक पुलिस के कब्जे में है। थाना ईसानगर के गांव अदलीशपुर निवासी लालू पुत्र सुरेश (20), रिन्कू पुत्र सुरेश, महेश पुत्र सुरेश(32), कमलेश पुत्र अशर्फीलाल(40) गुरुवार रात करीब 9 बजे अपने खेत से पिकअप मे केला लादकर लखनऊ बेचने जा रहे थे। जैसे ही यह लोग ऊंच गांव चौराहे पर पहुंचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप में टक्कर मार दिया। जिसमे सवार उपरोक्त चारो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। हादसे की सूचना वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को सीएचसी खमरिया भेजा। जहाँ डाक्टरों ने लालू पुत्र सुरेश को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य घायलो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां कमलेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर हुए महेश और रिंकू जिसमें महेश की मौत हो गई वहीं रिंकू का उपचार ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

# गंदगी मिलने पर सस्पेन्ड होगा सफाईकर्मी : बीडीओ

» लाल रंग से चिन्हित करें उथले हैण्डपम्प : एडीओ

» ग्राम पंचायत सचिवों, प्रधानों को दिये निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

**निन्दूरा, बाराबंकी।** संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के तहत शुक्रवार को ब्लॉक प्रांगण स्थित जनलोक सभागार में खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह एवं एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधानों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

कहा गया कि, झाड़ी कटाई, एंटी लार्वा छिड़काव, तालाब सफाई, उथले हैण्डपम्पों का चिन्हांकन, हैण्डपम्प मरम्मत, तालाबों में दवा का छिड़काव करवायें। संचारी रोगों से बचने के लिए हाथों को सही से धोयें। घरों के आसपास पानी जमा न होने दे। गांवों में स्वच्छता अभियान चलाकर नालियों व रास्तों को साफ रखें। ताकि, मच्छर पैदा नहीं हो सके। अनुपयोगी वस्तुओं में पानी जमा न होने दें। पानी को ढ़क कर रखें। पानी टैंक को खुला न छोड़ें। अपने आसपास बेहतर सफाई रखें। साफ-सफाई रख कर ही संचारी रोगों से बचा जा सकता है। एडीओ पंचायत श्री सिंह ने कहा कि, गांवों में जो उथले हैण्डपम्प हों, उन्हें लाल रंग से चिन्हांकित करें। ताकि, लोग प्रदूषित पानी का प्रयोग न करें। साफ-सफाई के लिए तसला, फावड़ा, एंटी लार्वा, राउंड अप की जरूरत हो तो उसकी सूची सचिव को दें। तीन दिन में सामान उपलब्ध कराया जायेगा। बीडीओ सिंह ने कहा कि, सफाई मन से करें। रिपोर्ट मात्र के लिए नहीं। पिछले साल भी आप सबने देखा कि, बरसात के बाद कितने लोगों की डेंगू से मौत हुई थी। कई प्रधान और सचिव भी चपेट में आ गए थे। इसलिए, अब ज्यादा दिन शेष नहीं हैं। पूरे मन से कार्य करें। सफाईकर्मी उपलब्ध हैं। जहां सफाईकर्मी नहीं हैं, वहां उस न्याय पंचायत की टीम जायेगी। सफाई के लिए ग्राम निधि से भी पैसे खर्च कर सकते हैं। सफाईकर्मी के पे रोल पर ग्राम प्रधान हस्ताक्षर करता है। अगर उस गांव में सफाई नहीं मिलती है तो इसका मतलब साफ है कि, सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है।

मुझे निरीक्षण में जिस गांव में गंदगी मिली, उस गांव के सफाईकर्मी को सस्पेंड करेंगे। गलत पे रोल के लिए ग्राम प्रधान पर भी कार्यवाही होगी। अगर गांव बड़ा है तो एक सफाईकर्मी पूरा गांव नही चमका पायेगा। ऐसे में आपको अधिकार है कि, अतिरिक्त लेबर लगाकर सफाई करायें। आरआरसी सेंटर को अवश्य शुरू करें। वरना कार्यवाही के लिए तैयार रहें। बैठक में 88 ग्राम प्रधानों में से करीब ढाई दर्जन ही ग्राम प्रधान मौजूद रहे। बीडीओ ने सभागार में उपस्थित सचिव, ग्राम प्रधान से कहा कि, सभी लोग दो-दो सौ पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। जब वही पौधा बड़ा होगा तो आपको उसे देखकर आनंद मिलेगा। जिस गांव से नहर गुजरी है, उनके तालाबों को नहर से जोड़ने का कार्य करें।

### दिव्यांगों की फैमिली आईडी जल्द बना लें पंचायत सहायक : बीडीओ

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** शुक्रवार को ब्लाक सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों एवं सचिवों से बीडीओ ने कहा कि, बरसात में गन्दगी के कारण कई प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। इन बीमारियों से लोगो को बचाने के लिए गांवों की गलियों में फैले कूड़े, जंगल, झाड़ियों के साथ नाले नालियों की सफाई प्राथमिकता के साथ कराई जाये। सभी लोग आपसी सामंजस्य के साथ इस कार्य को पूरा करें। आवश्यक स्थानों पर दवा एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें। संचारी रोगों से बचाव एवं साफ सफाई के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें। पंचायत सहायकों को निर्देश दिये कि, दिव्यांगो की फैमिली आईडी तीन-चार दिनों में अवश्य बना लें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सीपीएम शैलेश कुमार, एडीओ समाज कल्याण अभिषेक कुमार, प्रभारी एडीओ पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव, पंचायत सचिव कुलदीप वर्मा, सुरेश चन्द्र यादव, वीरेंद्र तिवारी, सतीश वर्मा, राजेश कुमार, मनीष शुक्ला एवं ग्राम प्रधान अकरम अंसारी, चन्द्रभान रावत, जितेन्द्र यादव, दिग्विजय, नियाज, निसार मेंहदी तथा लोधपुरवा पंचायत सहायक सीमा सिंह मौजूद रहे।

### स्कूल के पहले दिन अध्यापकों ने किया बच्चों का स्वागत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने पर विद्यालयों में खुशनुमा माहौल रहा। बीती 17 मई के बाद 28 जून को 10 दिन बाद बच्चों का विद्यालय में आगमन हुआ। इससे पूर्व तीन दिनों से शिक्षक विद्यालयों की साफ-सफाई व्यवस्था में लगे थे। कम्पोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर के प्रधानाध्यापक बृजेश सहकर्मियों हलीम, रुद्रप्रताप, सुनील, अवनीश, अमित, गीता, कुमकुम, इन्द्रेश व मुकेश आदि बच्चों के स्वागत फूल माला, रोली चंदन लगाने में व्यस्त थे। कम्पोजिट विद्यालय मरकामऊ में पूरे परिसर में मैट बिछाकर विद्यालय को सजाया गया। शिक्षिका रश्मि ने बच्चों को टीका लगाया। प्रधानाध्यापक राजेश, सोनेलाल, रामकृपाल, अंकित, रविंद्र, ममता, विपिन बच्चों पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। बच्चों को मीठा हलवा वितरित किया गया। प्राथमिक विद्यायल करौरा में प्रधानाध्यापक संगीता, प्रह्लाद, विमल ने छात्रों का रोली टीका माला पहनाकर स्वागत किया।

## नेत्र चिकित्सा में डॉ. श्रॉफ हॉस्पिटल में राज्य स्तरीय सुविधा उपलब्ध : डॉ मजहर

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मोहम्मदी व साइट सेवर्स इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय नेत्र परिक्षण अधिकारियों का कौशल विकास (नेत्र) पर प्रशिक्षण का आयोजन डॉ श्रॉफ चैरिटी आईं हॉस्पिटल सहदेवा में आयोजित किया गया। जिसमें डॉ श्रॉफ हॉस्पिटल के द्वारा अन्धता निवारण के लिए किए जा रहे प्रयासों को संस्था के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ मजहर के द्वारा बताया गया कि मोहम्मदी स्थिति अस्पताल मे राज्य स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध है इस लिए नेत्र स्वास्थ्य पर जागरूकता व रिफर ल मैकेनिज्म को मजबूत करने कि दिशा मे सब को साथ मिल कर कदम बढ़ाना होगा उन्होंने बताया कि स्पेशियालिटी सर्विस गुणवत्ता पूर्वक कि जा रही है डॉ मोहित शर्मा ने आँखों मे होने वाले विभिन्न रोगों व उनके ईलाज मे क्या



नेत्र परीक्षण अधिकारियों का शिविर आयोजित करते हुए चिकित्सक।

सावधानी बरती जाय पर चर्चा की उन्होंने कहा की मायोपिया, ग्लूकोमा, आर ओ पी को समझने व सही उपचार करने की जरुरत है उन्होंने बताया कि विशेष कर बच्चों कि आँखों मे गलत चश्मे का नंबर नहीं दिया जाना चाहिए।

डॉ श्रॉफ हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र परीक्षक विकास गुप्ता के द्वारा अस्पताल की सेवाओं को और अत्याधुनिक मशीनों के बारे में जानकारी दी उन्होंने उपस्थित नेत्र परीक्षण अधिकारियों को आँखों की जांच करने में किन किन मशीनों के द्वारा किस प्रकार की जांच करना चाहिये व रोगों की पहचान किस प्रकार की जानी है उसे विस्तार पूर्वक बताया साथ ही अस्पताल की सेवाओं को भ्रमण करा कर करेटोमिटर, ए स्कैन, ओसीटी, बी ए फ ए, स्लिट लैम्प, बी स्कैन, कांट्रैक्ट लेंस, ग्रीन लेजर, विजेन एक्स के साथ साथ उनके कार्यों और उनके उपयोग के बारे में समझाया और नेत्र प्रशिक्षकों के सवालों को विस्तार से समझाया, कार्यक्रम अधिकारी विपिन पाण्डेय ने बताया कि जनपद लखीमपुर में संचालित 10 प्राथमिक नेत्र जाँच केंद्र के द्वारा समुदाय मे अंधता निवारण के लिए घर घर नेत्र जाँच व उपचार का कार्य किया जा रहा है प्रशिक्षण में आये नेत्र परीक्षण अधिकरियों का आभार व्यक्त करते हुये मो जावेद ने कहा कि नेत्र से संबंधित किसी भी समस्या से पीड़ति व्यक्ति को अस्पताल में भेज कर इलाज कराया जा सकता है साथ ही उनको रिफर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला मे जन्मेजय अवस्थी, प्रखर पटेल, मजहर नबी, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## भाई ने की विवाहिता बहन की निर्मम हत्या

» अवैध सम्बन्धों के शक मे कुल्हाड़ी से की हत्या

विश्ववार्ता संवाददाता

**मसौली, बाराबंकी।** कस्बा व थाना सफदरगंज के मोहल्ला नईबस्ती में एक भाई ने अपनी विवाहिता बहन की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। घटना के बाद वह थाने पहुंचा और बहन की हत्या का जुर्म स्वीकार किया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

कस्बा सफदरगंज के मोहल्ला नईबस्ती निवासी मो. उस्मान पुत्र इस्लाम ने अपनी 30 वर्षीय विवाहिता बहन जमीला बानो की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी। जानकारी मुताबिक, जमीला बानो ढ़ाई महीने पहले ससुराल से मायके आई थी। शुक्रवार सुबह जब उसकी मां जोहरा सो कर उठीं तो उसने घर में जमीला बानो का खून से लथपथ पड़ा शव देखा। बेटी का खून से लथपथ शव देखकर मां जोहरा रोने लगी। चीख पुकार सुन मोहल्लावासी जमा हो गये। चर्चा है कि, घटना के बाद हत्यारोपी उस्मान ने खुद थाने जाकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव के पास से खून से सनी कुल्हाड़ी बरामद कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस हत्यारोपी भाई व उसकी मां से पूछताछ कर रही है। मौके पर पहुंचे एसपी श्री सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पूछताछ की। बता दें कि, मृतक जमीला बानो का विवाह करीब ढ़ाई वर्ष पूर्व मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी मो. आसिफ पुत्र मो. साकिर के साथ हुई थी।

## मकान मालिक की प्रताड़ना से तंग होकर फांसी पर झूला छात्र

विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** मकान मालिक द्वारा दिये जा रहे मानसिक दबाव से तंग पॉलीटेक्निक छात्र फांसी पर झूल गया। उसने मरने से पहले अपने व्हाट्सएप पर स्टेटस भी लगाया।

जानकारी मुताबिक, जिला सीतापुर के ग्राम गोपालपुर का रहने वाला 18 वर्षीय जयदीप बाराबंकी जिले के थाना जैदपुर क्षेत्र के ग्राम बरैया चौराहा स्थित लक्ष्मी नारायण के मकान में रहकर जुगुनिया डीह स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक से केमिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर रहा था। वह प्रथम वर्ष का छात्र था। शुक्रवार सुबह जयदीप का शव कमरे में फंदे से झूलता मिला। कमरे में आत्महत्या पत्र (सुसाइड नोट) भी मिला। मृतक ने मकान मालिक लक्ष्मी नारायण पर प्रताड़ति करने का आरोप लगाया। मृतक छात्र ने लिखा कि, मकान मालिक की टेंशन वह झेल नहीं पा रहा है। जिसका वजह से वह पढ़ाई भी नहीं कर पा रहा है। परिजनों के अनुसार, जयदीप ने आत्महत्या से पहले व्हाट्सएप पर स्टेटस भी लगाया। परिजनों के मुताबिक, मकान मालिक लक्ष्मी नारायण कमरे का पंखा नहीं चलाने देते था। इसके अलावा अन्य तरह से भी वह जयदीप को परेशान करता था। जयदीप के साथी छात्रों का आरोप है कि, पॉलीटेक्निक के हॉस्टल में रूम न मिलने पर उन लोगों को मजबूर होकर बाहर किराये पर रहना पड़ता है। जहां मकान मालिक परेशान करते हैं। कॉलेज प्राचार्य का कहना है कि, यह संस्था नई है। 2021 में ही स्थानांतरित हुई है। दो छात्रावास अधूरे पड़े हैं। छात्रों को बाहर किराये पर रहना पड़ता है।

### गांधीवादी राजनाथ शर्मा को मिला जे.पी सेनानी अवार्ड

**बाराबंकी।** प्रख्यात गांधीवादी एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा को जे.पी सेनानी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में संपूर्ण क्रांति आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने दिया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जेपी को देश के नव निर्माण के महान योद्धा की संज्ञा दी और कहा कि आज उन्हीं के संघर्ष का प्रतिफल है कि देश में लोकतंत्र जीवित है और हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस सबके लिए सत्तर के दशक में देश के नव निर्माण आंदोलन में उनकी भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। जेपी ने नैतिक राजनीति की हमेशा वकालत की। राजनाथ शर्मा ने कहा कि आज संपूर्ण क्रांति को आधी सदी का समय बीत चुका है। उस आंदोलन के सभी चरणों में मैं सम्मिलित रहा।

## डीएम ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण, दिए निर्देश

### पटलों की जानकारी लेकर देखे विभागीय रिकॉर्ड, और परिसर की साफ सफाई

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। हर पटल के बारे में जानकारी की और विभागीय रिकॉर्ड देखे। परिसर की साफ सफाई पर संतोष व्यक्त किया।

डीएम ने राजस्व अभिलेखागार, अभिलेखागार माल, भू-लेख अनुभाग, जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय, बंदोबस्त अधिकारी, चकबंदी न्यायालय, संयुक्त कार्यालय, जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव व साफ-सफाई का जायज़ा लिया तथा मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों-



कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण करती नवागत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

डीएम ने प्रभारी अधिकारी (संयुक्त कार्यालय) डिप्टी कलेक्टर रेणु मिश्रा को कलेक्ट्रेट पार्क की सुंदरता को बढ़ाने के लिए डीएचओ से समन्वय कर गार्डनिंग कार्य के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएलआरसी कक्ष में ट्यूबलाइट टेढ़ी होने पर इसे ठीक करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर में रखी लकड़िया को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलो पर जाकर पटल सहायकों का परिचय और कार्य दायित्व जाना। निर्देश दिया कि फाइलों व रिकार्डों का रख-रखाव व्यवस्थित ढ़ंग से करते हुए कार्य को सुचारू तरीके से संचालित किया जाए।

## उप गन्ना आयुक्त परिक्षेत्र लखनऊ ने किया चीनी मिल निरीक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ (खंभारखेडा) खीरी।** उप गन्ना आयुक्त परिक्षेत्र लखनऊ द्वारा बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल्स लिमिटेड खम्भारखेड़ा एवं गन्ना विकास परिषद खम्भारखेड़ा के ग्राम-पतरासी, गुलरीपुरवा, बालकरामपुरवा एवं खिंचीनपुरवा में गन्ना कृषकों के प्लाटों पर भ्रमण कर गन्ना फसलों में कीट एवं रोग के आपतन तथा प्रभाव का गहन निरीक्षण किया गया।

उपस्थित कृषकों ने गन्ना आयुक्त को अवगत कराया कि इस वर्ष तापमान अधिक होने के कारण गन्ना फसल कीट-रोग से प्रभावित नहीं है। महोदय द्वारा कृषकों से संवाद करते हुए सुझाव दिया गया कि मानसून की वर्षा प्रारंभ होने पर वातावरण में आर्द्रता बढ़ने पर कीट एवं रोग का प्रकोप होने की संभावना बन जाती है, इसलिए कृषक गण अपने प्लाट की देख-भाल करते रहे और यदि किसी प्रकार की हानि की



खंभार खेड़ा चीनी मिल के परिक्षेत्र में गन्ना का निरीक्षण करते हुए उप गणना आयुक्त लखनऊ।

संभावना प्रतीत होती है तो उसके बचाव अथवा उपचार के लिए तकनीकी जानकारी हेतु गन्ना विकास विभाग या चीनी मिल कर्मचारी का सहयोग प्राप्त कर सकते है।

भ्रमण के समय जिला गन्ना अधिकारी लखीमपुर खीरी वेदप्रकाश सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी, सचिव प्रभारी समिति लखीमपुर, राजीव कुमार सिंह, चीनी मिल खम्भारखेड़ा , डा0 अनिल कुमार त्रिपाठी वरि0 महाप्रबन्धक (गन्ना) एवं चीनी मिल के क्षेत्रीय प्रभारियों समेत चीनी मिल कर्मचारी उपस्थित ।

### निर्धारित शुल्क से अधिक पैसा ले रहे आधार सेंटर पर एसडीएम का छापा

**बनीकोडर, बाराबंकी।** स्थानीय टेलीफोन एक्सचेंज में बने आधार केंद्र पर हो रही अवैध वसूली की सूचना के बाद एसडीएम ने सीओ व कोतवाल के साथ छापा मारकर ऑपरेटर के साथ ही एजेंसी संचालक को हिरासत में लिया।

तहसील के सामने स्थित टेलीफोन एक्सचेंज पर बने आधार सेंटर पर नये आधार बनाये जाने के साथ ही अन्य संशोधन कराने के नाम पर निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त पैसा वसूले जाने का आरोप था। एसडीएम राम आसरे वर्मा ने शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्रा, कोतवाली निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी, नायब तहसीलदार सुधाकर पांडे के साथ सेंटर पर छापा मारा। छापा दौरान कई लोगों ने केंद्र पर तैनात कर्मचारियों द्वारा 200 रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक लेने के बाद आधार बनाये जाने की बात कही।

## हॉट कुक्ड फूड योजना से जोड़ें शत प्रतिशत लाभार्थी : डीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिला पोषण समिति, एमडीएम एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप पर वजन फीडिंग, सैम बच्चों से संबंधित सूचना, वीएचएसएनडी, एनआरसी प्रगति विवरण, हॉट कुक्ड फूड योजना का संचालन, समुदाय आधारित गतिविधियां, खाद्यान्न वितरण संबंधी सूचना, पूर्व प्राथमिक शिक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। डीएम ने पोषण ट्रैक्टर पर समस्त इंडिकेटर की फीडिंग निर्धारित तिथि तक पूर्ण रूप से कराए जाने के निर्देश दिये।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मुख्य सेविका, सीडीपीओ द्वारा सैम बच्चों के गृह भ्रमण कर पोषण परामर्श प्रदान करने से संबंधित निर्देश दिये। डीएम श्री झा ने कहा कि, हॉट कुक्ड फूड योजना से समस्त लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाये।

डीपीओ ने बताया कि, शासन द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना 2.0 का क्रियान्वयन करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। डीएम ने निर्देश दिये कि, इस योजना को क्रियान्वित करने हेतु समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों की ट्रेनिंग शेड्यूल कर यथाशीघ्र कर ली जाये। योजना में जनपद स्तर पर जो भी पेंडेंसी शेष हैं, उसको यथाशीघ्र निस्तारित करना सुनिश्चित करें। पूर्व प्राथमिक शिक्षा के संबंध में चर्चा की गई। अब तक की प्रगति से जानकारी दी गई। बताया गया कि, बीती 1 मार्च को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र सराय रावत हैदरगढ़ का उद्घाटन किया गया।

## शपथ पत्र पर लिखकर दिया जमीन नहीं देंगे किसान

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** सदर तहसील के गांव राजापुर में 317 एकड़ कृषि योग्य उपजाऊ भूमि के अधिग्रहण का मामला गरमाता जा रहा है। शुक्रवार को तय कार्यक्रम के अनुसार आवास विकास परिषद के अधिकारियों की टीम यहां आई। कलेक्ट्रेट सभागार में परिषद के अधिकारियों ने किसानों की भूमि अधिग्रहण के संबंध में आपत्तियां सुनीं। इस दौरान किसान जमीन न देने की अपनी बात पर अड़े रहे। बातचीत के दौरान किसानों का दर्द भी झलका कि जमीन चली जाने से किस तरह से उनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। किसानों ने शपथ पत्रों पर अपनी आपत्ति आवास विकास परिषद के अधिकारियों को दी है, जिसमें सभी किसानों ने यही कहा है कि वह किसी कीमत पर अपनी जमीन नहीं देंगे।

अधिग्रहण की मनमानी कार्यवाही को लेकर राजापुर के किसान शुरुआत से विरोध कर रहे हैं। बीते शुक्रवार को किसानों का आक्रोश इस मामले में तब भड़क गया था, जब उन्हें जानकारी मिली की उनकी जमीनें खतौनी में आवास विकास परिषद ने अपने नाम दर्ज करा ली हैं। इसको लेकर किसान कलेक्ट्रेट के पास पानी की टंकी पर चढ़ गए थे। तब सीडीओ अनिल सिंह के इस आश्वासन पर किसान माने थे कि स्वयं आवास आयुक्त यहां आकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और निस्तारण कराया जाएगा। इसके लिए 26 जून की तिथि तय हुई, पर उस दिन कोई नहीं आया और शुक्रवार को अधिकारियों के आने की बात कही गई। शुक्रवार को सुबह से ही राजापुर के बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट में डीएम दफ्तर के बाहर जमा हो गए।

**निर्देश** डीएम बोले, सम्भावित बाढ़ को देखते हुए तैयार करें कारगर और प्रभावी कार्ययोजना

# संभावित बाढ़ से निपटने खाका तैयार, डीएम ने अधिकारियों संग बैठक कर चेताया

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** बाढ़ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने और उनके प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों संग सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट में द्वितीय जिलास्तरीय बाढ़ स्टेरिंग ग्रुप बैठक ली, अफसरों को सम्भावित बाढ़ को देखते हुए कारगर और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने सभी सम्बन्धित एसडीएम को निर्देश दिया कि बाढ़ चौकियों, बाढ़ राहत केन्द्रों, बाढ़ शरणालयों, लंगर स्थलों के चयन, तहसील अन्तर्गत उपलब्ध सरकारी व गैर सरकारी नावों, मल्लाहों, गोताखोरो की उपलब्धता का जायजा लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए।

बैठक की शुरुआत में ईई बाढ़ खंड अजय कुमार ने पीपीटी के जरिए विगत वर्षों में नदियों का जलस्तर एवं डिस्चार्ज, तटबंधों की मरम्मत एवं कटावनिरोधक कार्य सहित गतवर्ष निर्मित परियोजनाओं से होने वाले लाभों को रेखांकित किया। शारदा बैराज सात लाख क्यूसेक डिस्चार्ज के लिए डिजाइन है। अबतक अधिकतम 5.32 लाख क्यूसेक क्रॉस कर चुका है। इस वर्ष जिले में 11 कटाव निरोधी परियोजनाएं 17 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक पूर्ण की गई है। जिले



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करती डीएम।

में एक जून से कंट्रोल रूम संचालित है, जिसपर डीएम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष शारदा नगर का फोन मिलवाया और उसकी क्रियाशीलता परखी।

डीएम ने जाना कि अबतक किन बीडीओ ने संवेदनशील बाढ़ इलाकों का भ्रमण किया। निर्देश दिए कि सभी बीडीओ संवेदनशील बाढ़ इलाकों का स्थलीय भ्रमण अवश्य कर लें। बाढ़ चौकी के बाढ़ चौकी के निकट अस्थाई शौचालय एवं स्नानागार बनवाए एवं उसकी सफाई भी सुनिश्चित कराई जायेगी। राहत कैंपों में सोलर लाइट एवं पेट्रोमैक्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीपीआरओ ने बताया कि इसबार 91 नई नाव ग्राम निधि से खरीदी गई। इनको मिलाते हुए 235 नाव क्रियाशील है।

डीएम ने निर्देश दिए कि बाढ़ के दौरान प्रभावित व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे इसलिए राहत कैंपों को सुविधाओं से युक्त बनाएं। वहां पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराए। बीएसए को निर्देश दिए की बाढ़ के दौरान राहत कैंपों में शिक्षा के प्रबंध किए जाएं। इसके लिए एक अलग कक्ष आरक्षित किया जाए। जहां पढ़ाई के साथ-साथ खेल की गतिविधियों की भी मुकम्मल इंतजाम हो। सीएमओ ने बताया कि संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र के लिए 10 मोबाइल टीम का गठन करते हुए बाढ़ चौकिया पर ड्युटी लगाई है। चिकित्सा कैंपों में ओआरएस, क्लोरीन की गोली, सेनेटरी नैपकिन सहित अन्य जरूरी औषधीय की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि सभी बीडीओ को संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र की गौशालाओ को चिन्हित करते हुए बाढ़ के दौरान गोवंशो की शिफ्टिंग की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

## संपादकीय

# सदन में बदलाव

हालिया लोकसभा चुनाव के नतीजे यकीनन विशेष रहे हैं। इन चुनावों ने नई लोकसभा में बहुत कुछ बदल दिया है। दस साल बाद लोकसभा में विपक्ष का कोई नेता होगा। हाल के आम चुनावों में कांग्रेस ने 99 सीटें जीती हैं। कांग्रेस ने इस पद के लिए वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी को नामित किया था। पिछले दो सत्रों में संसद में विपक्ष का कोई नेता नहीं था क्योंकि किसी भी विपक्षी दल के पास लोकसभा की कुल संख्या के दसवें हिस्से के बराबर सदस्य नहीं थे जो कि अभ्यास के अनुसार इस पद के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। 2014 में कांग्रेस ने न केवल सत्ता खो दी बल्कि नेता प्रतिपक्ष का पद भी खो दिया। विपक्ष के नेता पद की कांग्रेस की मांग को लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने खारिज कर दिया था। तब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन को पत्र लिखकर सदन में पार्टी के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा देने का अनुरोध किया था। सोनिया के पत्र के जवाब में स्पीकर ने कहा था कि लागू प्रावधानों और पिछले उदाहरणों पर विचार करने के बाद उनके अनुरोध को स्वीकार करना संभव नहीं है। मैंने नियमों और परंपराओं का अध्ययन करने और इस मुद्दे पर विशेषज्ञों की राय लेने के बाद निर्णय लिया है। 2019 में कांग्रेस फिर से नेता विपक्ष के लिए न्यूनतम 54 सीटों के आंकड़े से पीछे रह गई और उसे फिर से वह दर्जा नहीं दिया गया। 2014 में कांग्रेस की तरफ से लीडरशिप मल्लिकार्जुन खड़गे कर रहे थे, लेकिन वे नेता प्रतिपक्ष नहीं थे। इसी तरह 2019 में सबसे बड़ी पार्टी के नेता होने के नाते दूसरे विपक्षी दलों ने भी अधीर रंजन को समर्थन दिया, लेकिन मोदी सरकार ने कभी भी अधीर रंजन को प्रोटोकाल के तहत नेता प्रतिपक्ष का पद नहीं दिया। यह पद आधिकारिक तौर पर संसद अधिनियम, 1977 में विपक्ष के नेताओं के वेतन और भत्ते के माध्यम से अस्तित्व में आया। अधिनियम में नेता विपक्ष को राज्यों की परिषद या लोगों के सदन का सदस्य के रूप में वर्णित किया गया है। सरकार के विरोध में पार्टी के उस सदन में नेता के पास सबसे बड़ी संख्यात्मक ताकत होती है और राज्यों की परिषद के अध्यक्ष या लोगों के सदन के अध्यक्ष द्वारा मान्यता प्राप्त होती है। इसलिए यह पद लोकसभा में सबसे अधिक सांसदों वाली विपक्षी पार्टी द्वारा चुने गए नेता को दिया जाता है जिसमें नेता विपक्ष का मुख्य कर्तव्य सदन में विपक्ष की आवाज के रूप में कार्य करना है। कानून स्पष्ट है कि अध्यक्ष को विपक्ष में संख्यात्मक रूप से सबसे बड़ी पार्टी के नेता को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देना आवश्यक है। उसे न पहचानने का विकल्प ही उपलब्ध नहीं है। संसद पर 2012 की एक आधिकारिक पुस्तिका में कहा गया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता को एक छाया मंत्रिमंडल के साथ एक छाया प्रधानमंत्री माना जाता है जो सरकार के इस्तीफा देने या सदन के पटल पर पराजित होने पर प्रशासन संभालने के लिए तैयार होता है। विपक्ष के नेता को सदन में औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार प्राप्त होते हैं, जैसे निर्वाचित अध्यक्ष को मंच तक ले जाना। संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के समय नेता प्रतिपक्ष भी अग्रिम पंक्ति में सीट के हकदार होते हैं। इसके अलावा, नेता विपक्ष सीबीआई निदेशक, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त, मुख्य सूचना आयुक्त, एनएचआरसी के अध्यक्ष और सदस्यों और लोकपाल जैसे प्रमुख पदों पर नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त समितियों में विपक्ष का प्रतिनिधि है। 2014 से 2019 तक लोकसभा में कांग्रेस के नेता के रूप में खड़गे ने दावा किया था कि सरकार ने बार-बार विपक्ष को लोकपाल के चयन से बाहर रखने की कोशिश की थी, इस आधार पर कि कोई नेता विपक्ष नहीं था। प्रधानमंत्री का काम शासन करना और सरकार चलाना है तो विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी कुछ उचित न लगने पर विरोध करने की है। लेकिन नारेबाजी या किसी अन्य तरीके से संसद के कामकाज में बाधा डालने की अनुमति नहीं है।

## कटाक्ष हसन जैदी




# परीक्षा में शुचिता और पारदर्शिता बेहद जरूरी


किशन भावनानी

दुनिया के हर देश में प्रतिष्ठित भारतीय बौद्धिक क्षमता का डंका कहीं हमारे आगे की पीढ़ियों में कम न हो जाए, इसकी आशंका बुद्धिजीवी वर्ग व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह पेपर लीक मामले आ रहे हैं, उसे यह अंदेशा साफ लगाया जा सकता है कि अब अपात्र असक्षम व अयोग्य व्यक्तियों की घुसपैठ बड़ी मात्रा में बड़े-बड़े सरकारी गैर सरकारी व प्रोफेशनल व्यवसाय में हो रही है जो स्वाभाविक ही प्रतिष्ठित भारतीय बौद्धिक क्षमता के डंके को चोट पहुंचा सकती है क्योंकि यदि आरोग्य लोग डॉक्टर इंजीनियर आईआईटी सिविल सर्विसेज सहित अन्य उपाधियां लेकर आ आएंगे तो स्वाभाविक रूप से उनका परफॉर्मेंस अपेक्षाकृत नहीं होगा। वैश्विक मानकों पर खरा नहीं उतरेगा तो भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होगी जिसका सीधा प्रभाव विजन 2047 पर पड़ेगा।

इसलिए अब समय आ गया है कि इन पेपर लीक माफियाओं की नकेल अति सख्ती से कसी जाए। इसके लिए मेरे विचार में यह सुझाव आ रहे हैं जिन पर संभव हो तो सरकारों द्वारा विचार किया जा सकता है। पेपर लीक मामले पर भी बुलडोजर नीति अपनाना, हर राज्य में यूपी पेपर लीकअध्यादेश मॉडल कानून करना, फास्ट ट्रैक कोड बनाना जो तीन माह में सुनवाई कर फैसला दे, यह फैसले की फास्ट ट्रैक कोर्ट, सभी अपीलीय कोर्टों व प्राधिकरण में करना, शिक्षा माफिया को चिन्हित कर उनका चैनल को तोड़ना, पेपर के सब्सडायरी चैनलों जैसे ट्रांसपोर्टेशन भंडारण वितरण को अति सख्त करना, पेपर मॉडल बनाने वालों का चयन अति सुचिता योग्यता व तकनीकी सुरक्षा से करना, अल्टरनेट पेपर सेटों की संख्या में वृद्धि करना, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों की छिपी अघोषित संपत्तियों का संज्ञान लेकर कार्रवाई की सिफारिश करना, पेपर लीक आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धाराएं लगाना सहित इससे भी सख्त कार्रवाई के सेक्शंस को जोड़ा जा सकता है। यह बात आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मेरी जानकारी में शायद यह पहली बार हो रहा है कि राष्ट्रपति द्वारा 27 जून 2024 को संसद के संयुक्तसत्र में अपने संबोधन में पेपर लीक का मुद्दा उठाया है व कार्रवाई की बात कही है जो पूरी दुनिया ने सुनी है। इसलिए मेरे उपरोक्त सुझावों पर गौर करने की अपेक्षा में करता हूं तथा सबसे अहम बात आरोपियों को न्यायिक प्रणालियों में लंबा समय मिल जाता है जो उनके छूट/एक्यूटल या वह मामला रफ़ादफा होने का प्रमुख कारण बन जाता है। इसलिए निचली कोर्ट से लेकर ऊपरी कोर्ट तक इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में निपटना व अपीलीय कोर्ट व प्राधिकरण सहित अधिकतम तीन माह में फैसले पर विचार करना होगा। चूंकि आज संसद के दोनों सत्रों में राष्ट्रपति के संबोधन में पेपर लीक का मामला गूंजा, इसलिए आज हम इस पर चर्चा करेंगे। भारत में पेपर लीक मामले में अब बातें नहीं, शैक्षणिक बुलडोजर चलाने की जरूरत है तथा फास्ट्रेक कोर्ट में तीन माह में फैसले की जरूरत है। बात अगर हम राष्ट्रपति द्वारा संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन में पेपर लीक मामले पर बोलने की करें तो संयुक्त अभिभाषण के दौरान नीट पेपर लीक को लेकर राष्ट्रपति ने बात की। इस दौरान विपक्ष ने जमकर शोर मचाया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार देश के हर युवा को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए सही माहौल बनाने में जुटी हुई है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने 'नीट-नीट' के नारे लगाए। इस दौरान राष्ट्रपति को विपक्षी सांसदों को सुनिए-सुनिए तक कहना पड़ा। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले। सरकारी भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, इनमें अगर किसी भी वजह से रुकावट आए तो ये उचित नहीं है। इन परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है। पेपर लीक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में कुछ परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं हुईं जिनकी निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमने कई राज्यों में पहले भी पेपर लीक की घटनाओं को होते हुए देखा है। इस मुद्दे पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी उपाय करने की जरूरत है। संसद ने परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियों के खिलाफ एक सख्त कानून बनाया है। सरकार परीक्षाओं से जुड़ी संस्थाओं, उनके कामकाज, परीक्षा प्रक्रिया समेत सभी सुधार करने की कोशिश कर रही है। राष्ट्रपति द्वारा पेपर लीक काजिक्र करने के दौरान विपक्ष जमकर नारेबाजी करते हुए नजर आया। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 10 सालों में ऐसे हर अवरोध को हटाया गया है जिनसे युवाओं को परेशानी रही है। पहले अपने सर्टिफिकेट को अटैच करने के लिए भटकना पड़ता था। अब युवा खुद ही ये काम कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ग्रुप-सी और ग्रुप डी भर्तियों से इंटरव्यू को खत्म किया गया है। उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि संसद ने पेपर लीक पर कड़ा कानून बनाया है। यह कानून 21 जून की रात से देशभर में लागू हो चुका है। नए कानून के तहत पेपर लीक करने या आंसर शीट केसाथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम 3 साल की जेल और 10 लाखरुपये का जुर्माना हो सकता है। सरकार की तरफ से नए कानून का मकसद परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों को रोकना है। नए पेपर लीक कानून के दायरे में लोक संघ लोक सेवा आयोग, एसएससी, जेईई,नीट, सीयूईटी, रेलवे बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और एनटीए की तरफ से आयोजित सभी परीक्षाएं सख्ती साथ के कवर होंगी। अगर हम यूपी में लाए गए पेपर लीक संबंधी 2024 के नए अध्यादेश की बात करें तो यूपी में पेपर लीक की घटनाओं पर सरकार सख्त तेवर दिखाते हुए अध्यादेश लाई है जिसके तहत पेपर लीक में दोषी पाए जाने पर एक करोड़ रुपये के जुर्माने से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान किया गया है। सीएम के कड़े तेवरों ने साफ कर दिया है कि यूपी में पेपर लीक की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। अब परीक्षा में होने वाले खर्च की भरपाई भी सॉल्वर गैंग से वसूलने की तैयारी की गई है। इसमें दोषियों की संपत्ति तक को कुर्क किया जा सकता है। लोकसभा चुनाव से पहले यूपी में कई भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ीके मामले सामने आए थे जिसके बाद सीएम नकल माफियाओं के खिलाफ सख्त एक्शन लेने का वादा किया था। चुनाव से ठीक पहले यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा तक को रद्द करना पड़ा था। विपक्षी दलों ने इसे चुनाव में बड़ा मुद्दा भी बनाया और इसका असर भी देखने को मिला। मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर देशभर में आक्रोश है। छात्र सड़कों पर उतरकर सिस्टम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में कई याचिकाएं भी लगाई गई हैं। अब नीट पेपर लीक का मामला संसद में भी गूंजने वाला है। शुक्रवार (28 जून) को बड़ी पार्टी की अगुवाई में इंडिया गठबंधन लोकसभा और राज्यसभा में नीट विवाद पर स्थगन प्रस्ताव ला सकती है। पार्टी अध्यक्ष के आवास पर हुई इंडिया गठबंधन दलों की बैठक में ये फैसला लिया गया है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि नीट मुद्दे पर सीबीआई की जांच से लेकर स्पेशल कमिटी बनाने तक हर संभव कार्रवाई की गई है। कमिटी की रिपोर्ट जल्द आने की उम्मीद है। साथ ही एंटी पेपर लीक कानून लागू होने से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो गई है। इससे एक मजबूत एजुकेशन सिस्टम की नींव भी रखी जा सकेगी। वहीं दूसरी ओर नीट पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ता एनटीए के दफ्तर में घुस गए हैं। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए एनटीए के गेट पर अंदर से ताला लगा दिया। अब तक सीबीआई ने 6 में से 5 राज्यों में कुल 29 गिरफ्तारियां की हैं। बिहार के पटना से दो को आज गिरफ्तार किया गया है। मास्टरमाइंड फरार बताया जा रहा है। गुजरात से 5 गिरफ्तारियां हुई हैं। महाराष्ट्र के लातूर से दो को अरेस्ट किया गया है। झारखंड से 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल से एक आरोपी को पकड़ा गया है। बता दें कि विवादित नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 5 मई को नीट (यूजी) एग्जाम करवाया था। परीक्षा में कुल 24 लाख छात्र शामिल हुए थे। परीक्षा में बहुत ज्यादा नंबर दिए जाने के आरोप लगे हैं। इस वजह से इस साल रिकॉर्ड 67 कैंडिडेट्स ने परफेक्ट स्कोर के साथ टॉप रैंक हासिल किया है। पिछले साल टॉप रैंक पर मात्र दो स्टूडेंट आए थे। ऐसे में स्टूडेंट्स का आरोप है कि कई कैंडिडेट्स के मार्क्स प्लान के तहत घटाए और बढ़ाए गए हैं। दूसरी ओर, 6 सेंटर में एग्जाम कराने में देरी हुई। समय की बर्बादी की भरपाई के लिए ऐसे सेंटरों में कम से कम 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स भी दिए गए जो जांच के दायरे में हैं। राष्ट्रपति द्वारा संसद के संयुक्त सत्र को संबोधन में पेपर लीक की गूंज से साफ है कि परीक्षाओं में शुचिता व पारदर्शिता बहुत जरूरी है। भारत में पेपर लीक मामले में अब बातें नहीं, शैक्षणिक बुलडोजर की जरूरत है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में तीन माह में फैसले की भी जरूरत है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# क्या राहुल का राजनीतिक कद और कौशल बढ़ा है ?


ललित गर्ग

राहुल गांधी लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बन गये हैं, यह उनका पहला संवैधानिक पद है, इससे पहले वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस बड़े पद के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जायेंगी। दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा।

निश्चित ही राहुल गांधी का कद बढ़ा है और अब वे स्वल्प समय में ही कद्दावर नेता की तरह राजनीति करने लगे हैं। राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है। राहुल की राजनीति को चमकाने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' के अलावा मणिपुर से मुंबई तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब प्रतिनेता के रूप में उनकी एक नई यात्रा शुरु हो रही है जो उन्हें नई राजनीतिक ऊंचाई दे सकती है। देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी एवं जनता की आवाज को जोरदार तरीके से उठाने एवं सरकार की नीतियों-योजनाओं पर तीखी नजर रखने एवं प्रभावी सवाल उठाने की स्थितियों को बल मिलेगा। लेकिन विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। नेता प्रतिपक्ष पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। राहुल की सुविधाएं बढ़ने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे। कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतकर इस पद को हासिल किया है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़े चयन के अलावा लोकपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक जैसी प्रमुख नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण पैनल के सदस्य भी होंगे। प्रधानमंत्री इन पैनल के प्रमुख होते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को लोकसभा में पहली पंक्ति में सीट मिलेगी। यह सीट डिप्टी स्पीकर की सीट के बगल वाली होगी। इसके अलावा संसद भवन में सचिवीय तथा अन्य सुविधाओं से युक्त एक कमरा भी मिलेगा। विपक्ष के नेता को औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त होते हैं। एक केन्द्रीय मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं राहुल गांधी को मिलेगी। राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचाया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है। इससे कांग्रेस ने अपना आत्मविश्वास फिर से पा लिया है, जो कोई छोटी बात नहीं और यह राहुल और प्रियंका गांधी की गतिविधियों में साफ झलकता है। साथ ही, अब इस बात को लेकर भी कांग्रेस में कोई दुविधा नहीं रह गई है कि गांधी परिवार ही सर्वोच्च है और पार्टी पर उसका पूरा नियंत्रण होगा। इसका यह भी मतलब है कि टीम-राहुल का सभी मामलों में फैसला अंतिम होगा। पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कांग्रेस का सबसे बड़ा काम दलित और पिछड़े मतदाताओं ने यूपी में जो उनकी मदद की है, उनका विश्वास बनाए रखने का है। यह बड़ी सचाई है कि आज भी देश के महत्त्व के राज्यों में भाजपा को क्षेत्रीय दल शिकस्त दे रहे हैं। अगर क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़ बना रहे, तो ही भाजपा पर दबाव आएगा। बड़ा सच यह भी है कि न भाजपा बदली है ना उसकी विचारधारा। भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी को भले ही चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिला हो लेकिन वह ही आज ताकतवर है। यह भी समझना होगा कि भाजपा विपक्ष की ताकत से नहीं, बल्कि सरकार की बड़ी गलतियों एवं पार्टी के अति उत्साह से नुकसान में पहुंची है। यह भी एक तथ्य है कि मुस्लिमों के सक्रिय समर्थन के बिना कांग्रेस को कामयाबी नहीं मिल सकती थी। निश्चित ही मुसलमानों के वोट की अहमियत कुछ-कुछ सीटों पर हार-जीत का फैसला कर गई है। भाजपा अपनी आगे की रणनीति इसी आधार पर बनाएगी और वो पिछले चुनावों के जैसी ही होगी। मतलब कि भाजपा कोई नई भाषा नहीं बोलने वाली है। वह आरोप लगाती रहेगी कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करती है। कांग्रेस के सामने चुनौती होगी कि वो इस आरोप को अपने पर आने न दे ताकि भाजपा हिंदुओं के हितों की एकमात्र रक्षक है, ऐसा दावा न कर सके। कांग्रेस को इस हिंदू-मुस्लिम राजनीतिक बवंडर से बचने के लिये अपनी रणनीति को बनाना होगा। बिना हिन्दू वोट के कांग्रेस सफल राजनीतिक पारी नहीं खेल सकती है। इसके साथ ही कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सफलता और निष्फलता का सही आकलन कर लेना जरूरी है। जनता के समक्ष अपना आत्मविश्वास बढ़ाए रखना अच्छी बात है, लेकिन मोदी आज जिस जमीन पर खड़े हैं, जनता के बीच उनकी जो स्वीकार्यता है, उसका सही आकलन करना कांग्रेस की आगे की रणनीति के लिए बेहद जरूरी होगा। राहुल गांधी सदन में विपक्ष की मजबूत आवाज बनकर उभरेंगे, इसमें सन्देह नहीं है। पक्ष एवं विपक्ष के बीच एक संतुलन बनना लोकतंत्र की खूबसूरती है एवं अपेक्षा भी है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में विपक्ष के नेता की प्रमुख भूमिकाओं में से एक सरकार की नीतियों पर 'प्रभावी' सवाल उठाना है। विपक्ष के नेता की भूमिका वास्तव में बहुत चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि उसे सरकार की विधायिका और जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी होती है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें सरकारी प्रस्तावों-नीतियों के विकल्प प्रस्तुत करने होते हैं। निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अलग एवं ऊंचे स्तर पर अपने तेवर दिखा सकता है। सरकार के लिए कोई भी बिल पास कराना अब इतना आसान नहीं होगा। मोदी की स्थिर सरकार देने की जद्दोजहद के बीच मोदी और राहुल के बीच टकराव की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता है, लेकिन बावजूद इसके सदन में सकारात्मक वातावरण बना रहना भी जरूरी है। स्थिर सरकार देश की बड़ी जरूरत है, राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट एवं आरोप-प्रत्यारोप की छिछालेदार राजनीति को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करें। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करते हुए देशहित को सामने रखना होगा। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठना होगा।

## कविता


वाजिदा तबस्सुम

### खरा सौदा

या तो मिट जाइये
या मिटा दीजिये
कीजिये जब भी सौदा
खरा कीजिये
अब जफ़ा कीजिये
या वफ़ा कीजिये
आख़री वक़्त है
बस दुआ कीजिये
अपने चेहरे से ज़ुल्फ़ें
हटा दीजिये
और फिर चाँद का
सामना कीजिये
हर तरफ़ फूल ही फूल
खिल जायेंगे
आप ऐसे ही हँसते
रहा कीजिये
आप की ये हँसी
जैसे घुँघरू बजे
और क़यामत है क्या
ये बता दीजिये
हो सके तो ये हमको
सज़ा दीजिये,
अपनी ज़ुल्फ़ों का
क़ैदी बना लीजिये।

# मुद्दों की कमी के कारण विपक्ष सेंगोल जैसे पुराने मुद्दे उठा रहा !


अशोक भाटिया

देश की नई संसद में सेंगोल को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। 18वीं संसद के सत्र के दौरान गुरुवार को समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने पत्र लिखकर संसद से सेंगोल हटाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सेंगोल का अर्थ 'राज-दंड' यानी 'राजा का डंडा' होता है। रियासती व्यवस्था खत्म करके ये देश आजाद हुआ है। ऐसे में यह देश 'राजा के डंडे' से चलेगा या संविधान से? मैं मांग करता हूं कि संविधान को बचाने के लिए सेंगोल हटाया जाए। आरके चौधरी की इस मांग का विपक्षी दल भी समर्थन कर रहे हैं। वहीं, आरके चौधरी के विरोध में एनडीए नेता उन्हें खरी खोटी सुना रहे हैं और बंटवारे की राजनीति का आरोप लगा रहे हैं।

सपा नेता ने कहा कि संसद भवन लोकतंत्र का मंदिर है। लोकतंत्र के मंदिर में सबसे बड़ा ग्रंथ संविधान है। इसलिए हम चाहते हैं कि एक बड़े आकार के संविधान की प्रति संसद भवन में स्थापित की जानी चाहिए। सेंगोल पवित्र चीज है लेकिन उसे रखने के लिए संसद सही जगह नहीं है, पवित्र चीजों के लिए मंदिर है। उसे सही जगह रख दिया जाए। इसलिए मैंने मांग की है कि इसे संसद भवन से हटा देना चाहिए। अगर लोकतंत्र को बचाना है, संविधान को बचाना है तो सेंगोल को हटाना है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव से इस मुद्दे पर बात हुई है, उन्होंने इतना कहा है कि मुद्दा उठाने से पहले आपको एक बार बात कर लेना चाहिए था। अब आगे हमारे नेता अखिलेश यादव जैसे कहेंगे वैसे हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे। सेंगोल मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के नेताओं की अलग-अलग प्रतिक्रिया भी सामने आई। सपा नेता आरके चौधरी की मांग पर पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी कहा कि प्रधानमंत्री इसके सामने सिर झुकाना भूल गए, तो शायद वह भी कुछ और चाहते थे। वहीं, कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा कि सेंगोल को लेकर समाजवादी पार्टी की मांग गलत नहीं है। आरजेडी सांसद मीसा भारती ने भी आरके चौधरी के मांग का समर्थन किया और कहा कि सेंगोल को हटाना चाहिए, ये लोकतंत्र में है, राजतंत्र में नहीं। वहीं, सत्ता पक्ष की ओर से बीजेपी सांसद खगेन मुर्मू ने कहा कि विपक्ष के पास कोई दूसरा काम नहीं है। वहीं, महेश जेठमलानी ने कहा कि सेंगोल राष्ट्र का प्रतीक है, उसे अब कोई नहीं हटा सकता। आरएलडी सांसद जयंत चौधरी ने कहा कि अकेले समाजवादी पार्टी ने संविधान का ठेका नहीं लिया है क्या? वहीं, चिराग पासवान ने कहा कि ये लोग सिर्फ बंटवारे की राजनीति करते हैं। बीजेपी सांसद रवि किशन ने कहा कि इनकी (विपक्ष) मति भ्रमित हो गई है। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा कि सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि यह पार्टी देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में और आम जनहित के मुद्दों को भी केंद्र सरकार को घेरती, जबकि सच्चाई ये है कि ये पार्टी अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है और सरकार में आकर कमजोर वर्गों के खिलाफ फैसले भी लेती है। इनके महापुरूषों की भी उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकंडों से जरूर सावधान रहें। गौरतलब है कि इतिहास के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तमिलनाडु के सदियों पुराने मठ के आधीनम महंतों का आगमन उस परंपरा को फिर से सत्ता का खास अंग बनाने के लिए हुआ था जिसका लेखा-जोखा हमारी प्राचीन पद्धतियों में दर्ज रहा है और जो इस देश की विरासत रही है। यहां सेंगोल की बात हो रही है, जिसे प्राचीन काल से राजदंड के तौर पर जाना जाता रहा है। यह राजदंड सिर्फ सत्ता का प्रतीक नहीं बल्कि राजा के सामने हमेशा न्यायशील बने रहने और प्रजा के लिए राज्य के प्रति समर्पित रहने के वचन का स्थिर प्रतीक भी रहा है। जिस सेंगोल की स्थापना नई संसद में की गई है, उसका आधुनिक इतिहास भारत की आजादी के साथ जुड़ा हुआ सामने आया है, जब तत्कालीन पीएम जवाहर लाल नेहरू को सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर सेंगोल सौंपा गया। वहीं प्राचीन इतिहास पर नजर डालें तो सेंगोल के सूत्र चोल राज शासन से जुड़ते हैं, जहां सत्ता का उत्तराधिकार सौंपते हुए पूर्व राजा, नए बने राजा को सेंगोल सौंपता था। यह सेंगोल राज्य का उत्तराधिकार सौंपे जाने का जीता-जागता प्रमाण होता था और राज्य को न्यायोचित तरीके से चलाने का निर्देश भी। रामायण-महाभारत के कथा प्रसंगों में भी ऐसे उत्तराधिकार सौंपे जाने के ऐसे जिक्र मिलते रहे हैं। इन कथाओं में राजतिलक होना, राजमुकुट पहनाना सत्ता सौंपने के प्रतीकों के तौर पर इस्तेमाल होता दिखता है लेकिन इसी के साथ राजा को धातु की एक छड़ी भी सौंपी जाती थी जिसे राजदंड कहा जाता था। इसका जिक्र महाभारत में युधिष्ठिर के राज्याभिषेक के दौरान भी मिलता है। जहां शांतिपर्व में इसके जिक्र की बात करते हुए कहा जाता है कि 'राजदंड राजा का धर्म है, दंड ही धर्म और अर्थ की रक्षा करता है।'

राजतिलक और राजदंड की वैदिक रीतियों में एक प्राचीन पद्धति का जिक्र होता है। इसके अनुसार राज्याभिषेक के समय एक पद्धति है। राजा जब गद्दी पर बैठता है तो तीन बार 'अदण्ड्योः अस्मि' कहता है, तब राजपुरोहित उसे पलाश दंड से मारता हुआ कहता है कि 'धर्मदण्ड्योः असि'। राजा के कहने का तात्पर्य होता है, उसे दंडित नहीं किया जा सकता है। ऐसा वह अपने हाथ में एक दंड लेकर कहता है, यानि यह दंड राजा को सजा देने का अधिकार देता है लेकिन इसके ठीक बाद पुरोहित जब यह कहता है कि, धर्मदंडयोः असि, यानि राजा को भी धर्म दंडित कर सकता है। ऐसा कहते हुए वह राजा को राजदंड थमाता है यानि कि राजदंड, राजा की निरंकुशता पर अंकुश लगाने का साधन भी रहा है। महाभारत में इसी आधार पर महामुनि व्यास, युधिष्ठिर को अग्रपूजा के जरिए अपने ऊपर एक राजा को चुनने के लिए कहते हैं। सेंगोल को और खंगालें तो कई अलग-अलग रिपोर्ट में इसकी उत्पत्ति तमिल तमिल शब्द 'सेम्मई' से बताई गई है। सेम्मई का अर्थ है 'नीतिपरायणता' यानि सेंगोल को धारण करने वाले पर यह विश्वास किया जाता है कि वह नीतियों का पालन करेगा। यही राजदंड कहलाता था, जो राजा को न्याय सम्मत दंड देने का अधिकारी बनाता था। ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार, राज्याभिषेक के समय, राजा के गुरु के नए शासक को औपचारिक तोर पर राजदंड उन्हें सौंपा करते थे। राजदंड उन तीन आधारभूत शक्तियों में से एक रहा है, जो राजा और राज्य की संप्रभुता का प्रतीक रही हैं। इनमें राजदंड के अलावा मुकुट या छत्र और पताका भी प्रमुख रहे हैं। जहां पताका के जरिए राज्य की सीमा निर्धारित होती थी, तो वहीं छत्र और मुकुट प्रजा के बीच राजा की मौजूदगी का प्रतीक थी और राजदंड, राजा की आम सभा में न्याय का प्रतीक रहा है। इतिहास के कालखंड से जुड़ी एक रिपोर्ट के मुताबिक, राजदंड का प्रयोग मौर्य साम्राज्य (322-185 ईसा पूर्व) में भी हुआ करता था। मौर्य सम्राटों ने अपने विशाल साम्राज्य पर अपने अधिकार को दर्शाने के लिए राजदंड का इस्तेमाल किया था। चोल साम्राज्य (907-1310 ईस्वी) के अलावा गुप्त साम्राज्य (320-550 ईस्वी), और विजयनगर साम्राज्य (1336-1646 ईस्वी) के इतिहास में भी राजदंड प्रयोग किया गया है। अभी हाल ही में ब्रिटेन में प्रिंस चार्ल्स का कोरोनेशन करते हुए उनके हाथ में राजदंड की ही प्रतीक एक छड़ी थमाई गई है। ये इस बात की गवाह है कि शाही वस्तुओं में राजदंड सबसे अहम तथ्य और शब्द रहा है जिसे राजा और राज्य की शक्तियां तय करने की क्षमता मिली हुई है। अभी के सेंगोल की बात करते हुए तथ्यों के तार चोल साम्राज्य के साथ अधिक जुड़े नजर आते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि, सेंगोल की 1947 से जुड़ा जो विस्तृत इतिहास सामने आया है उसके धागे तमिल संस्कृति की प्राचीनता से जुड़े हैं। अब यह सार्वजनिक कहानी हो चुकी है कि जब सत्ता के हस्तांतरण का समय आया तो वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने पूर्व पीएम नेहरू से पूछा कि भारतीय परंपराओं के अनुसार देश को सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक क्या होना चाहिए। तब पीएम होने वाले नेहरू ने भारत के प्रथम गवर्नर सी राजगोपालाचारी से बात की। उन्होंने ही एक गहन शोध के बाद राय दी कि भारतीय परंपराओं के अनुसार, 'सेंगोल' को ऐतिहासिक हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में चिह्नित किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने तमिल संस्कृति और चोल राज परंपरा का ही हवाला दिया। इसके आधार पर, नेहरू ने अधीनम से सेंगोल को स्वीकार किया जिसे विशेष रूप से तमिलनाडु से लाया गया था। एतिहासिक दस्तावेज बताते हैं कि, सी राजगोपालाचारी ने तमिलनाडु के तंजौर के धार्मिक मठ थिरुववदुथुराई अधीनम से संपर्क किया था। अधीनम के नेता ने उनके कहने के बाद 'सेंगोल' की तैयारी शुरू कर दी थी। तंजौर ही इतिहास का तंजावुर है जहां एक समय चोल राजवंश की महान राजधानी थी। सेंगोल के बनाने में जो आकृति और इसकी जैसी नक्काशी-बनावट नजर आती है उसकी वजह भी यह है कि प्राचीन चोल इतिहास से इसका जुड़ाव रहा है। सेंगोल के सबसे ऊपर बैठे हुए नंदी की प्रतिमा स्थापित है। नंदी की प्रतिमा इसका शैव परंपरा से जुड़ाव दर्शाती है। इसके साथ ही नंदी के होने के कई अन्य मायने भी हैं। हिंदू व शैव परंपरा में नंदी समर्पण का प्रतीक है। यह समर्पण राजा और प्रजा दोनों के राज्य के प्रति समर्पित होने का वचन है। दूसरा, शिव मंदिरों में नंदी हमेशा शिव के सामने स्थिर मुद्रा में बैठे दिखते हैं। हिंदू मिथकों में ब्रह्मांड की परिकल्पना शिवलिंग से की जाती रही है। इस तरह नंदी की स्थिरता शासन के प्रति अडिग होने का प्रतीक है। जिसका न्याय अडिग है, उसी का शासन अडिग है। इसलिए नंदी को सबसे शीर्ष पर स्थान दिया गया है जो कर्म को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी इसी आधार पर सेंगोल को निष्पक्ष, न्यायपूर्ण शासन का प्रतीक बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश की नई संसद का उद्घाटन किया था, इस दौरान उन्हें तमिलनाडु में मदुरै अधीनम मठ के प्रधान पुजारी हरिहर देसिका स्वामीगल सेंगोल भेंट किया था। इस तरह आजादी के बाद गुमनामी में खो गए सेंगोल को अब उसका पूरा वैभव आज संसद में मिल रहा है और विपक्ष जनहित के मुद्दों को न उठा कर पुराने मुद्दों को उठा रही है जो नई संसद के उद्घाटन पर ही समाप्त हो गए थे।

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रोहित बाजपेयी द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- आनंद अग्निहोत्री*, सलाहकार संपादक - गोलेश स्वामी, एसोसिएट एडिटर- मलय समीर शर्मा, उत्तराखंड कार्यालय- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

# आरोपियों की गिरफ्तारी को सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन

## एक सप्ताह में सीओ के कार्यवाही के आश्वासन के बाद थमा आक्रोश



सीओ कार्यालय का घेराव करते कई संगठनों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी

**विश्ववार्ता संवाद**

**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां सर्किल के थाना रेउसा में 24 जून को एक युवक की मौत के मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने पर मृतक की पत्नी के समर्थन में भीम आर्मी, आजाद समाजवादी पार्टी कांशीराम ने शुक्रवार को सीओ दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने मृतक का पुनः पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग पर अड़े रहे। सीओ के एक सप्ताह में कार्रवाई के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। बताते चलें कि मृतक पप्पू कुमार पुत्र दीनबंधु निवासी ऊचगांव थाना सकरन लखनऊ में रिक्शा चलाने का काम करता था।

24 जून को उसका शव सोनावां गांव के बाहर एक झोपड़ी से लटका हुआ मिला था। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव का अंतिम संस्कार करवा दिया था। मृतक की पत्नी कामिनी का कहना है कि उसके पति की हत्या कुछ

» प्रदर्शनकारियों ने मृतक का पुन: पीएम कराए जाने की मांग की

लोगों द्वारा की गई है। उसका पति आरती नमक औरत के साथ रह रहा था। जिसने अपने साथियों से मिलकर मेरे पति की हत्या कर दी है और शव लटका दिया, जिससे प्रकरण आत्महत्या का लगे। परिवार को सूचना दिए बगैर ही मृतक का पोस्टमार्टम करा दिया गया। जिसकी सूचना भी मृतक के परिवार को नहीं दी गई। मृतक की पत्नी के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं।

इस मामले में पुलिस ने नामजद हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है परंतु अभी तक किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी न होने के कारण परिवार के लोग डरे हुए हैं। इस मामले में क्षेत्राधिकार उदय राज सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है मृतक का प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत होता है। इससे पूर्व मृतक की पत्नी और आरती के बीच भी मुकदमें दर्ज हो चुके हैं। वास्तविकता क्या है यह जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

### पीएम रिपोर्ट में हैंगिंग से हुई मौत की पुष्टि

मृतक पप्पू कुमार की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई सीओ बिसवां उदय प्रकाश सिंह ने की है। ऊचगांव में मृतक के शव को रखकर प्रदर्शन करने के बाद पुलिस ने आरती व एक अन्य व्यक्ति पर हत्या का केस दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर एक घंटे हंगामी प्रदर्शन चला। ऐसे में जब पप्पू की हैंगिंग से मौत होना साबित हो चुका है फिर पुलिस हत्या जैसे मामले में गिरफ्तारी कैसे कर सकती है, यह बड़ा सवाल है।

# अपनी ही खींची 'लक्ष्मण रेखा' को लांघ रहा शिक्षा विभाग

**शिव प्रकाश मिश्र**

विश्ववार्ता एक्सक्लूसिव

» शिक्षा के अधिकार अधिनियम का काउंसिलिंग में हुआ उल्लंघन

» छात्रों के सापेक्ष शिक्षक अधिक, फिर भी नई तैनाती का फरमान

**सीतापुर।** 12460 शिक्षक भर्ती में शिक्षा विभाग खुद की खींची गई लक्ष्मण रेखा को तैनाती के दौरान लांघ गया। शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शिक्षक व छात्र संख्या का जो अनुपात है उसको इस भर्ती में अनदेखा कर दिया गया। मसलन प्राथमिक विद्यालयों में आरटीई के तहत 30 छात्र संख्या पर एक, 60 पर दो तथा 90 छात्र संख्या होने पर तीन शिक्षकों की तैनाती होनी चाहिए, लेकिन महानिदेशक सर्व शिक्षा द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों की तैनाती की सूची भेजी गई है उसमें पहले से ही शिक्षक अधिक नियुक्त हैं।

महोली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मिनपुर में 73 छात्र पंजीकृत हैं। आरटीई के मुताबिक तीन शिक्षक होने चाहिए लेकिन यहां छह शिक्षकों की तैनाती है, बावजूद इसके विद्यालय में पद रिक्त दर्शाया गया है। खैराबाद ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गौरियाखुर्द में छात्र संख्या महज 16 है जबकि यहां दो शिक्षक और इतने ही शिक्षामित्र पहले से तैनात हैं। पिसावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गरगटा में छात्रों की संख्या 22 है यहां भी पहले से दो शिक्षक व इतने ही शिक्षामित्र नियुक्त हैं।



खैराबाद ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सरांय भाट में 30 छात्रों के सापेक्ष दो शिक्षक व इतने ही शिक्षामित्र तैनात हैं। इसी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय ऐमीपुर ग्रंट में 32 छात्रों को तालीम देने के लिए दो शिक्षक व दो शिक्षामित्र हैं जबकि अगले एक-दो दिनों में एक और शिक्षक की तैनाती हो जाएगी। सिधौली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय देवपुर में 38, प्राथमिक विद्यालय कैलाशपुर में 41 व प्राथमिक विद्यालय सतीगंवा में 51 छात्रों का पंजीकरण है लेकिन सभी विद्यालयों में दो-दो शिक्षकों की तैनाती है। पिसावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भोड़वा में 37 बच्चों के सापेक्ष दो शिक्षक तैनात हैं। महोली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रक्सोहिया में 39 बच्चों के सापेक्ष दो शिक्षक तो खैराबाद ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सरफापुर में 35 बच्चों के सापेक्ष दो-दो शिक्षक तैनात हैं। इन सभी विद्यालयों में काउंसिलिंग के बाद शिक्षक अथवा शिक्षिकाओं की तैनाती होनी है। यह आंकड़े तो महज बानगी भर हैं जिले में एक सैकड़ा से अधिक विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों के अनुपात की अनदेखी की गई है।

बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि जो सूची आई है उन विद्यालयों में काउंसिलिंग कराकर नियमतः तैनाती दी जाएगी।

### देर रात तक चलेगी काउंसिलिंग

12460 शिक्षक भर्ती में जिले में 1103 शिक्षक व शिक्षिकाओं की तैनाती होनी है। इनमें पहले दिन 630 महिलाएं व 35 दिव्यांग अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की जा रही है। देर रात तक काउंसिलिंग पूरी होने की उम्मीद है, जबकि शनिवार को 438 पुरुष अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग कराई जाएगी। काउंसिलिंग को लेकर अभ्यर्थियों व उनके परिजनों की भीड़ जुटी हुई है।

# जिला कारागार का किया मासिक निरीक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार-तृतीय की अध्यक्षता में ही जिला कारागार सीतापुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी व मुख्य चिकित्साधिकारी हरिपाल सिंह उपस्थित रहे। जिला कारागार सीतापुर में जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह तथा जेलर अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य जेल अधिकारी भी उपस्थित रहे।

जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय द्वारा जिला कारागार में महिला बैरक, किशोर बैरक सहित समस्त बैरक का निरीक्षण कर बन्दियों से वार्ता की गयी। वार्तालाप के दौरान किसी भी बन्दी

» बंदियों की समस्या और शिकायतों को अधिकारियों को अवगत कराने के पीएलवी को दिये निर्देश



द्वारा निःशुल्क विधिक सेवा दिये जाने की प्रार्थना नही की गयी। जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल तथा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। जेल में स्थित अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। सभी व्यवस्था दुरुस्त पाई गयी। जनपद न्यायाधीश द्वारा ऐसे विचाराधीन बन्दियों से भी वार्ता की गयी जो आधे से अधिक सजा को भुगत चुके है।

अतः अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि ऐसे विचाराधीन बन्दी जो धारा-436ए सी.आर.पी.सी. का लाभ पाने के योग्य है, उनकी सूची प्रत्येक सप्ताह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगें, साथ ही जेल लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया तथा जेल में कार्यरत पी.एल.वी. को निर्देशित किया गया कि वे समय-समय पर प्रत्येक बैरक के बन्दियों से वार्ता करते रहे, तथा किसी भी प्रकार की शिकायत व समस्या पाये जाने पर उसे रजिस्टर पर प्रतिदिन अंकित करते रहे तथा सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों को अपने अधिकारी के माध्यम से प्रेषित करवाते रहें।

# डीएम ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं, निस्तारण के निर्देश



जनसुनवाई करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने चैंबर में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं दूरभाष पर वार्तालाप कर संबंधित अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जो भी जनसुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही है, उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं साथ ही लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्टि करने का प्रयास करें। डीएम के द्वितीय दिवस जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों एवं योजनाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### गोवध अधिनियम में दो आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** रामपुरमथुरा पुलिस ने अपराध संख्या 227/24 धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम के मामले में प्रकाश में आये अभियुक्तों मो. रहीश उर्फ रईश पुत्र गुलाम दस्तगीर उर्फ टेकचन्द निवासी मोहल्ला नूरपुर थाना महमूदाबाद तथा सूफियान पुत्र भल्लू निवासी ग्राम तिलपुरा थाना रामपुर मथुरा को क्रमशः सेमरी चौराहा व तिलपुरा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त मो. रहीश उपरोक्त शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी गोवध जैसे आपराधिक कृत्यो में अभियोग दर्ज हैं।

### पुलिस लाइन्स में एसपी ने परेड की ली सलामी



**सीतापुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स के परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को एसपी चक्रेश मिश्र ने परेड की सलामी ली। कदमताल करते जवानों की परेड का निरीक्षण भी किया। एसपी ने परेड में शामिल सभी पुलिस कर्मियों को साफ–सुथरी वर्दी पहनने तथा टर्नआउट मेंटेन रखने की सीख दी। परेड के पश्चात एसपी ने शस्त्रागार व स्टोर का निरीक्षण करते हुए संतोष जताया। एसपी ने साफ–सफाई रखने के लिए माहतहतों को प्रेरित किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक खैराबाद, सिधौली, सकरन, रेउसा, तालगांव, मिश्रिख, इमलिया सुल्तानपुर, अटरिया, महमूदाबाद, महिला थाना तथा डॉयल 112 पुलिस टीम, पुलिस लाइन में तैनात पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में तैनात पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए।

### चार जुलाई को होगी जिला पंचायत बोर्ड की बैठक

**सीतापुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुमति से जिला पंचायत की 29 जून को प्रस्तावित बोर्ड बैठक निरस्त कर दी गई है। अब यह बैठक आगामी 04 जुलाई को आहूत की गयी है। शेष बैठक का स्थान, समय, निर्देश व एजेण्डा पूर्ववत रहेगा। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### राष्ट्रीय संगठन प्रभारी बने सौरभ दीक्षित

**मछरेहटा।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य मिश्र ने मछरेहटा के निवासी अध्यापक अनिल दीक्षित के पुत्र सौरभ दीक्षित को ब्राह्मण समाज के प्रति कार्य की निष्ठा एवं संगठन के प्रति सक्रियता को देखते हुए प्रदेश संगठन प्रभारी सुरक्षा प्रकोष्ठ से पदोन्नति करते हुए राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर प्रदेश प्रभारी आलोक पांडे और प्रदेश के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### संचारी रोगों को लेकर बैठक का आयोजन

**लहरपुर।** स्थानीय विकास खंड सभागार में शुक्रवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में संचारी रोगों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम प्रधानों व सचिवों व यूनिसेफ के बीएमसी अखिलेश पांडे ने प्रतिभाग किया। बैठक को संबोधित करते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा ने संचारी रोग नियंत्रण एवं घर–घर दस्तक अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए ग्राम प्रधानों से ग्रामों में विशेष सफाई अभियान चलाने, एंटी लारवा का छिड़काव एवं गांवों में जल भराव ना होने पाने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा ,धर्मेंद्र मौर्य बीएमडब्ल्यू , सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह, सचिवशारदा प्रसाद राणा, अमित कुमार वर्मा सचिव, सचिव सुमिंद्र यादव, अविनाशरस्तोगी, कुलदीप कुमार, विष्णु गुप्ता, प्रधान वसीम बानो प्रधान रोहित कुमार, प्रधान प्रतिनिधि नीलू वर्मा, कुलदीप वर्मा प्रधान, आलम प्रधान सहित विभिन्न ग्रामों के प्रधानों ने प्रतिभाग किया।

### सौरभ मिश्रा प्रदेश सचिव किए गए मनोनीत



**सीतापुर।** सवर्ण स्वाभिमान संस्थान ने जिले के युवा अधिवक्ता सौरभ मिश्रा को प्रदेश सचिव के साथ ही विधि प्रकोष्ठ प्रभारी मनोनीत किया है। मनोनयन संस्थापक अध्यक्ष प्रभाकर सिंह चौहान के निर्देश पर संस्थापक महासचिव पंकज शुक्ला ने जारी किया। मनोनयन पर सौरभ मिश्रा ने संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सवर्ण समाज के अधिकारों को लेकर हर स्तर की लड़ाई लड़ेंगे। मनोनयन पर अनुज सिंह चौहान, अमरेंद्र सिंह चौहान, विशाल मेहरोत्रा, कुमकुम अवस्थी, कृति तिवारी, नंद किशोर शुक्ला व दुर्गेश मिश्रा आदि ने बधाई दी।

# सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी

**विश्ववार्ता संवाद**

**लहरपुर (सीतापुर)।** ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जागरूक करने एवं जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्रवार को ग्राम पंचायत अनिया कलां के मजरा अनिया खुर्द व ग्राम दारानगर के पंचायत भवन में कैंप का आयोजन किया गया। ग्राम अनियां कलां में ग्राम सचिव सत्येंद्र वर्मा व ग्राम दारानगर में एडीओ कृषि राजकुमार वर्मा ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सभी लोग जिनको किसान सम्मान निधि मिल रही है वह अपनी-अपनी केवाईसी अवश्य करा लें व जिनको किसान सम्मान निधि नहीं प्राप्त हुई है वह अपना रजिस्ट्रेशन करा लें।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी दी गई कि भारत सरकार गरीब परिवारों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया करा रही है, जिसमें आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत 6



बैठक में मौजूद ग्रामीण व अधिकारी

» विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन व रजिस्ट्रेशन आदि कराएं

यूनिट के राशन कार्ड धारक अपना-अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं और उसका लाभ लें। ग्राम सचिव सत्येंद्र कुमार ने कहा कि, सभी 60 वर्ष पूरे कर चुके लोग, वृद्धा पेंशन के लिए अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, हर घर जल योजना, मुफ्त कनेक्शन सुविधा ब परिवार में मुखिया की मृत्यु होने पर पारिवारिक लाभ जो योजनाएं हैं इसका लाभ उठाएं। प्रधान प्रतिनिधि विष्णु कुमार, पंचायत सहायक निष्ठा शुक्ला, सीएचओ लक्ष्मी राज आदि मौजूद रहे।

# रेल अधिकारियों ने किया स्टेशन का निरीक्षण

» स्टेशन यार्ड में आउटलेट और नालियों की सफाई हेतु विशेष निगरानी रखने के निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने आज अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा.) राजीव कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परि.) विक्रम कुमार तथा मण्डल के शाखाधिकारियों के साथ लखनऊ-मैलानी रेलखण्ड पर स्थित सीतापुर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड का निरीक्षण किया।

मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने मानसून आने से पूर्व बरसात के पानी की निकासी सुचारू रूप करने हेतु सभी शाखाधिकारियों को निर्देशित किया। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि संरक्षा




स्टेशन का निरीक्षण करते रेलवे के अधिकारी

हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा स्टेशन यार्ड में आउटलेट और नालियों को साफ-सफाई विशेष निगरानी रखने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आपात स्थितियों से निपटने के लिए अपनी टीमों को हाई अलर्ट पर रखें अपनी टीम से बात करें और कर्मचारियों को सतर्क रहने के लिए प्रेरित करें।

सीतापुर स्टेशन पर स्थित क्रू लॉबी में मंडल रेल प्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में ' शटिंग मेला ' का आयोजन किया गया, शंटिंग के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियां, ऑटोमेटिक ब्लॉक खंड की वर्किंग, आने वाली नॉन इंटरलॉक वर्किंग कार्य प्रणाली के विषय में ज्ञान दिया गया तथा कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी गई और उनका निदान भी किया गया।

# शिक्षा के मंदिरों में पहले दिन खिलखिलाया बाल मन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** शिक्षण सत्र के पहले दिन परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार को उत्सव जैसा माहौल नजर आया। विद्यार्थी जहां मेहमान की भूमिका में दिखे तो गुरुजन देश के भावी भविष्य की आगवानी करते नजर आए। गुरुकुल की दहलीज पर छात्र पहुंचे तो शिक्षिकाओं व शिक्षकों ने रोली व चंदन लगाकर इनका टीका किया। बच्चों को खिलौने व मुखौटे भेंट किए और मध्याह्न के वक्त इन्हें खीर, हलुआ व मिठाई परोसा गया। कई जगह पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए नौनिहालों से पौधे भी रोपवाये गए। स्कूल में गुरुजन का स्नेह, अपनत्व व आर्शीवाद पाकर बच्चे प्रफुल्लित नजर आए।

परसेंडी ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलहरी में प्रथम दिवस विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीष रस्तोगी, शिक्षिका इरफाना जैदी व अर्पिता

» रोली व टीका लगाकर किया स्वागत, खिलाई मिठाइयां

» शिक्षण सत्र के पहले दिन गुरुकुलों में रहा उत्सवी नजारा

द्विवेदी ने बच्चों के रोली व चंदन लगाकर उनका स्वागत किया। अपने घरों से लेकर आए विभिन्न प्रजाति के पौधे विद्यालय परिसर में रोपे। दोपहर के समय बच्चों को मेवायुक्त खीर भी परोसी गई। शिक्षिकाओं ने बच्चों से गर्मियों की छुट्टियां कहां बिताई जैसे सवाल किए तो बच्चों ने गर्मियों में बिताए गए लम्हों को मैम के साथ साझा किया।

पिसावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय कचूरा में प्रधानाध्यापक अनुराग अवस्थी, शिक्षिका गरिमा मिश्रा, वंदना यादव, मो. कामरान, निधि सिंह, रेखा मिश्रा व नीतू सिंह ने बच्चों को रोली का



उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलहरी में इस तरह बच्चों का बीता पहला दिन

टीका लगाकर स्वागत किया। प्रार्थना सभा के पश्चात उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण व संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी गई। पांचवीं के बच्चों ने इंडोर गेम खेलकर खूब धमाल मचाया। दोपहर में बच्चों को हलुआ परोसा गया।

लहरपुर संवाद के अनुसार अवकाश के उपरांत शुक्रवार को विद्यालयों को गुब्बारों व रंगीन झंडियों से सजाया गया। शिक्षकों ने छात्रों को टीका लगाकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया। विद्यालयों में समर कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने निकटतम दर्शनीय स्थल का भ्रमण किया।

इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, नुक्कड़ नाटक, चित्र कला तथा अपने पसंद के खेलों में प्रतिभाग किया।प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में छात्रों ने गांव के मशहूर धार्मिक स्थल जगदा बाबा मंदिर का भ्रमण किया और जंगल में मंगल, रोल प्ले के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया गया। पहले दिन बच्चों को हलवा वितरित किया गया।

नवाबनगर में छात्रों को टीका लगाकर स्वागत किया। जूनियर हाईस्कूल मस्जिदया और डिंगुरापुर में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। जूनियर हाईस्कूल मानपुर तथा प्राथमिक विद्यालय नौव्वापुर एवं शाहाबाद में भी समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया और छात्रों को खीर, हलवा व मिष्ठान का वितरण किया गया।

### संग्रह प्रणाली को बेहतर बनाने की दी जानकारी

**लहरपुर (सीतापुर)।** ग्राम पंचायत खानपुर मोहिद्दीनपुर के पंचायत भवन गुलरी पुरवा में शुक्रवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय व प्रदेश सरकार के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश में मोबाइल प्रौद्योगिकी के माध्यम से अगली पीढ़ी की ई सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करना जैसे ई कृषि, ई शिक्षा और ई स्वास्थ्य के लिए सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया। जिसमें सर्वेक्षण के डेटा संग्रह कर्ताओं में प्रमुख शुभ्रांश व उनके सहयोगी आस्था व महिमा के द्वारा डेटा संग्रह अभियान में एएनएम, आशाओं व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया। डेटा संग्रह कर्ताओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व शिक्षा के अभ्यासों में सुधार लाने, आशा व एएनम को स्मार्टफोन आईटी आधारित सहायता प्रणाली के कार्यों में सक्षम बनाकर स्वास्थ्य सेवा में सुधार लाने, कृषि पद्धतियों में सुधार के लिए डिजिटल डेटाबेस, डेटा संग्रह प्रणाली व डिजिटल उपकरण बेहतर बनाने को जानकारी दी।

**निरीक्षण** पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ डीएम ने नैमिषारण्य के विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

# जिलाधिकारी ने किया नैमिष के धार्मिक स्थलों का दर्शन पूजन

» निर्माण कार्यों का लिया जायजा, जल्द पूर्णकराने के निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**नैमिषारण्य (सीतापुर)।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज नैमिष में चक्रतीर्थ, मां ललिता देवी मंदिर एवं हनुमान गढ़ी पहुंचकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया एवं चक्रतीर्थ के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य में कराए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि जो भी कार्य कराए जा रहे हैं, वह मानक के अनुरूप हो तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने



मां ललिता देवी मंदिर में पूजा–अर्चना करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद

नैमिषारण्य क्षेत्र की साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य क्षेत्र के आसपास जो भी अवैध कब्जा है, उसको हटवा दिया जाए। नैमिषारण्य एक पौराणिक तीर्थ है, विभिन्न स्थानों से यहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा करने आते हैं हम सभी चाहते हैं कि जो भी श्रद्धालु यहां पर आए, उनके लिये हर प्रकार की सुविधा यहां पर मुहैय्या हो ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, तहसीलदार मिश्रिख सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।तत्पश्चात नैमिषारण्य स्थित निरीक्षण भवन में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत अब तक किये गए कार्यो की समीक्षा की।

उपनिदेशक पर्यटन डॉ. कल्याण सिंह से नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ में निमार्णाधीन प्रवेश द्वार, प्लाजा, टेंडर आदि कार्यों की लागत व अब तक हुए कार्यो की प्रगति की जानकारी लेते हुये कार्यों में गति लाने के निर्देश दिये। हेलीपैड, ललिता देवी मंदिर, परिक्रमा के पड़ावों, साइनेज बोर्ड, लेआउट नक्शा, भूमि अधिग्रहण आदि की अब तक बनी रणनीति व कार्ययोजना का अवलोकन कर कार्यदायी संस्थाओं व उनके प्रतिनिधियों से आगे की रणनीति की जानकारी लेते हुये जिलाधिकारी ने संबंधित संथाओं को निर्देश दिये कि सभी कार्य मानक के अनुरूप व पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जायें।

उन्होंने पर्यटन अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश देते हुये कहा कि जल्द ही अगली बैठक कर परियोजनाओं को मूर्तरूप देने पर विशेष रणनीति के तहत कार्य करेंगे।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दो महिलाओं में हुआ विवाद, एक दूसरे को सड़क पर गिरा का पीटा

**औरास उन्नाव।** थाना क्षेत्र के मदारी खेड़ा गांव में गेहूं बेचने के दौरान रास्ते में लोडर खड़ा करने को लेकर दो पक्षों की महिलाओं में जमकर विवाद हो गया। विवाद के बाद महिलाओं ने एक दूसरे को सड़क पर गिरा कर पिटाई की है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रास्ते में खड़े लोडर जानकारी के अनुसार मदारी खेड़ा गांव के रहने वाले अभिषेक पुत्र रज्जन पड़ोस में रहने वाली जीता पत्नी दीपराम के घर लोडर में गेहूं खरीद कर लोड करवा रहे थे। इस बात का गीता ने विरोध कर दिया और कहा की रास्ते में खड़े लोडर को तुरंत हटा दें। दोनों पक्षों में इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। थोड़ी देर में ही प्रथम पक्ष से अभिषेक, शालिनी पुत्री रज्जन, अनिता पत्नी बोधी, दूसरे पक्ष की गीता के साथ मारपीट करने लगी। मारपीट के दौरान गीता को सड़क पर गिरा कर जमकर पीट दिया। दोनों पक्षों की ओर से हो रही मारपीट का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद औरास थाना पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और मारपीट करने वाले दोनों पक्षों से तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू की है। इंस्पेक्टर औरास रेखा सिंह ने बताया कि तहरीर ओर वीडियो को संज्ञान में लिया गया है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर जांच पड़ताल कर अभियोग पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शराबी युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाव में अत्यधिक शराब पीकर घर पहुंचे युवक की पत्नी ने विरोध किया तो पति ने देर रात तक पत्नी से झगड़ा फसाद कर घर के बाहर पेड़ में गमछे से फंदा लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह गाव के लोगो ने शव लटका देखा तो परिजनों को सूचना दी सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमाबाद निवासी राजकिशोर 35 वर्ष पुत्र दर्शन लाल गुरुवार शाम अत्यधिक नशे में घर पहुचा यह देख पत्नी संगीता ने विरोध जताया जिस पर रात्रि 2 बजे तक दोनों में बहस चलती रही पत्नी के सो जाने के बाद राजकिशोर छत से सटे पेड़ में गमछे का फंदा लगाकर झूल गया। सुबह गाव वालो ने शव लटका देख परिजनों को सूचना दी तो कोहराम मच गया। पत्नी ने बताया कि मजदूरी कर परिवार चल रहा था शराब पीकर घर आने पर अक्सर विवाद होता था। पत्नी के अलावा चार बच्चो में शिवा, शिवांशु, दीपांशु व पुत्री पीहू का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक श्यामनारायण सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

### बैंक में रुपया जमा करने गई महिला के साथ टप्पेबाजी

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बालूघाट निवासी एक महिला दोपहर राजधानी मार्ग स्थित एक बैंक में पैसे जमा करने पहुंची थी। इसी बीच उसे दो टप्पेबाज युवक मिले और कागज की रद्दी पकड़ाकर उसके हजारों रुपए लेकर भाग गए। महिला ने पुलिस से शिकायत की है। बालूघाट गायत्री नगर मंदिर के पास रहने वाली मुन्नी देवी सब्जी बेचने का काम करती हैं। महिला ने बताया कि वह दोपहर को राजमार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक में रुपए जमा करने पहुंची थीं। तभी उसने पैसा जमा करने के लिए फार्म लिया और उसे भरवाने के लिए इधर-उधर देखती रही। मुन्नी देवी के अनुसार उसी समय बैंक में मौजूद एक युवक ने उससे पूछा और 13,500 रुपए की रकम जमा करने के लिए उसका फार्म भर दिया। इसी बीच एक और युवक उसके पास आया और रुमाल थमाकर फार्म भर रहे युवक से बोला कि इसमें बीस हजार रुपए हैं और इसे मेरे खाते में जमा कर दो। इस पर युवक ने रुपए रखा रुमाल मुझे थमा दिया और दो मिनट में आने की बात कहकर बाहर चला गया। बहुत देर तक जब वह नहीं आया तो उसे शक हुआ और रूमाल खोलकर देखा तो एक पांच सौ की नोट के नीचे कागज की रद्दी रखी मिली।हाथों में कागज की रद्दी देखकर महिला रोने लगी। इस पर बैंक में मौजूद कर्मचारियों ने उससे जानकारी हासिल की और सीसीटीवी चेक किए। महिला ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की है। टप्पेबाजी की सूचना पर पुलिस ने भी जांच पड़ताल की है और जल्द ही पकड़ने का दावा किया है।

### खंती में भरे पानी में मिला युवक का शव

**सफीपुर उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के पलटाखेड़ा बरौकी गांव के बीच बीती रात युवक का शव सड़क किनारे खंती में पानी में पड़ा मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जमलापुर गांव के रहने वाले लाल बहादुर का बेटा इनाम सिंह (35) गुरुवार दिन में करीब ग्यारह बजे घर से बाइक लेकर निकला था। देर रात घर नहीं पहुंचा तो परिजन खोजबीन करने लगे तो पलटाखेड़ा बरौकी गांव के बीच में खंती के भरे पानी के बीच शव पड़ा हुआ मिला। शव पड़ा होने की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ भी रात को इक्ट्ठा हो गई। उधर परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक चार भाइयों के बीच सबसे छोटा था। बड़े भाई राम नरेश सिंह, महा सिंह, भोप सिंह हैं। उसके दो बेटियां राखी व वंदना हैं। मौत को लेकर पत्नी रेनू व मां सुंदरा सहित अन्य परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। शव को देखकर परिजन रो रो कर बेहाल होते रहे। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि देर रात युवक का शव बरामद हुआ है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पति पत्नी के विवादित मामले का हुआ निस्तारण

**औरास उन्नाव।** औरास थाना प्रभारी रेखा सिंह व महिला हेल्प डेस्क की प्रभारी अंजली शर्मा के संयुक्त प्रयास से कुछ आपसी कहासुनी मतभेद के कारण पत्नी ने परिवारी जनों पर गाली गलौज का आरोप लगा थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया वही उपरोक्त प्रार्थना पत्र पर थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए काउंसलिंग कराई जिसमे आपसी सहमति से दोनो पति पत्नी साथ रहने को राजी हो गए।

### बेकाबू टैंकर की टक्कर से अधेड़ की मौत

**कानपुर।** जाजमऊ थाना क्षेत्र में चेकपोस्ट के समीप शुक्रवार को बेकाबू टैंकर की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि जाजमऊ के ऊंचे टीले निवासी गयासुद्दीन 55 वर्ष एक छोटी से परचून की दुकान के सहारे अपने परिवार का भरण—पोषण करता था। शुक्रवार को वह किसी काम से सड़क पार कर रहा था, इसी दौरान उसे एक बेकाबू टैंकर ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की और शव का पंचनामा करके अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

### युवा मोर्चा ने ओवेसी का पुतला फूंक जताया विरोध

**कानपुर।** संसद पर शपथ लेते समय जय फिलिस्तीन का नारा बुलन्द करने वाले हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी का विरोध अब उग्र हो चला है। भाजपा की आनुवांशिक ईकाई के कार्यकर्ता और पदाधिकारी अब इसका विरोध सडकों पर करने के लिए आगे आ रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा ने शुक्रवार को हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी का पुतला फूंक उनकी संसदीय सदस्यगता के खात्मेल की मांग उठायी। उन्होंने ओवैसी के संसद में 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाने पर विरोध दर्ज कराया। इसके साथ ही उनकी संसद की सदस्यता खत्म करने की मांग की। युवा मोर्चा के अध्यक्ष शिवांग मिश्रा का कहना है कि असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह से संसद में शपथ ग्रहण के दौरान जय फिलिस्तीन के नारे लगाए हैं। वो ठीक नहीं है। हम लोग इसका विरोध करते हैं। संसद में इस तरह से नारे लगाना अनुचित है। हमारी मांग है कि ओवैसी की सदस्यता को खत्म किया जाए। इस दौरान कौशलपुरी के मंडल अध्यक्ष अंकित मिश्रा और अभिमन्यु सक्सेना भी मौजूद रहे। संयोजक अजय त्रिवेदी, विकास जायसवाल, सुरेश सिंह सेंगर, मनीष अवस्थी, मनीष मिश्रा, अभिषेक तिवारी ने शिव भक्तों का अभिवादन किया।

### वृद्धा पेंशन के 2250 लाभार्थियों का पात्र सूची से हटाया गया नाम

**कानपुर।** योगी सरकार पारदर्शी तरह से वृद्धा पेंशन उपलब्ध करा रही है। लेकिन कुछ ऐसे खातों में पेंशन जा रही थी, जो वर्तमान में जीवित ही नहीं है। इसका खुलासा समाज कल्याण विभाग द्वारा घर-घर सत्यापन कराने के बाद हुआ। कानपुर नगर में कुल 2250 मृतकों के खातों को बंद करा दिया गया। यह जानकारी शुक्रवार को कानपुर नगर समाज कल्याण अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार वृद्धा पेंशन योजना को पारदर्शी तरह से संचालित कर रही है। समय-समय पर सर्वे कराया जाता है। जिले के 10 ब्लाकों में करीब 78 हजार वृद्धा पेंशन के लाभार्थी हैं। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद शासन के निर्देश पर पुनः सर्वे कराया गया तो, यह जानकारी हुई कि जनपद में कुल 2250 लाभार्थियों के खाते में मृत्यु के बाद भी धनराशि जा रही है। ऐसे सभी लाभार्थियों का नाम सूची से हटा दिया गया और खाते में धनराशि भेजने पर रोक लगा दी गई। विभाग ने पात्र सूची से नाम हटाकर पेंशन खाते पर रोक लगाने के लिए बैंक को पत्र लिखा है।

# शिफ्ट खत्म होने पर पीआरवी छोड़कर भागे तीन पुलिसकर्मी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** शिफ्ट खत्म होने के बाद पीआरवी छोडकर अपने गंतव्य को चले गए पुलिस कर्मियों की हीला-हवाली अब उनकी नौकरी पर बन आयी। पीआरवी को लावारिश छोड़ने के मामले में तीन पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी गई है। पीआरवी में तैनात पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आने पर एक-एक वाहन की समीक्षा शुरू कर दी गई है। इससे कि फिर कोई पुलिस कर्मी इस तरह की लापरवाही नहीं करे। इसके साथ ही पीआरवी में तैनात पुलिस कर्मियों की सक्रियता को भी चेक किया जा रहा है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने बताया कि बीते मंगलवार को किसी काम से गोल चौराहा की ओर जा रहे थे। मोतीझील मेट्रो स्टेशन के नीचे उन्हें एक पीआरवी की इनोवा खड़ी थी, लेकिन उसमें कोई भी




पुलिस कर्मी मौजूद नहीं था। शक होने पर उन्होंने अपनी गाड़ी भी वहीं रोक दी और पड़ताल की तो चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई। पीआरवी में तैनात ड्राइवर नवरत्न सिंह, दो हेड कांस्टेबल चंद्रशेखर और विदोषी कुमार मिश्रा के साथ गाड़ी पर थे। उनका ड्यूटी टाइम समाप्त हो गया था। उन्होंने अपने बाद आने वाली टीम की प्रतीक्षा नहीं की और गाड़ी को लावारिस में छोडक़र चले गए। लापरवाही करने वाले तीनों पुलिस कर्मियों को जांच के बाद निलम्बित कर दिया गया है।

इसके साथ ही तीनों के खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी गई है। वहीं एडिशनल पुलिस कर्मी की सख्ती के बाद अब शुक्रवार को डायल-112 के एडीसीपी लाखन यादव ने पीआरवी की समीझा शुरू कर दी है। उन्होंने कई वाहनों की सूचना देकर भी उनका रिस्पांस टाइम चेक किया। कानपुर में पीआरवी से जुड़ा एक और घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। पीआरवी 431 बुधवार की रात सडक़ पर बेहोश पड़ी एक महिला को उसी हालत में छोडक़र आगे बढ़ गई। एक जिम्मेदार नागरिक द्वारा जब पीआरवी से मदद से गुहार लगाई तो गाड़ी में सवार पुलिसकर्मियों ने उसी को धमका डाला। बाद में राहगीरों ने महिला को प्राथमिक उपचार देकर होश में लाए। इस मामले में भी जांच के आदेश दिए गए हैं।

## सोशल मीडिया बना खोए हुए भाई बहनों के मिलने की वजह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** सोशल मीडिया एक बार फिर से लोगों को जोडने की मुख्य वजह बन गया है। सोशल मीडिया के इन्स्टाग्राम प्लेटफार्म पर रील बनाना एक भाई को अपनी बहनो से मिलवाने का मुख्य हथियार बन गया। घर से मजदूरी करने निकला भाई लगभग 18 सालों के बाद अपनी बहनो के साथ ही अपने परिवार से मिल पाया।

नरवल में 18 साल पहले खोए भाई को इंस्टाग्राम पर वायरल रील से बहन ने पहचान लिया। भाई अपने परिवार को पूरी तरह से भूल चुका था। तो इंस्टाग्राम पर बहन ने याद दिलाया। इसके बाद वह परिवार से मिलने के लिए व्याकुल हो उठा। गुरुवार को वह राजस्थान से अपने परिवार के साथ कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर पंहुचा तो बहनें भाई से लिपटकर रोने लगीं। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद के इनायतपुर निवासी संवली खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। परिवार में पत्नी रामकली के अलावा तीन बेटे बालगोविंद, धीरज और मनीष हैं। तीन बेटियां रेखा, राजकुमारी और सुलेखा हैं। पिता संवली ने बताया कि बड़ी बेटी रेखा और मंझली बेटी राजकुमारी की शादी कानपुर जनपद के महाराजपुर थाना क्षेत्र के गंगागंज में की है। वहीं छोटी बेटी सुलेखा अविवाहित है। कई महीनों उसने फुटपाथ पर रातें बिताई। वहां उसने ईश्वरी नाम की लड़की से शादी कर ली और उसके दो बच्चे भी हो गए। पंद्रह दिन पहले बालगोविंद की बहन राजकुमारी ने इंस्टाग्राम पर उसके वीडियो देखे तो हूबहू मिलते चेहरे से पहचान लिया।

वह परिवार से मिलने के लिए व्याकुल हो उठा। गुरुवार को वह अपने परिवार के साथ कानपुर पहुंचा। 18 साल पहले बिछड़े भाई से मिलते ही बहनें फफक कर रो पड़ी।

## डीएम को संबोधित अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बीघापुर उन्नाव।** तहसील मुख्यालय पाटन में अधिवक्ताओं के सभी संगठनों ने भारत सरकार द्वारा नए अपराधिक कानून के विरोध में डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार शुक्ल उर्फ विन्नू बाबू ने कहा कि नई आपराधिक संहिता में कई विसंगतियां हैं। उन्हें दूर करके ही सरकार को लागू करना चाहिए। इस नए कानून को उनका संगठन विरोध करता है। तहसील बार संगठन के अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह ने कहा नए कानून में साक्ष्य की धारा में जिरह करने के अधिवक्ताओं के अधिकार को पंगु कर दिया है। काले कानून को वापस लिया जाए। बैसवारा अधिवक्ता संघ के अरविंद प्रताप सिंह



ने कहा कि यह कानून न्यायालय, अधिवक्ता व आम लोगों के लिए हितकारी नहीं है। इनमें व्यवहारिक संशोधन किया जाना जरूरी है।

सभी संगठनों ने सभी न्यायालयों में प्रस्ताव भेज कर एक दिन के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहे कृष्ण पाल सिंह की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अमरनाथ बाजपेई, विजय सिंह, बृजमोहन वर्मा, शिवकुमार वर्मा, रण विजय सिंह आदि अधिवक्ता गण शामिल रहे।

## कानपुर में लव-जिहाद के मामले को लेकर हिन्दू संगठनों ने जमकर किया हंगामा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** नगर में लव जिहाद का मामला सामने आने पर हिन्दू संगठनों ने युवक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने संगठन के कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर मामले का शान्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिल सकी। गांववालों का आरोप है कि एक मुस्लिम युवक ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर प्रेमजाल में फंसाकरकिशोरी के साथ जबरन संबंध बनाएं। किशोरी और उसकी मां पर शादी के लिए दबाव भी बनाया। जब किशोरी की मां नहीं मानी तो गुरूवार को मुस्लिम युवक किशोरी के गांव पहुंचा। इसके बाद किशोरी को जबरदस्ती अपने साथ ले गया। परिजनों ने किशोरी की तलाश शुरू की और पुलिस को जानकारी दी। फरार युवकऔर किशोरी की इधर पुलिस तलाश रही थी, तभी रात 11 बजे हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवक को किशोरी समेत पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

जानकारी मिलते ही सड़कों पर आए हिंदू संगठनों ने हंगामा किया। संगठनों ने पुलिस पर मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। उसकी मां एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करके परिवार का जीवन यापन करती हैं। हकीम नगर चौबेपुर निवासी वक्रुद्दीन का 35 वर्षीय पुत्र नौशाद धार्मिक कार्यक्रमों में ढोलक बजाने और घर-घर जाकर कोचिंग पढ़ाने का काम करता है। उसने किशोरी को प्रलोभन देखकर और बेलापुर लाकर अपने प्रेम जाल में फंसाया। युवक किशोरी को जबरदस्ती अपने साथ ले गया आरोप है कि युवक ने किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाएं। इसके बाद उस पर और उसकी मां पर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। किशोरी की मां और समाज का विरोध देख युवक पगला उठा और गुरुवार को वह एक गाड़ी लेकर किशोरी के गांव पहुंच गया। फोन कॉल कर उसने बहाने से किशोरी को बुलाया। फिर उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गया। जानकारी होने पर परिजनों ने किशोरी की तलाश शुरू की। हरकत में आई पुलिस इधर दोनों की तलाश कर ही रही थी, तभी गुरुवार देर रात किशोरी को कहीं दूर ले जाने का प्रयास कर रहे युवक को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने दोनों को पुलिस को सौंप दिया। मामले की जानकारी मिलते ही एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी, डीसीपी विजय ढुल और एसपीएस चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को समझा-बुझाकर शांत कराया और आरोपित पर कठोर कार्रवाही का आश्वासन दिया। एसीपी अजय त्रिवेदी के अनुसार नाबालिग हिंदू लड़की को एक दूसरे समुदाय विशेष के लड़के के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## ग्रीनपार्क मैदान के डैमेज हो चुके ड्रेनेज सिस्टम को है ड्रेनेज की जरूरत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** बारिश के चलते कई अन्तर्राष्ट्रीय व घरेलू मैचों को बाधित करने वाले ग्रीनपार्क के ड्रेनेज सिस्टम को भी ड्रेनेज करने करने के लिए सुधार की आवश्यकता आन पडी है। लगभग 38 लाख की लागत से निर्मित स्टेडियम के क्रिकेट मैदान का ड्रेनेज पूरी तरह से डैमेज हो चुका है। ग्रीनपार्क मैदान में ड्रेनेज सिस्टम साल 2018 में यूपीसीए की ओर से लगवाया गया था। इसके बाद यहां पर टेस्ट मैच और लीजेन्ड वर्ल्ड कप सीरीज के अलावा यूपीपीएल और रणजी ट्राफी के मैच बारिश के चलते पूरी तरह से बाधित रहे थे। गौरतलब है कि ग्रीनपार्क में बारिश के दौरान पानी भर जाता था और मैचों के दौरान यदि मैदान पर पानी रह जाता था तो उसे निकालने में एक से दो दिन का समय लग जाता था। हालांकि ग्रीनपार्क में ड्रेनेज सिस्टम लगने के बाद पानी की निकासी में समय कम लगता है लेकिन फिर भी इतना समय से नही निकल पाता कि मैच को उसी दिन शुरु करवाया



जा सके। बतातें चलें कि ग्रीनपार्क में ड्रेनेज सिस्टम के साथ ही मैदान के रेनोवेशन का काम भी किया गया था जिसमें पिच से बाउन्ड्री की ओर लगभग 1 से डेढ फीट तक ढलान कर पानी की निकासी के रास्ते बनाए गए थे लेकिन ये नालियां इतनी गहरी नही बनवायी गयी जिससे पानी तेजी के साथ आसानी से निकल सके।

मैदान को एक एक तरफ से खोदकर सैंड बेस्ड का काम किया गया था बीते कई सालों पूर्व भी सैंड बेस्ड तकनीक की कमी के चलते सितंबर में ही इंडिया ग्रीन व इंडिया ब्लू का दिलीप ट्राफी का मैच धुल गया था। मैदान में डायरेक्टर पवेलियन से लेकर सी बालकनी तक जमकर जल भराव हो गया था जो अभी भी इसी समस्या से जूझ रहा है। इसमें बारिश के कारण मैदान कम सैंड के चलते सूख नहीं सका और मैच ड्रा रहा था। पूरे मैदान को सैंड बेस्ड करने के साथ-साथ घास और पुराने पवेलियन की अभ्यास विकेटों को भी दुरुस्त करने का काम भी एक के बाद एक मैदान को ढलान युक्त बनावाया गया था लेकिन निवर्तमान विकेट निर्माणकर्ता और कुछ पदाधिकारियों की कमीशन वाली मिलीभगत से मैदान का ड्रेनेज सिस्टम अभी तक उसको दुरुस्त करवाने की कहानी बयां कर रहा है। बतातें चलें कि अभी तक ग्रीनपार्क में जितने भी मैच बारिश के कारण हुए हैं वह सभी अगस्त और सितम्बर महीने में ही खेले गए है और मैदान से पानी न निकल पाना उसकी मुख्य वजह रही है। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ होने वाला टेस्ट मैच भी सितम्बर के आखिरी सप्ताह में ही खेला जाएगा। यदि उस दौरान भी तीन से चार घन्टे अगर बारिश हुयी तो इस ड्रेनेज सिस्ट म के चलते मैदान तो समय से सूखने से रहा। अभी तक यूपीसीए के किसी भी अधिकारी ने इस बात की सुध नही ली है इस बारे में यूपीसीए के एक पदाधिकारी ने बताया कि अगले सप्ताह संघ के अध्यक्ष निधिपति सिंहानियां के ग्रीनपार्क आने की सम्भावना है उनको इस स्थिति से अवगत करवा दिया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करवाने की पहल भी उन्ही के माध्यम से करवाने का प्रयास किया जाएगा।

## कानपुर समेत अन्य जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी

**कानपुर।** मौसम विभाग ने उप्र में कानपुर नगर समेत 15 जनपदों में शुक्रवार को मेघ गर्जन,आकाशीय बिजली और अचानक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलने वाली हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। यह जानकारी चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक प्रदेश के कानपुर नगर, इटावा, आगरा, फिरोजाबाद ,मैनपुरी, इटाह, कासगंज, कानपुर देहात,उन्नाव, औरैया, कन्नौज, हरदोई, फर्रुखाबाद,शाहजहांपुर,बदायूं में शुक्रवार को मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली और अचानक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलने वाली हवाओं के साथ वर्षा की चेतावनी जारी किया है।

## भीषण गर्मी में स्कूल पहुंचे नौनिहाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देश पर गर्मी की छुट्टियों के बाद परिषदीय विद्यालय जहां शिक्षकों के लिए 25 जून से खुल गए थे। वहीं 28 जून (कल) से नौनिहालों का आगमन प्रारम्भ हो गया। बच्चों के विद्यालय आने पर उनका रोली-टीका लगाकर शिक्षकों नें स्वागत किया। साथ ही स्कूलों को रंगोली, झंडी, गुब्बारों से सजाया गया। पहले दिन ही नौनिहालों को मिड-डे-मील में हलवा खिलाया गया।इसके साथ ही बच्चों को समर कैंप आयोजित कर मौज-मस्ती कराई गयी।

जिले में कुल 2709 के करीब परिषदीय विद्यालय हैं। इन परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां बीते 18 जून को समाप्त हो गई थीं। लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए इसे एक सप्ताह आगे बढ़ा दिया था। इसके बाद विद्यालय 25 जून से खोल दिए गए थे। ताकि शिक्षक व कर्मचारी स्कूल पहुंच कर साफ-सफाई कराने के साथ ही पढ़ाई के लिए माहौल तैयार करा सकें। वहीं नौनिहालों को 28 जून से बुलाया गया था। इसे लेकर जिले के सभी परिषदीय स्कूलों में भव्य आयोजन किया गया। इसी क्रम में परिषदीय विद्यालय खुलने के प्रथम दिवस पर प्राथमिक विद्यालय सूसूमऊ फतेहपुर चौरासी में स्कूल की इंचार्ज शिक्षिका श्रीमती ज्योति व सहायक शिक्षक शिव प्रताप सिंह ने मिलकर बच्चो का स्वागत बच्चो के मस्तक पर टीका लगाकर किया। बच्चो द्वारा स्कूल के परिसर में फूल और पत्तियों का प्रयोग करके रंगोली बनाई गई और मिड्डे मील में हलवा बनाकर बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर स्कूल की रसोइया आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थिति रही।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला मजदूर का शव

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** थाना क्षेत्र के पुलिस पी टी एस में काम करने वाले मजदूर का शव शुक्रवार को निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास एक यूके लिप्ट्स के पेड़ से संदिग्ध अवस्था मे लटकता मिला। साथी श्रमिक की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के राजीव पुरम स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के पास एक यूके लिप्ट्स पेड़ से एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था मे लटकता मिला। सुबह जब साथ के लोगों ने देखा तो अवाक रह गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक का नाम धनेश पुत्र अशर्फी 32 वर्ष निवासी बांस गांव थाना विसुन पुरिया जनपद कुशीनगर बताया है। और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। उपनिरीक्षक विष्णु दत्त ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण का कार्यक्रम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांगरमऊ उन्नाव।** अब्दुल गफ्फार महाविद्यालय गंजमुरादाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करके कहा कि आज के दौर में शिक्षा प्रदान करने के तरीके आधुनिक हो गए हैं। कोरोना काल के दौरान छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की गई थी। ऐसे में कई छात्र ऐसे थे जिनके पास टेबलेट या स्मार्टफोन उपलब्ध ना होने के कारण वह ऑनलाइन शिक्षा से वंचित रह गए थे। सभी छात्र तकनीक से जुड़कर आगे बढ़े इसी बात को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार आप सभी लोगो को निःशुल्क स्मार्टफोन उपलब्ध करा रही है। सरकार का उद्देश्य है कि उत्तर



प्रदेश का युवा आगे बढ़े और अपने कौशल से प्रदेश का नाम रोशन करे। सरकार वह सभी सुविधा आप लोगो को उपलब्ध करा रही है।

जिससे आप देश को विकसित बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। जिसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। अभ्युदय योजना गरीब का बच्चा भी आई.ए.एस, पी.सी.एस बन सके इसके लिए सरकार ने यह योजना चलाई है और प्रति वर्ष होनहार बच्चे अभ्युदय में कोचिंग करके अपने मुकाम को हासिल कर रहे हैं। सफलता की केवल एक ही सीढ़ी है वह है मेहनत। मेहनत के दम पर आप बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन गंजमुरादाबाद रामनरेश कुशवाहा, राधेलाल राठौर, प्रमेश चौधरी, अखिलेश सिंह, जयपाल पटेल, महिपाल कटियार सहित विद्यालय प्रबंधक जुल्फिकार अली भुट्टो व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

**हौसलाअफजाई** विद्यालय में बच्चों को प्रेरित करने वाली फिल्में दिखाई गईं

# स्कूल खुलने पर पहुंचे बच्चों का उत्सव के रूप में किया गया स्वागत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** शहर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सिविल लाइन, सिकंदर पुर सरोसी ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बरवट, औरास उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में पहली बार आए बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के गेट पर वेलकम लिखा गया। और बच्चों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। विद्यालय में बच्चों को प्रेरित करने वाली फिल्में दिखाई गईं। विद्यालय की साफ-सफाई कराई गई। बच्चों के लिए हलवा बनवाया गया। इस दौरान बच्चों का और शिक्षकों का उत्साह देखने लायक रहा।नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। शुक्रवार को पहले दिन सुबह प्राइमरी विद्यालय के शिक्षक बच्चों को नजदीकी मिडिल स्कूल में दाखिला कराने पहुंचे। प्राध्यापक की देखरेख में प्रवेश उत्सव मनाया गया।शहर के प्राथमिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र में नामांकित नए बच्चों एवं नई कक्षाओं के लिए उतीर्ण हुए बच्चों का विद्यालय में सामूहिक रूप से भव्य स्वागत किया गया। मौके पर आर्य संस्कृति परंपरा के अनुसार विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम ने वैदिक हवन-यज्ञ-मंत्रोच्चारण के साथ पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर विद्यालय में बच्चों का भव्य स्वागत किया।शिक्षक सौरभ के नेतृत्व व निर्देशन में बच्चों के लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो वैदिक हवन यज्ञ और गायत्री मंत्र सहित कई वेद मंत्रोच्चारण के साथ अगला प्रारंभ हुआ। वैदिक हवन



यज्ञ कार्यक्रम में कक्षा एल के जी से लेकर आठवीं तक के सभी विद्यार्थी एवं विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया। मौके पर सभी बच्चे और उनके अभिभावक काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। प्राचार्य ने बच्चों के समुचित और सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों को प्रयासरत रहने की अपील की। उन्होंने बच्चों से परिश्रम के फल और अनुशासन जैसे विषय पर भी चर्चा की। उन्होंने आधुनिक शिक्षा में बदलाव और बच्चों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति को परखने के लिए सभी कक्षाओं में को कैरिकुलर एक्टिविटी, ड्राइंग, भाषण, क्विज संगीत, खेलकूद जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन करने दिया।

**विद्यालय पहुंचे बच्चो का किया गया जोरदार स्वागत**

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। गर्मी की छुट्टियों के बाद खुले बेसिक स्कूलो में आज से विद्यार्थियों का आना शुरू हुआ, शासन के निर्देश के अनुसार पहले दो दिन स्कूल में समर कैंप का आयोजन होना है। बच्चों का विद्यालय आगमन पर स्वागत धूम धाम से किया गया।

विदित हो कि शासन की मंशानुसार क्षेत्र के बेसिक विद्यालय में तैनात शिक्षक 25 जून से उपस्थित रहकर विद्यालय की व्यस्था दुरुस्त कर रहे हैं। प्रदेश भर के स्कूलों में बच्चों के लिए 28 और 29 दो दिन समर कैंप का आयोजन होना है। 30 जून को रविवार है। एक जुलाई से नियमित कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। शिक्षकों के लिए 25 जून से ही स्कूल खुल गए थे। इसी क्रम में आज क्षेत्र के हरदास पुर गांव स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्षेत्र के ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद विद्यालय में आए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए टीका लगाया। विद्यालय भी सजाया गया था।

इसी तरह उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट काजीपुर कच्छ, उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट भड़सर नौशहरा, कठिघरा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट, उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट राजेपुर आदि गांवो में विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। वहीं क्षेत्र के विद्यालयों में स्वागत कार्यक्रम के साथ स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था रही।

## एक नजर

### युवक का शव मिला

**रायबरेली।** सलोन थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मसौदाबाद मजरे बघौला निवासी चन्द्रेश 35 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बघौलाचौराहा निकट मिला है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताया है ।सीओ ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु कार्रवाई किया गया है ।जिसके मामले में जांच पड़ताल जारी किया गया है।

### मारपीट में नौ घायल, अस्पताल में भर्ती

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव बाबा का पुरवा में पुरानी रंजिस में दो पक्षों में लाठी डंडा चल गया ।जिसमें उसी गांव की तारादेवी, शीला, रंजीत व रंजीत की पत्नी छोटकी व दूसरे पक्ष से चांदनी, रागिनी, सोनी, गौरव, मोहिनी को चोटे आने पर सीएचसी में प्राथमिक उपचार करवाया गया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के अनुसार दोनो पक्षों से कार्रवाई किया जाएगा।

### ससुर पर बहू ने लगाया महिला अपराध का आरोप

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के एक गांव की बहू पर उसके ही ससुर द्वारा महिला अपराध से संबंधित गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में लिखित तहरीर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बहू के आरोप पर ससुर से पूरे प्रकरण की पूंछतांक्ष किया जा रहा है ।जिसके बाद विधिक कार्रवाई किया जाएगा।

### 24 वें दिन टूटा प्यार, दी तहरीर, पति गिरफ्तार

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के एक गांव के युवक ने गदागंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ प्रेम विवाद किया ।जिसके बाद दोनो के परिजन रजा मंदी के साथ रहने लगे ।जिसके 24 वें दिन महिला ने अपने पति पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है ।जिसको लेकर आरोपी युवक एक प्रधान का छोटा भाई होने के नाते पुलिस प्रकरण में एफआईआर दर्ज करने की जगह आरोपी युवक को महज 151 में चलान कर दिया गया ।सीओ ने बताया कि जांच किया जाएगा।

### चाची के घर कूदा भतीजा, गिरफ्तार

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गंगा कटरी एक गांव में चाची घर में अकली थी ।उसी दौरान उसका भतीजा उसके ही घर में कूदकर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया तभी महिला के परिजन जगकर उसको पकड़ लिया जिसके बाद उसकी पिटाई करके पुलिस के सुपुर्द कर दिया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

### भूमि विवाद में गालीगलौज व दी धमकी, वीडियो वायरल

**रायबरेली।** लालगंज थाना क्षेत्र के गांव बन्नामऊ में खेत पर ट्यूबेल चलाने की बात को लेकर दो पक्षों में गालीगलौज व जान से मारने की सरेआम धमकी दी जा रही थी ।जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया ।जिसमें एक दूजे के खिलाफ जमकर हुए तू तू मैं मैं के रिकार्ड ने हड़कंप मचा दिया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वीडियो के आधार पर जांच करके कार्रवाई किया जाएगा।

### किसान की सर्पदंश से मौत

**रायबरेली।** डीह थाना के गांव पूरे भगवान दीन निवासी सत्यप्रकाश 46 वर्ष पुत्र कालीदीन अपने घर के निकट खुले में शौंच हेतु गए थे जहां पर सर्प ने डस लिया जिसके बाद उनको परिजन के द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर उनकी मौत हो गई है ।डीह थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है ।परिजन में रो रोकर बुरा हाल था।

### करंट से युवक की मौत

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव निरंजनपुर मजरे खुर्रमपुर निवासी रमाकांत 19वर्ष पुत्र राजकिशोर अपने घर पर कटे तार की चपेट में आने से करंट में गंभीर झुलस गये जिनको परिजन द्वारा अस्पताल लाया गया ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की सूचना मिली है जिसमें विभागीय कार्रवाई शव को कब्जे में लेकर किया जा रहा है।

### दो किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रायबरेली।** मिलएरिया थाना के शक्तिनगर निवासिनी 13 व 15वर्षी दो सगी बहने संदिग्ध परिस्थितियो में लापता हो गई ।जिसमें पुलिस ने परिजन की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल में जुट गई है।

### मारपीट का वीडियो जगतपुर का वायरल

**रायबरेली।** जगतपुर थाना के गांव कूड़ है जहां पर विवाद को लेकर हुए महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के बाद दो पक्षों में मारपीट जमकर हो गया ।जिसमें आधा दर्जन घायल हुए। जिसका वीडियो वायरल मारपीट का होने के बाद हड़कंप मच गया ।सीओ ने बताया कि जांच वीडियो के आधार पर करवाया जा रहा है।

### गदागंज पुलिस पर चार महुआ के पेड़ कटवाने का आरोप

**रायबरेली।** गदागंज थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर धई में चार महुआ के हरे पेड़ वगैर परमिट के काटने का आरोप पुलिस पर ही ग्रामीणों ने लगाया है। जिसका प्रकरण सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। डलमऊ क्षेत्र के वन विभाग के रेंजर ने बताया कि जांच करके हरे पेड़ों की कटान करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा। सीओ ने बताया कि पुलिस की भूमिका की जांच की जाएगी।

# 12 वर्षों से बंद पड़ी यूनिट डीएम के निर्देश से पुनः चालू

## डीएम ने राणा बेनी माधव सिंह जिला चिकित्सालय में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का किया अनावरण

» प्लेटलेटस की कमी एवं पैक्ड सेल आरबीसी के लिए मरीजों को जिला अस्पताल में मिलेगी सुविधा





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए अब राहत देने और अच्छी खबर है कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राणा बेनी माधव सिंह जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस यूनिट के शुरू हो जाने से मरीजों को प्लेटलेट्स और ब्लड से संबंधित किसी भी समस्या के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। हाल ही में डीएम ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया था और तभी उन्होंने सख्ती के साथ यूनिट को चालू करने के निर्देश दिए थे। यूनिट 12 वर्षों से बंद पड़ी थी ।जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेंद्र मौर्य ने अथक प्रयास से कार्यवाही को पूर्ण करते हुए इस यूनिट की स्थापना ब्लैक बैंक में की है।

**डेंगू , वाइरल फीवर प्लेटलेट्स वाले मरीजों को मिलेगा लाभ**

ब्लड कम्पोनेण्ट सेपरेटर यूनिट से प्लेटलेट्स,पैक्ड आरबीसी तथा प्लाज्मा का निर्माण किया जायेगा। प्लेटलेट्स से उन मरीजों (डेंगू, वाइरल फीवर आदि) को लाभ मिलेगा जिनमें प्लेटलेट्स की कमी हो जाती है। पैक्ड सेल आरबीसी का उपयोग सीवियर एनीमिया के मरीजों में किया जायेगा। पूर्व में प्लेटलेटस की कमी एवं पैक्ड सेल आरबीसी के लिए मरीजों को या तो एम्स (रायबरेली) या केजीएमयू लखनऊ रिफर किया जाता है,अब उन मरीजों को उक्त स्थानों पर रेफर नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर डा. सै.अलताफ हुसैन वरिष्ठ परामर्शदाता, डा. हेमारानी गुप्ता पैथोलाजिस्ट ब्लड बैंक डा. ऋचा त्रिपाठी, डा. श्वेता सिंह, डा. दीपेन्द्र सिंह, डा. जे.के लाल, डा. पी.के. वैसवार, डा. राजीव अग्रवाल, डा. राजेन्द्र शर्मा, डा. बी.आर. यादव हास्पिटल मैनेजर तथा ब्लड बैंक एवं जिला चिकित्सालय के समस्त स्टॉफ तथा चिकित्सालय के चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

## बिजली गिरने से किशोर की मौत, तीन लोग झुलसे

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** शुक्रवार को दोपहर बाद बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से गंगाकटरी क्षेत्र मे जानवर चरा रहे चार किशोर झुलस गए जिसमें एक की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए । बिजली गिरने से 6 बकरियों की मौत हो गई है।

ऊंचाहार थाना के गंगाकटरी गांव पूरे बिन्दा पाण्डेय मजरे गोकना निवासी सुभाष 13 वर्ष पुत्र रामआसरे, राजकुमार 15वर्ष पुत्र गुरूप्रसाद, जितेन्द्र कुमार 12 वर्ष पुत्र देसराज , आयुष 12 वर्ष पुत्र रामराज शुक्रवार के दिन बकरी चरा रहे थे तभी लगभग तीन बजे एकाएक झमाझम बारिश शुरू हो गई। आकाशीय बिजली गिरने से चारो झुलसकर अचेत हो गए। झुलसे हुए सभी लोगों को सीएचसी में भर्ती किया गया जहां पर राजकुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई है।जबकि अन्य तीनो को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक राजकुमार का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है बकरियों के शवों का पशुचिकित्सा विभाग की टीम ने पोस्टमार्टम हेतु कार्रवाई किया है।एसडीएम ने बताया कि मृतक व झुलसे परिवार की सूंची तैयार करके शासन को भेजा जाएगा।जिसकी रिपोर्ट तैयार हेतु तहसीलदार के नेतृत्व में टीम भेजा गया है।

## पति समेत पांच पर दहेज हत्या का केस दर्ज

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव झमनीकापुरवा निवासिनी प्रतिमा की संदिग्ध परिस्थितियो में फांसी के फंदे से लटकते मिलने के मामले में मृतका के पिता दिनेश कुमार पुत्र हरदेव निवासी पूरे बछऊ मजरे इटौराबुजुर्ग की तहरीर पर पति शिव ओम पाण्डेय, ससुर कुलदीपनारायण पाण्डेय, सास ललिता देवी, देवर हर्षिता पाण्डेय, नंद शिवानी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा ऊंचाहार थाने में दर्ज किया गया है।पुलिस ने पांचो को गिरफ्त में लिया है।थाना प्रभारी ने बताया कि विवेचना सीओ साहब करेंगे जहां के लिए ट्रांसफर कर दिया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर का शव झाड़ियों में मिला, हत्या की आशंका, क्षेत्र में फैली सनसनी

» पुलिस के मुताबिक युवक शराब पीने का आदि था

» युवक की मौत की खबर से परिवार में मातम छाया हुआ है

**विश्ववार्ता संवाददाता**

सलोन,रायबरेली। घर से मजदूरी करने निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर से पांच सौ मीटर दूर बाग की झाड़ियों में मिलने से सनसनी फैल गई। परिजन व ग्रामीणों ने मजदूर हत्या की आशंका जताई है।

घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस शव को पीएम के लिए भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक युवक शराब पीने का आदि था। कोतवाली अंतर्गत सूची चौकी क्षेत्र के मसोदाबाद मजरे बघौला गांव निवासी चन्द्रेश पासी (35) पुत्र दर्शन लाल पासी की लाश मिलने को परिजन व ग्रामीण संदिग्ध मान रहे हैं। शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर जब शव पर पड़ी तो गांव में हड़कम्प मच गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।वही घटना की सूचना के परिवार को होने पर घर मे कोहराम मच गया।मृतक की पत्नी लज्जावती ने बताया की मृतक दिहाड़ी श्रमिक था।गुरुवार की सुबह काम पर जाने की बात कहकर चन्द्रेश घर से निकल गया था।पत्नी के मुताबिक रात में खाना बनाकर पति का इंतजार करते करते बगैर भोजन किये वो भी सो गई थी।

सुबह युवक की सन्देहास्पद मौत की खबर से परिवार में मातम छाया हुआ है।वही पुलिस की आने तो युवक शराब पीने का आदि था। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बघौला गांव के युवक का शव मिला है।युवक की किन परिस्थितियों में में मौत हुई इसकी वास्तविकता पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगी। मृतक की पत्नी ने घटना की तहरीर दी है।

# एशिया कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले की बेटी सबा ने सिल्वर मेडल जीता

## सबा ने एशिया कप में मेडल जीत कर रायबरेली का ही नाम नही बल्कि देश का रोशन कर दिखाया है

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** कहते हैं कि धरती खिलाड़ियों से खाली नहीं है। एक कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है रायबरेली के जन्मे होनहार खिलाड़ियों ने। रायबरेली की माटी ने देश ही नहीं वरन दुनिया को एक से बढ़कर एक खिलाड़ी दिए हैं जो इंटरनेशनल स्तर पर खेल जगत में देश का नाम रोशन किया है। देखा जाए तो हर खिलाड़ी की अपनी-अपनी अलग सफलता की कहानी गढ़ रहे हैं, चाहे वह क्रिकेट जगत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रुद्र प्रताप सिंह (आरपी सिंह) रहे हों या ओलंपियन खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय धाविका एथलीट पदम श्री एवं अर्जुन अवार्ड सुधा सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रायबरेली की धाक जमाई और




तमाम मेडल बटोरे हैं। सुधा सिंह आधुनिक रेल कोच कारखाना (रायबरेली ) में स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। अभी भी खेलों को और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रहीं हैं। क्रिकेट की दुनिया में आईपीएल टीम में रायबरेली लालूपुर चौहान गांव के जन्मे स्वप्निल चौहान उभरते क्रिकेटर के रूप में जलवे बिखेर रहे हैं जिनका चयन पहले लखनऊ आईपीएल टीम से हुआ था। जून माह में वे आरसीबी में खेलते हुए स्वप्निल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। रायबरेली के स्वप्निल चौहान गुजरात में रहकर अपने गांव, जिले व प्रदेश का नाम रोशन रहे हैं।

वहीं पर वालीबाल खिलाड़ी एथलीट लीना सिंह राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के बाद अब वह स्टेडियम में कोच है। वालीबाल की खिलाड़ी शांभवी सिंह सहित कई अन्य खिलाड़ी हैं जिन्होंने खेल की दुनिया में अपना अपना परचम लहराने में कोर कसर नहीं छोड़ी। शहर की जिले की एक अत्यंत गरीब परिवार की बेटी शहर के सब्जी मंडी निवासी सबा ने अपने दमखम पर एशिया खेल में भी बुलंदियों का झंडा लहराकर मेडल झटका और रायबरेली ही नहीं वरन देश का नाम रोशन किया है।

सबा के सहारा बनी मां ने कहा कि देश के खातिर सब कुछ न्योछावर कर दिया है। सबा के लिए उसकी मां मानसिक साथ तो दे रही है लेकिन वह आज भी आर्थिक तंगी से जूझ रही है आंखों में छलकते आंसू यह साफ साफ बयां कर रहे थे कि सरकार से सहयोग नही मिल रहा, फिर भी मां हिम्मत नही हारी। परिवार को चलाते-चलाते किसी तरह भरण पोषण कर रही है। मां ने अपनी बेटी को वह हर मुकाम दिलाने की कोशिश की है जो शायद कोई मां अपनी बेटी के लिए करती हो। कहती है कि बेटे के लिए तो सभी करते हैं लेकिन बेटी को आगे बढ़ने के लिए हर मां को आगे आना चाहिए। जिले का नाम रोशन किया है।सबा ने एशिया कप ओपन अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 21 जून से 23 जून तक गोवा इंडिया में सबा बुतूल आब्दी ने अपना परचम लहराने के बाद सिल्वर मेडल हासिल किया है।

सबा ने एशिया कप में मेडल जीत कर रायबरेली का ही नाम नही बल्कि देश का रोशन कर दिखाया है। इससे पहेली भी थाईलैंड में चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल आया था। सबा ने मोबाइल से बात करते हुए बताया है कि मां की दुआ है साथ ही परिवार के लोगों और जिलेवासियों की दुआओं से यह संभव हुआ है। उष्ण कहा की रायबरेली के जिला प्रोबेशन अधिकारी जय पाल वर्मा के अथक प्रयास से उनकी वज़ह से गोवा आना संभव हो पाया है उनको बहुत बहुत शुक्रिया। मेडल जीतने के बाद सबा ने सहयोग करने वाले सभी खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## एम्स की सातवीं मंजिल में बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग, मची रही अफरा तफरी



एम्स के लगे आर ओ में बिजली की शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** एम्स के सातवीं मंजिल में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगने के बाद अफरा तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की स्थानीय व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा कर दिया जबकि फायर विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच आग पर काबू पा लिया था। भदोखर थाना के मुंशीगंज के निकट एम्स अस्पताल है।जिस अस्पताल के सातवीं मंजिल में संदिग्ध परिस्थितियो में आग लग जाने से धू धूकर जलने लगा।जिसकी खबर फैलने के बाद पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया।जहां पर अन्य बिल्डिंगो तक में भर्ती मरीजों को उनको तीमारदारों के द्वारा निकालकर बाहर ले जाया गया।जिस दौरान भाग दौर का खेल चलता रहा।जिसमें ये आग की घटना ने स्थानीय आग के बुझाने के पर्याप्त संसाधनों पर भी एम्स के सवाल खड़ा कर दिया है।यदि अस्पताल में आग बुझाने के उपकरण थे तो उससे क्यों काबू नही पाया गया क्या उनके पास आग बुझाने के पर्याप्त संसाधन नही थे।जिनको लेकर सवालों के घेरे में अस्पताल को ले लिया है।हलाकि फायर बिग्रेड के कई वाहन पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया। एसडीएम सदर ने बताया कि पूरे प्रकरण की गहनता से जांच किया जाएगा जिसके बाद कुछ हम स्पष्ट बता पाऊंगा जिन्होने बताया कि आग की स्थिति सामान्य होने के बाद बाहर निकले मरीजों को सिफ्ट वार्डों में करवाकर उपचार जारी करवा दिया गया है।

**एम्स अस्पताल के आरओ प्लांट में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, हादसा टला**

रायबरेली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के उपनिदेशक (प्रशासन) एसके सिंह ने बताया कि एम्स अस्पताल की सभी सेवाएं सुचारु रूप से चालू कर दी गई हैं। शुक्रवार को लगभग साढ़े तीन बजे अस्पताल भवन की छत पर लगे आरओ प्लांट में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई। सूचना मिलते ही पर उसी समय एम्स की फायर टीम ,सुरक्षा गार्ड अन्य कर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए फायर हाइड्रेंट की मदद से आग पर समय से काबू पाया गया जिसमें किसी प्रकार की कोई (जनहानि) नहीं हुई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला मजदूर का शव

**सलोन,रायबरेली।** घर से मजदूरी करने निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर से महज पांच सौ मीटर दूर सफेदा की बाग झाड़ियों में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक युवक शराब पीने का आदि था। कोतवाली अंतर्गत सूची चौकी क्षेत्र के मसोदाबाद मजरे बघौला गांव निवासी चन्द्रेश पासी (35) पुत्र दर्शन लाल पासी की लाश मिलने को परिजन व ग्रामीण संदिग्ध मान रहे हैं। शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर जब शव पर पड़ी तो गांव में हड़कम्प मच गया। पत्नी के मुताबिक रात में खाना बनाकर पति का इंतजार करते करते बगैर भोजन किये वो भी सो गई थी। वही पुलिस की आने तो युवक शराब पीने का आदि था। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बघौला गांव के युवक का शव मिला है।युवक की किन परिस्थितियों में में मौत हुई इसकी वास्तविकता पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगी।मृतक की पत्नी ने घटना की तहरीर दी है।

## एनएचएआई ऐहार टोल प्लाजा पर भारी वाहनों से अवैध वसूली निरंतर जारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज, रायबरेली।** ऐहार टोल प्लाजा पर ओवरलोड वाहनो से अवैध वसूली की लगातार हो रही शिकायतों को नजरअंदाज करने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उच्च पदस्थ अधिकारियों से हो रही शिकायतों की पुष्टि आज अवैध वसूली के वायरल वीडियो कलई खोल दी । ट्रक से मुंह बांधकर की जा रही अवैध वसूली का वीडियो लोगो के बीच जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें एक वाहन स्वामी से टोलकर्मी ओवरलोड के नाम पर पैसो की मांग कर रहा है। वीडियों वायरल होने के बाद एक बार फिर अवैध टोल प्लाज को बंद करने की मांग जोर पकडने लगी है।

रायबरेली मार्ग में ऐहार गांव के पास स्थित टोल प्लाजा में वाहनो से की जा रही वसूली को अवैध बताते हुए भारतीय किसान यूनियन एवं कई पार्टी नेता कई बार प्रदर्शन कर चुके है। इसके बाद भी वसूली बंद नही हुई। लोगो के अनुसार इस मार्ग में बना बाईपास पुल मात्र 6 माह में ही बंद हो गया तो फिर वसूली क्यो हो रही है? इसी बीच टोल प्लाजा से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनो से अवैध वसूली किये जाने का वीडियों वायरल हो गया। वीडियों में एक टोल कर्मी वाहन चालक से ओवरलोड के नाम पर 1500 रूपये की मांग कर रहा है जबकि चालक केवल 500 रूपये देकर जाने की बात कहता सुनाई दे रहा है। उसी मार्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उदघाटित पुल पिछले छह साल से बंद है। उसी विवादित टोल प्लाजा पर भारी वाहनो से जमकर अवैध वसूली की जा रही है। जिसको लेकर लोगो में भारी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी खराब मार्गो पर टोल वसूली बंद करने की भी बात कही है बताया गया है मगर ऐहार टोल प्लाजा पर बदस्तूर अवैध वसूली का क्रम निरंतर जारी है।

## किशोर की मौत पर भड़की जनता, पुलिस के वाहन तोड़े

» कई थानों की पुलिस ने संभाला मोर्चा, कई गिरफ्त में पहुंचे

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली ।**ओवरलोड डंपर चालक की मनमानी के कारण बाइक में बैठे एक किशोर गिरकर डंपर की चपेट मे आने से रौंद दिया जिससे दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहनों के खिलाफ हल्ला बोल दिया जहां पर स्थानीय पुलिस के गाली गलौज व तानाशाही रवैया अपनाने पर ग्रामीणों का गुस्सा पुलिस पर भी भड़क गया ।जिसमें पुलिस के बोलेरों को छतिग्रस्त करने के साथ साथ सीओ तक के साथ बदसलूकी व पुलिस पर पत्थरबाजी किया गया ।तांडव गंभीर होने पर कई थानों की पुलिस तक मौके पर बुलाई गई।

जिले के जगतपुर थाना के गांव मधवापुर है ।जहां पर दो किशोर बालक बाइक से जा रहे थे तभी बाइक में पीछे बैठे शुभम 17वर्ष पुत्र राजू निवासी गांव पूरे जुड़ावा बाइक लहराने पर गिर गया जिसमें पीछे से आ रहे डंपर ने उसको कुचल दिया ।जिसमें शुभम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।जिस मौत के बाद ग्रामीणों ने डलमऊ मार्ग को जाम करके ओवरलोड डंपरों को रोक की मांग करने लगे।

जिसमें मौके पर सूचना पर पहुंची जगतपुर पुलिस घटना के महौल का वगैर समझे पुलिस की हनक पर उतरी और ग्रामीणों को जाम हटाने के लिए गालीगलौज व डंडे तक पटकने लगी ।जिस बात को लेकर वहां पर आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ हल्ला बोल दिया और पुलिस पर पत्थरबाजी करने लगी जिससे पुलिस की बोलेरो तक छतिग्रस्त हो गई ।पुलिस के कई लोग चोटिल हुए यहां तक की मौके पर पहुंचे सीओ तक के साथ ईंचा घसीटी किया गया ।जिसमें आक्रोश को देखते हुए जगतपुर थाने के साथ साथ ऊंचाहार;गदागंज;डलमऊ;भदोखर;सलोन आदि समेत कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंच किसी तरह ग्रामीणों के अक्रोश का शांत करवाया गया ।एएसपी नवीन सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है दुर्घटना करने वालें डंपर को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाष किया जा रहा है।

पुलिस के वाहन तोड़ने व बदसलूकी करने वालों को वीडियो के आधार पर चिन्हित करके कार्रवाई किया जाएगा ।जिसको लेकर कई लोगों को गिरफ्त में लिया गया है ।जगतपुर थाने में पुलिस से बदसलूकी करने वालों के खिलाफ अभियोग दर्ज किया जा रहा है जिसमे जगतपुर पुलिस की भूमिका की जांच सदर सीओ से करवाया जाएगा ।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए टीम लगा दिया गया है।

**मुआयना** कारागार के औचक निरीक्षण से मची खलबली, छावनी में तब्दील हुआ कारागार

# जिला जज, डीएम, एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरूण सक्सेना के नेतृत्व में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल व जिलाधिकारी अमेठी निशा अनन्त, साथ में पुलिस अधीक्षक (अमेठी ) अनूप सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह एवं अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा कारागार का संयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार की बैरकों का भ्रमण किया गया। इस दौरान कारागार की साफ सफाई,पाकशाला और अनुशासन व्यवस्था को भी देखा गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में निरूद्ध महिला बंदियों से भी वार्तालाप किया गया एवं सेनेगलीज़ बंदिनी से उसके केस के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हासिल करके उसके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन भी दिया गया।

इस मौके पर जेल अधीक्षक हर्षिता मिश्रा व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### नंद को पीटा, भाभी ने की नंद के पति, सास- ससुर की शिकायत

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव रायपुर है, जहां की निवासिनी रेखा को उसके ससुरालवालों ने मारपीट किया। घायल रेखा की भाभी ममता निवासिनी गांव पूरे गोसाई थाना सलोन ने अपने नंद के साथ मारपीट करने के आरोप में नंद के पति, सास, ससुर के खिलाफ नामजद तहरीर ऊंचाहार थाने में दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करके कार्रवाई किया जाएगा।

### नगर से सटकर शोहेदे ने किया छेड़छाड़, वीडियो वायरल

**रायबरेली।** ऊंचाहार नगर पंचायत से सटकर एक मोहल्ले में शादी समारोह के दौरान युवती से शोहेदे ने छेड़छाड़ कर दिया। इस बात को लेकर दोनो पक्षों के आमने सामने आ गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक युवक की शादी के बारात लौटने के बाद खानपान का प्रोग्राम था जहां पर दो पक्षों में युवती की बात को लेकर मारपीट हुआ है।

### पीड़िता थाने में लगाता रहा पूरे दिन गुहार, नहीं सुनी पुलिस

**रायबरेली।** भदोखर थाना के एम्स के पास से बाइक पार्किंग स्थल से चोरी हो गई ।जिसको लेकर पीड़िता गायत्री देवी पत्नी राजकमल वर्मा निवासिनी जरियामऊ कोतवाली नगर रायबरेली की चोरी हुई बाइक थी। जिसको लेकर अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर गायत्री ने थाना भदोखर थाना पुलिस को दिया जिसमें पीड़िता कई घंटे तक थाने में बैठी थी जिसका एफआईआर तक नही लिखा गया ।सीओ ने बताया कि प्रकरण की जांच करवाया जाएगा।

# टीम इंडिया टी-20 वर्ल्डकप फाइनल के लिए पहुंची बारबाडोस

## भारत और दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला आज : साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराया और भारत ने इंग्लैंड को पटकनी देकर जगह बनाई







एजेंसी

**बारबाडोस।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मैच शनिवार को रात 8 बजे से भारत और साउथ अफ्रीका के बीच बारबाडोस में खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय समयानुसार शुक्रवार की सुबह टीम इंडिया बारबाडोस पहुंच गई है।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह समेत तमाम खिलाड़ी एयरपोर्ट पर नजर आए। टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ भी पहुंच गए हैं। भारत ने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई। बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में इस वर्ल्ड कप में अब तक 8 मैच खेले गए। इसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम ने तीन और चेज करने वाली टीम ने भी तीन ही मैच जीते। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो गया था। वहीं, ओमान और नामीबिया मैच का रिजल्ट सुपर ओवर में आया था, जिसमें नामीबिया जीती थी। यहां टूर्नामेंट का हाईएस्ट स्कोर 201 है, जो ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। भारत यहां टूर्नामेंट में एक मैच खेला। उसने अफगानिस्तान को 47 रन से हराया था। यहां आखिरी मैच 23 जून को खेला गया था, जिसमें इंग्लैंड ने अमेरिका को 10 विकेट से हराया था। भारतीय टीम टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई है। टीम तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है। टीम इंडिया ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 68 रनों से हराया। भारत ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड को जीत के लिए 172 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 16.4 ओवर में 103 रन पर ऑलआउट हो गई। इंडिया ने इंग्लैंड को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में जगह बना ली है। जीत एकतरफा हासिल की। कप्तान रोहित शर्मा ने रन बनाए। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने इंग्लैंड को ऑलआउट कर दिया। भारत 29 जून को रात 8 बजे द. अफ्रीका से भिड़ेगा। अफ्रीका पहली बार किसी वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचा है। वहीं गुरुवार को गयाना में भारत ने इंग्लैंड को टी 20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को 68 रन से रौंद कर 2022 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मिली हार का बदला चुका लिया और फाइनल में प्रवेश कर लिया। उसकी जीत के हीरो रहे लेफ्ट आर्म स्पिनर अक्षर पटेल (23 रन पर तीन विकेट) और चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव (19 रन पर तीन विकेट) की घातक स्पिन गेंदबाजी, जबकि बैटिंग में रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने कमाल किया। भारत का 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला होगा। यह मैच बारबाडोस में खेला जाएगा।

भारत ने टॉस हारने के बाद कप्तान रोहित शर्मा (57) के लगातार दूसरे अर्धशतक की बदौलत वर्षा प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में 20 ओवर में सात विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बना लिया और फिर गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से इंग्लैंड को 16.4 ओवर में 103 रन पर ढेर कर दिया।

## कोच के तौर पर होगा आखिरी मुकाबला

**भारतीय टीम** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में आखिरी बार कोई मुकाबला खेलने उतरेगी। भारत का सामना टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारतीय टीम जब बारबाडोस में शनिवार को होने वाले मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेगी तो यह कोच के तौर पर टीम के साथ राहुल द्रविड़ का आखिरी मैच भी होगा। द्रविड़ के लिए विश्व कप जीतना कोई व्यक्तिगत गौरव का क्षण नहीं होगा यह टीम की उपलब्धी होगी। उनके मुताबिक भारत अगर विश्व चैंपियन बनता है तो यह टीम के प्रयास और रोहित शर्मा की प्रेरणादयी कप्तानी का परिणाम होगा।



द्रविड़ का करार बीते नवंबर में वनडे विश्व कप के बाद ही खत्म हो गया था, लेकिन टीम प्रबंधन ने टी20 विश्व कप तक उन्हें इस जिम्मेदारी को निभाने का आग्रह किया था। टी20 विश्व कप के ब्रॉडकास्टर द्वारा सोशल मीडिया पर 'डूइटफोरद्रविड़' (द्रविड़ के लिए करो) का अभियान चला है जिसे क्रिकेट जगत और प्रशंसकों का समर्थन मिल रहा है, लेकिन 51 वर्षीय द्रविड़ इस वैश्विक खिताब को किसी व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि टीम के लिए जीतना चाहते हैं। द्रविड ने ने कहा, मैं बस अच्छा क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं इस बात के खिलाफ हूं कि टीम को इसे किसी व्यक्ति विशेष के लिए करना चाहिये। मैं इसके बारे में बात नहीं करना चाहता और न ही इस पर चर्चा करना चाहता हूं। मैं 'किसी के लिए कुछ करो' पर विश्वास नहीं करता हूं। मुझे वह उदाहरण बहुत पसंद है जिसमें कोई व्यक्ति किसी और से पूछ रहा है, आप माउंट एवरेस्ट पर क्यों चढ़ना चाहते हैं? और वह कहता है कि मैं माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना चाहता हूं क्योंकि वह वहीं है। मैं यह विश्व कप जीतना चाहता हूं क्योंकि यह वहां है। यह किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं है, यह सिर्फ जीतने के लिए है। द्रविड़ 2011 में इंग्लैंड दौरे पर शानदार लय में थे। वह इस दौरे पर सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी के तौर पर उभरे थे। इस समय कई लोगों का मानना था कि वह अब खेल को अलविदा कह देगें। इस दौरे के बाद बैंगलुरु में जब उसने इसके बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान अभी साल के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है। ऑस्ट्रेलिया के उस दौरे के लगभग 12 साल के बाद द्रविड़ एक बार फिर से उसी तरह की स्थिति में है।

**KGF-2 और आदिपुरुष का रिकॉर्ड टूटा**

## ओपनिंग डे पर 'कल्कि' ने कमाए 191 करोड़




अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन स्टारर 'कल्कि 2898 AD' ने पहले दिन ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 191.5 करोड़ रुपए कमाए हैं। इसके साथ ही यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग हासिल करने वाली फिल्म बन चुकी है। इंडिया में इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 95 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। सभी भाषाओं की बात करें तो इसने तेलुगु में 64.5 करोड़, हिंदी में 24 करोड़, तमिल में 4 करोड़, मलयालम में 2.2 करोड़ और कन्नड़ में 30 लाख रुपए का कलेक्शन किया। इसके साथ ही यह फिल्म 'पठान', 'आदिपुरुष' और 'केजीएफ 2' जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए ओपनिंग डे पर वर्ल्डवाइड तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इससे आगे सिर्फ दो ही फिल्में 'RRR' और 'बाहुबली 2' हैं। ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों की लिस्ट में 'कल्कि 2898 AD' प्रभास की चौथी फिल्म है। इस लिस्ट में पहले से ही प्रभास की 'बाहुबली 2', 'साहो' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्में मौजूद हैं। आपेनिंग डे पर इस फिल्म की ओवरऑल तेलुगु ऑक्यूपेंसी 85.15% रही। नॉन-हॉलिडे, मिड-वीक और इंडिया के वर्ल्डकप सेमीफाइनल मैच वाले दिन रिलीज होने के बावजूद कल्कि ने इतनी जबरदस्त कमाई की है। नाग अश्विन के डायरेक्शन में बनी 'कल्कि 2898 AD' का बजट करीब 600 करोड़ बताया जा रहा है। फिल्म को फर्स्ट डे पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी मिली है। अमिताभ बच्चन की एक्टिंग को सबसे ज्यादा सराहा गया है। वो इस फिल्म में अश्वत्थामा के रोल में नजर आ रहे हैं।

### लीसा 'रॉकस्टार' नया सिंगल और वीडियो रिलीज़ हुआ



विश्व की मशहूर रैपर, सिंगर, डांसर और स्टाईल आईकन, लीसा (ललिसा मनोबल) ने आज LLOUD Co./RCA रिकॉर्ड्स के माध्यम से अपना नया सिंगल, ''रॉकस्टार'' रिलीज़ किया। रॉकस्टार का ऑडियो यहाँ पर सुना जा सकता है। ''रॉकस्टार'' में लीसा ने अपने गीत ''गोल्ड टीथ सिटिंग ऑन द डैश शी ए रॉकस्टार। मेक योर फेवरीट सिंगर वाना रैप बेबी लाला'' में बेहतरीन रैप और हाई-एनर्जी पॉप वोकल्स का धाराप्रवाह पेश करने की अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इस नए सिंगल का निर्माण रेयान टेडर और सैम होमी ने किया है।इस गीत के साथ लीसा ने हेनरी स्कोफील्ड के निर्देशन में और सीन बैंकहेड की कोरियोग्राफी में बना ''रॉकस्टार'' का आधिकारिक वीडियो भी साझा किया। बैंगकॉक में फिल्माए गए इस वीडियो में लीसा अपनी थाई संस्कृति और थाई गलियों के वास्तविक जीवन का गान पेश कर रही हैं। वो अपनी वास्तविक रॉकस्टार और शोस्टॉपिंग कोरियोग्राफी के साथ शहर में छा गई हैं। इसका वीडियो यहाँ पर देखें।लीसा ने इस माह की शुरुआत में अपना टिकटॉक अकाउंट लॉन्च करके सोशल मीडिया पर अपने नए सिंगल का पहला टीज़र जारी किया था, जिसने 2 घंटे 18 मिनट में 1 मिलियन फौलोअर्स के साथ गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने पिछले हफ्ते भारी फैनफेयर और फैंस के उत्साह के बीच अपने सिंगल और रोलिंग स्टोन, बिलबोर्ड आदि की घोषणा की।रॉकस्टार लीसा का पहला सिंगल सोलो है जो उनकी मैनेजमेंट कंपनी LLOUD Co. एवं आरसीए रिकॉर्ड्स के साथ एक नई पार्टनरशिप के अंतर्गत रिलीज़ किया गया है।

**देश की पहली यह मुकाम हासिल करने वाली कंपनी बनी**

## रिलायंस का मार्केट कैप 21 लाख करोड़ रुपए के पार

एजेंसी

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज 21 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है। जियो के रिचार्ज प्लान 25% तक महंगे करने के ऐलान के बाद आज रिलायंस का शेयर करीब 2% चढ़कर रिकॉर्ड 3,162 रुपए के हाई पर पहुंच गया। इसके कंपनी का मार्केट कैप बढ़ा है।

4 महीने पहले फरवरी 2024 में कंपनी ने पहली बार 20 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप को पार किया था। इससे पहले कंपनी ने सितंबर 2021 में 15 लाख करोड़ का लेवल पार किया था। 2019 में रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 10 लाख करोड़ रुपए के पार निकला था। रिलायंस का शेयर इस साल 20% से ज्यादा चढ़ा है। इस साल की शुरुआत में शेयर 2590 रुपए पर था जो अब बढ़कर 3,162 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं एक महीने में शेयर में 7% की तेजी आई है। 5 साल में रिलायंस के शेयर ने 150% से ज्यादा रिटर्न निवेशकों को दिया है। मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्री देश की सबसे बड़ी कंपनी है। मुंबई बेस्ड रिलायंस ग्रुप, ऑयल से लेकर टेलिकॉम और रिटेल सेक्टर में काम करता है। वहीं इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) का नंबर आता है। TCS का मार्केट कैप 14.25 लाख करोड़ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का टैक्स से पहले का मुनाफा 1 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। रिलायंस ऐसा करने वाली पहली भारतीय कंपनी है। इसके अलावा, कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 (अप्रैल 2023- मार्च-2024) में 10 लाख करोड़ रुपए की रिकॉर्ड सालाना आय दर्ज की है। रिलायंस ने 22 अप्रैल को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे घोषित किए थे। कंपनी के बोर्ड ने प्रति शेयर 10 रुपए के डिविडेंड (लाभांश) को भी मंजूरी दी थी। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं। कंपनी का शुद्ध मुनाफा चौथी तिमाही में 18,951 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में ये 19,299 करोड़ रहा था। यानी, पिछले साल की तुलना में मुनाफा 2% कम हुआ है। वहीं पिछली तिमाही यानी Q3FY24 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 17,265 करोड़ रुपए रहा था। इससे पता चलता है कि तिमाही आधार पर मुनाफे में 10% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।



**अंदर सोने की मूर्तियां और हैंड रिर्टन लेटर**

## अनंत-राधिका के वेडिंग कार्ड में चांदी का मंदिर

**देश** जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी 12 जुलाई को राधिका मर्चेंट के साथ शादी के बंधन में बंध जाएंगे। मुंबई में होने वाले इस भव्य समारोह में परंपरा और भव्यता का मिश्रण देखने को मिलेगा। शादी की तैयारियों के बीच कपल का वेडिंग कार्ड सामने आया है। वीवीआईपी को दिए एक निमंत्रण पत्र में चांदी का मंदिर है। अंदर सोने की 4 मूर्तियां हैं। दूसरा निमंत्रण पत्र गोल्डन बॉक्स में है। इसमें मंदिर को छोटे रूप में बॉक्स के भीतर ही रखा गया है। यह भी दैवीय थीम पर बेस्ड है।

**हाथ से लिखा पत्र, बॉक्स खोलते ही गूंजते हैं विष्णु मंत्र :** एक खूबसूरत कढ़ाई वाले वेडिंग बॉक्स के ऊपर विष्णु भगवान की तस्वीर है। इस तस्वीर में नारायण के हृदय में लक्ष्मी को दिखाया गया है। इस बॉक्स को खोलते ही विष्णु मंत्र गूंजने लगता है। लाल रंग के इन्वाइट बॉक्स को खोलने पर छोटा सा चांदी का मंदिर सामने आता है। इसमें गणपति, राधा-कृष्ण और देवी दुर्गा की सोने की मूर्तियां हैं। अनंत और राधिका इससे पहले मार्च की शुरुआत और मई के अंत में प्री-वेडिंग सेरेमनी सेलिब्रेट कर चुके हैं। अब 12 जुलाई को शुभ विवाह, 13 जुलाई को शुभ आशीर्वाद कार्यक्रम और 14 जुलाई को रिसेप्शन होगा।



## अभिनेत्री हिना खान को ब्रेस्ट कैंसर डाइग्नोज हुआ

**टीवी** की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हिना खान को ब्रेस्ट कैंसर हो गया है। एक्ट्रेस ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी। एक्ट्रेस ने लिखा, 'हाल ही में उड़ रही अफवाहों पर मैं आपसे कुछ जरूरी न्यूज शेयर करना चाहती हूं। मैं ब्रेस्ट कैंसर के तीसरे स्टेज पर हूं।' इसी बीच जब दैनिक भास्कर ने हिना से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। उनकी मैनेजर ने एक्ट्रेस को प्राइवेसी देने की अपील की है। हिना ने आगे लिखा है, 'मैं हिनाहोलिक्स (हिना के फैंस का एक ग्रुप) और उन सभी लोगों के साथ कुछ जरूरी न्यूज शेयर करना चाहती हूं, जो मुझे प्यार करते हैं और मेरी परवाह करते हैं। मुझे स्टेज थ्री का ब्रेस्ट कैंसर है। इसके बावजूद, मैं सभी को बताना चाहती हूं कि मैं ठीक हूं। मैं स्ट्रॉन्ग हूं और डटी हुई हूं और इस बीमारी पर काबू पाने के लिए पूरी तरह कमिटेड हूं। मेरा इलाज शुरू हो चुका है और मैं इससे और भी मजबूत होकर उबरने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए तैयार हूं।' हिना खान ने आगे फैंस से प्राइवेसी की मांग की है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'मैं इस दौरान आपसे थोड़ी इज्जत और प्राइवेसी चाहती हूं। मैं आपके प्यार और दुआ की सराहना करती हूं। मैं अपने परिवार और करीबियों के साथ पॉजिटिव रहूंगी। ऊपरवाले की कृपा से, हमें विश्वास है कि मैं इस चुनौती को पार कर लूंगी और पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगी। प्लीज अपनी प्रार्थनाएं, दुआ और प्यार भेजते रहें।' हिना की इस पोस्ट पर अंकिता लोखंडे, गौहर खान, आमिर अली और अदा खान समेत कई सेलेब्स ने कमेंट कर उनके जल्द ठीक होने की कामना की है। अंकिता ने कमेंट कर लिखा, 'हिना आप स्ट्रॉन्ग हैं। आपको बहुत सारा प्यार भेज रही हूं। गॉड ब्लेस यू..।'



## एक नजर

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**मुंशीगंज।** थाना क्षेत्र के लीला टिकरा गांव में एक युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। शुक्रवार को लीला टिकरा निवासी आलोक सिंह उर्फ सनी सिंह पुत्र कमला सिंह (25) फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस ने घटना कारण स्पष्ट नहीं है।

### करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**मुंशीगंज।** थाना क्षेत्र के टेरी त्रिलोकपुर गांव में विद्युत पंखे में करंट उतरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। शुक्रवार को टेरी त्रिलोकपुर निवासी राधेश्याम पुत्र भुल्लर अपने घर में फर्राटा पंखा लगाकर सो रहा था। पंखे की स्पीड कम करने के लिए जैसे हाथ लगाया। वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया। परिजन कुछ समझ पाते उसके पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक के तीन बच्चे हैं। बच्चों की परवरिश कैसे होगी। यह चिंता सब को सता रही है। घर पर आने वाले हर व्यक्ति की आंखें नम रही। गांव में शोक का माहौल है।

### स्थानांतरण सूचियों को फाइनल करने में जुटे जिले के सभी कार्यालय

**अमेठी।** शासन के निर्देश के अनुपालन को जिले के सभी कार्यालयों के विभागाध्यक्ष एक स्थान पर तीन साल से अधिक सेवा वाले कर्मचारियों की स्थानांतरण सूचियां फाइनल करने में लगे हुए हैं।तीस जून को सभी विभागों की स्थानांतरण सूचियां जारी कर दी जाएंगी। शुक्रवार को विकास भवन और कलेक्ट्रेट में दिन भर स्थानांतरण सूचियां बनाने का काम हुआ। ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और सफाई कर्मी सभी कर्मचारी शासन के निर्देश के दायरे में हैं। लोक निर्माण विभाग में दस साल से अधिक सेवा वाले अभियंताओं का स्थानांतरण होगा। सभी तहसीलों से लेखपालों की सूची 26 जून को ही कलेक्ट्रेट भेजी जा चुकी हैं।डी पी आर ओ ने भी ब्लॉक कार्यालयों से लम्बे समय से एक ही ग्राम पंचायत में तैनात और एक ही स्थान पर सम्बद्ध सफाई कर्मियों की सूची मंगाई है। तीन साल से अधिक सेवा वाले पंचायत सचिवों को विकास खंड के बाहर भेजा जा रहा है।डी डी ओ, डी पी आर ओ और सी डी ओ आफिस में स्थानांतरण सूचियां तैयार की जा रही हैं।

### विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**जायस।** कोतवाली अंतर्गत पूरे अजीम गांव की बाग में स्थित बांस की कोठ में विद्युत करंट उतरने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गुरुवार की शाम लगभग 4:30 बजे पूरे अजीम गांव में 18 वर्षीय हरिकेश कुमार पुत्र राम प्रकाश किसी काम से गांव की बाग में गया था। बाग में बांस की कोठ के पास स्थित 11000 विद्युत लाइन के खंभे से कोई एक तार नीचे लटक रहा था। जिसकी चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। बाग में मौजूद लोगों ने युवक को किसी तरह बचाया और उसे आनन-फानन में सीएचसी फुरसतगंज में भर्ती कराया। डॉक्टर ने उसे मृतक घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में शोक का माहौल है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग की ओर से लापरवाही की गई है। अगर विद्युत विभाग 11 000 विद्युत लाइन को ठीक से देखभाल किया होता तो आज यह घटना न होती। एस एच ओ ने बताया कि विद्युत लाइन से बांस की कोठ से सटी हुई है। उसमें से एक कोई पतला सा तार लटक रहा था। जिसके युवक उसके चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। पास स्थित है लोगों ने युवक को बचाने की कोशिश की लेकिन बचा नहीं सके।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो की मौत

### सोहागौली गांव के अलग-अलग पूरवे में हुआ हादसा

सुलतानपुर। बारिश के समय घर से निकलना अधेड़ महिला व किशोरी को महंगा पड़ गया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनो झुलस गए। गंभीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी पहुंचे जहा मौजूद चिकित्सक ने दोनो को मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार को कुड़वार थाना क्षेत्र के सरैया सोहगौली निवासी कुशुम (46) पत्नी स्व राम प्रकाश पानी की बरसात शुरू होने पर दरवाजे पर आम के पेड़ के नीचे बंधे जानवरो को हटाने के लिए निकली।तभी अचानक कड़की आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई ।गंभीर हालत परिजन लेकर स्थानीय सीएचसी पहुंचे जहा मौजूद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका की दो विवाहित संताने वर्षा व मधु है। मृतका के पति की मौत 12 वर्ष पहले हो चुकी है। वहीं दूसरी घटना में नैशी (13) पुत्री संतोष कुमार तिवारी निवासी पूरे भवन सोहगौली बारिश शुरू होने के बाद घर से बाग की तरफ जा रही थी। घर से चंद कदम दूरी पर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। गंभीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी पहुंचे जहा मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक किशोरी के दो भाई सुंदरम व वेदांश है। मृतका के पिता रोजगार के सिलसिले में बंबई में रहते है। घटना से मृतका की मां राधा सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। दोनो मृतकों की सूचना चिकित्सक ने स्थानीय पुलिस को दी। चिकित्सक की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक राम विलास यादव, चंद्र कुमार शुक्ला ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही घटना की जानकारी होते ही तहसीलदार सदर हृदयराम तिवारी, राजस्व निरीक्षक गजाधर प्रसाद,लेखपाल शैलेंद्र श्रीवास्तव व राजेश श्रीवास्तव ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी हासिल की। तहसीलदार ने बताया कि मृतकों के परिवार को दैवीय आपदा के तहत सहायता राशि दिलाई जाएगी।

### पेड़ से टकराया डंपर, लगी आग

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां हलियापुर-सुल्तानपुर रोड पर मौरंग लोड कर अनलोड करने जा रहा एक डंपर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर में आग लग गई। वही ड्राइवर की मौत हो गई है। साथी ड्राइवर समेत दो घायल हुए हैं। गैस कटर से वाहन को काटकर सभी को बाहर निकाला गया है।जानकारी के अनुसार घटना हलियापुर-सुल्तानपुर मार्ग पर विर धौरा सेमरा में शुक्रवार भोर की है। डंपर संख्या यूपी 71 बीटी 1576 बांदा से मोरंग लोड करके पारा बाजार में अनलोड करने के लिए हालियापुर मार्ग से सेमरा गांव में भोर 4 बजे जा रहा था। इसी बीच ड्राइवर को नींद आ गई। ऐसे में डंपर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे शीशम के पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर में आग लग गई। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े और आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही पारा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनकर अपने स्टॉफ के साथ,थाना प्रभारी आर.बी सुमन अपने हमराही के साथ,नायब तहसीलदार गुलाब सिंह मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुटे। डंपर में मौजूद ड्राइवर शैलेन्द्र की घटना स्थल पर मौत हो गई है। साथी ड्राइवर गाड़ी में फंसा हुआ है। एक व्यक्ति को सुरक्षित निकाल लिया गया है। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी, एम्बुलेंस उपलब्ध हैं। जेसीबी व हाइड्रा की मदद से डंपर में फंसे लोगों को निकाला जा रहा है। साथ ही गैस कटर से भी गाड़ी में फंसे घायल और मृत ड्राइवर को निकाले जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# पहले दिन स्कूलों में बच्चों का हुआ स्वागत

विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी।** जिले के सभी परिषदीय विद्यालय शुक्रवार को पूरी तरह खुल गये।चालीस दिन बाद बच्चों के स्कूल पहुंचे पर रोली चंदन लगाकर उनका स्वागत किया गया। शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ आत्मीय सम्बन्ध स्थापित करते हुए घर-परिवार और ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपयोग के बारे में जानकारी ली।

बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्त्व के बारे में जानकारी भी दी गई।

नगर के सभी विद्यालयों में छुट्टी के बाद स्कूल पहुंचे बच्चों ने एक दूसरे से गर्मी की छुट्टी के अनुभव शेयर किए। उच्च प्राथमिक विद्यालय कोरारी गिरधर शाह में प्र अ रश्मि सिंहा के साथ शिक्षिकाओं ने बच्चों के माथे पर टीका करते हुए उनका स्वागत किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय अमहा में इं प्र अ मीरा गुप्ता ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। प्राथमिक विद्यालय कुशीताली में प्र




पहले दिन विद्यालय में बच्चों के आगमन पर टीका लगाकर स्वागत करती शिक्षिकाएं।

अ रेखा पांडेय और शिक्षा मित्र सोना देवी ने रोली चंदन लगाकर बच्चों का स्वागत करते हुए कक्षा में बिठाया।

### बच्चों ने की क्यारियों की सिंचाई, पौधारोपण की तैयारी हुई

भादर।कम्पोजिट विद्यालय भादर -1, में इं प्र अ संजीव कुमार, नोडल शिक्षक देवांशु सिंह और शिक्षामित्र लालती देवी ने रोली चंदन लगाकर बच्चों का स्वागत किया। स्वागत के बाद बच्चों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र के सामने बनी क्यारियों में लगे पौधों की सिंचाई की।देवांशु सिंह ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के बारे में जानकारी दी। पौधारोपण के लिए पौधों की खरीद के साथ गड्ढों की खुदाई की गई। पौधारोपण आज होगा।बच्चों को हलुआ भी खिलाया गया।

अवनीश वर्मा, विजय प्रताप यादव, गणेश प्रसाद शर्मा, संध्या गुप्ता, शिवकरन, कौशलेंद्र सिंह, निर्मला, सीता,रिपु मौर्य, बलवीर, धनपती आदि मौजूद रहे।

# एक जुलाई से शुरू होंगी नियमानुसार कक्षाएं

विश्ववार्ता संवाददाता

**भेटुआ।** शुक्रवार को ग्रीष्मावकाश के बाद 41वें दिन सभी परिषदीय विद्यालय खुल गए हैं। पहले दिन शिक्षक शिक्षकों ने विद्यालय में आने वाले सभी छात्राओं को चंदन रोली लगाकर स्वागत किया और मिष्ठान खिलाकर प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया।




पहले दिन शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय हारीपुर में प्रधानाध्यापक अमर बहादुर सिंह, सहायक अध्यापक विद्या सिंह, हेमचंद पांडेय, सोनी सिंह और सुमन ने छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए टीका लगाया और विद्यालय में प्रतिदिन आने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि छात्र-छात्राओं से अपील किया गया है कि अपने साथियों को बुलाकर विद्यालय में लाइन अब विद्यालय पूरी तरह खुल गया है। एक जुलाई से नियमानुसार अनुसार पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हारीपुर, हीरापुर, बालचंदपुर, उसका बांसुपुर, नौगिरवा, टिकावर, खंडहर के साथ सभी विद्यालयों में पहले दिन छात्र छात्राओं का चंदन रोली के साथ स्वागत किया गया। एमडीएम में बच्चों को हलुआ खिलाकर सुबह 10:00 बजे उन्हें विदा कर दिया गया।

शुक्रवार की सुबह सभी परिषदीय विद्यालय में छात्र छात्राएं सुबह 7:30 बजे विद्यालय पहुंचे और 2 घंटे बाद एमडीएम में हलुआ खिलाकर उन्हें सुबह 10बजे छोड़ दिया गया। शासन के निर्देश पर 28 से 30 जून तक विद्यालय सुबह 7:30 बजे से 10:00 बजे तक संचालित किया जाएगा। एक जुलाई से विद्यालय पुनः नियमानुसार संचालित होगा।

# नये शैक्षिक सत्र में बच्चों के पुनर्गामन पर किया गया भव्य स्वागत




विश्ववार्ता संवाददाता

**जामों।** पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय दखिनवारा में नये शैक्षिक सत्र में बच्चों के पुनर्आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। पहले दिन बच्चों के बीच सभी क्रियाकलाप और गतिविधियां पर्यावरण शिक्षा पर केंद्रित रहे। विद्यालय में बच्चों की नामांकित संख्या 267 है। पहले दिन 97 बच्चे आए हुए थे।

शुक्रवार को पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय दखिनवारा में बच्चों के ग्रीष्मावकाश के उपरांत विद्यालय पुनर्आगमन के अवसर पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें बच्चों का रोली चंदन द्वारा टीका कर बच्चों का स्वागत किया गया। बच्चों को अध्यापकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, ऐतिहासिक भौगोलिक, रीति- रिवाज, हस्त शिल्प आदि विषयों पर चर्चा व जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार मौर्य, अध्यापक राज कुमार चौधरी, बजरंग बली, अर्पित कुमार मिश्र, सुनील कुमार, प्रीती तिवारी, राजेश कुमारी ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

# 122 आर आर सी सेंटर बनकर तैयार, कूड़ा उठा रहे सिर्फ 21 कूड़ा प्रबंधन केंद्र

विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी।** जिले के तेरह विकास खंडों में ओ डी एफ प्लस हेतु लक्षित 497ग्राम पंचायतों में से 122 ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन केंद्र -आर आर सी सेंटर बनकर तैयार हो गये हैं।42,आर आर सी सेंटर क्रियाशील है।

इनमें से 21आर आर सी सेंटर ही कूड़ा उठा रहे हैं। कूड़ा प्रबंधन के लिए 119ई रिक्शा और 224ठेला गाडियां खरीदी जा चुकी हैं। के अंतर्गत 59 ग्राम पंचायतें चयनित की गई थी। वित्तीय वर्ष 2023-24में338ग्राम पंचायतों को और शामिल कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25, में अभी चयन नहीं हुआ है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 122 आर आर सी सेंटर बनकर तैयार हो गये हैं। पंचायत सचिवों की शिथिलता और सहायक विकास अधिकारियों की उदासीनता के कारण इनमें से 42,आर




आर सी सेंटर ही क्रियाशील हो पाए हैं। कूड़ा उठाने का काम सिर्फ 21ग्राम पंचायतों में ही शुरू हो पाया है।119ग्राम पंचायतों ने ई रिक्शों और ठेला गाडियां खरीद ली है, परंतु संचालन के मामले में काफी कमजोर है।

विकास खंड अमेठी में हथकिला, बेनीपुर, हिम्मतगढ, नरैनी और जंगल रामनगर में आर आर सी सेंटर संचालित हो गये हैं, परंतु निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार कूड़ा एकत्रित करने का काम कहीं नहीं हो रहा है। खंड प्रेरक कमलेश कुमारी ने बताया कि ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी उनकी कोई बात सुनने को तैयार नहीं,सब मनमानी है। दो दर्जन ग्राम पंचायतों में आर आर सी सेंटर का निर्माण चल रहा है।

विकास खंड भेंटुआ और संग्रामपुर में अभी तक एक भी आर आर सी सेंटर संचालित नहीं हुआ है।

भादर संवाद के अनुसार पीपरपुर, टीकरमाफी और सोनारी में आर आर सी सेंटर 2022-23में शुरू हुआ था।आर आर सी सेंटर क्रियाशील है, परंतु किसी भी ग्राम पंचायत में कूड़ा संग्रह का काम नहीं हो रहा है।

जायस संवाद के अनुसार विकास खंड की एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में आर आर सी सेंटर संचालित हो गये हैं,मैन पावर की कमी है।

### 2024-25 में 27589 परिवारों को मिलेंगे व्यक्तिगत शौचालय

**अमेठी।** ओ डी एफ -प्लस के लिए चिन्हित ग्राम पंचायतों में चालू वित्तीय वर्ष में 27589परिवारों को शौचालय देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के सापेक्ष 26जून तक 2286 लाभार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय किश्त की धनराशि दी जा चुकी है।

# नहीं बनी सर्विस रोड, बारिश में फिर बढ़ेगी जलभराव की समस्या

विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी नगर।** ककवा रोड रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज के संचालन के छः महीने बाद भी सर्विस रोड का निर्माण नहीं हो पाया है। सर्विस रोड न होने के कारण बारिश में रास्ते में जलभराव हो जाता है। ओवर ब्रिज का निर्माण करने वाली कार्यदाई संस्था निर्माण के प्रति लापरवाह बनी हुई है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रयास से लगभग एक साल पहले नगर वासियों और अमेठी विकास खंड के दक्षिणी हिस्से के लोगों के आवागमन की समस्या के हल के लिए ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ है। ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद रेलवे की ओर से क्रासिंग को बंद कर दिया गया था। सर्विस रोड का निर्माण न होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई होने लगी। नगर के दुकानदारों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान स्मृति ईरानी के निजी




सचिव विजय गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत किया और कार्यदाई संस्था को अतिशीघ्र सर्विस रोड बनवाने के निर्देश दिए। लगभग छः महीने का समय बीत चुका है, अभी तक सर्विस रोड का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने दो दिन पहले डी एम निशा अनंत से मुलाकात कर सर्विस रोड का निर्माण कराकर नागरिक समस्या के हल का अनुरोध किया। बारिश शुरू हो गई है। मानसून आने के भी संकेत मिलने लगे हैं, अभी तक समस्या यथावत बनी हुई है।

### गुलाब जामुन में मिली रबर, दी तहरीर

**सुलतानपुर।** प्रदेश की मौजूदा सरकार आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए तरह-तरह योजनाएं चला रही है। अस्पतालों को बेहतर इलाज के लिए सुविधा प्रदान की जा रही हैं। योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्तियां की जा रही है। जनपदों में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन जनपद सुलतानपुर के अवंतिका फूड मॉल में आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शुक्रवार को शिवम सिंह अपने रिश्तेदारों के साथ अवंतिका फूड मॉल में जलपान करने गए तो फूड मॉल द्वारा दिए गए गुलाब जामुन में रबर (प्लास्टिक) मिला। खाद्य पदार्थ में इस तरह से स्वास्थ्य के विपरीत प्रभाव डालने वाला रबड़ मिलने पर जब ग्राहक ने संबंधित वेटर से शिकायत की गई तो उनकी शिकायत पर नम्र व्यवहार न करते हुए वेटर ने बदतमीजी की और कहा कि क्या मैं मिठाई के अंदर बैठा हूं।

# आज से दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे सांसद किशोरी लाल शर्मा

विश्ववार्ता संवाददाता

**गौरीगंज।** सांसद किशोरी लाल शर्मा आज अमेठी और रायबरेली के दो दिवसीय भ्रमण पर आ रहे हैं। पहले दिन वे अमेठी और रायबरेली मे कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद शोक संवेदना के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दूसरे दिन उनके सभी कार्यक्रम तिलोई विधानसभा में है। सांसद के एल शर्मा राजीव गांधी डिग्री कॉलेज पाकरगांव में सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

के एल शर्मा जी आज सुबह केन्द्रीय कांग्रेस कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद वे जामों विकास खंड के रामशाहनाऊपुर और लोरिकपुर गांव जायेंगे और आकाशीय बिजली गिरने से दुर्घटना में जान गंवा चुके दो किशोरों के पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे। शोक-संवेदना के बाद वे बल्दीराय विकास खंड में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में शामिल होंगे।

अपराह्न साढ़े तीन बजे सांसद श्री शर्मा भुएमऊ गेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे । यहां के बाद सांसद के कार्यक्रम गुरु बख्श गंज और लालगंज में है।

तीस जून को सांसद का पहला कार्यक्रम पाकरगांव, तिलोई में है।कवि सम्मेलन में शामिल होने के बाद वे लोधवरिया जायेंगे और सपा के जिला उपाध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी के घर शोक संवेदना प्रकट करेंगे। सुरेश त्रिवेदी के घर पर लोगों से भेंट मुलाकात करेंगे और शाम को श्री राम जानकी बालिका विद्यालय सेमरौता में आभार समारोह में शामिल होंगे।

# नदी में डूबे किशोरों का मिला शव, मचा कोहराम

विश्ववार्ता संवददाता

**सुलतानपुर।** नदी में नहाने गए किशोरो की डूबकर मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों व एसडीआरएफ की टीम की मदद से तीनों शवो को पुलिस ने बरामद कर लिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शवों का पंचनामा करके मर्चरी भेज दिया है।

गुरुवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के वल्लीपुर गांव के पास गोमती नदी में नहाने चार किशोर रेहान, फरहान, आबिद व हसनैन एक साथ उतरे। जिसमे से तीन जब डूबने लगे तो चौथे रेहान ने घर जाकर घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही परिजनो सहित स्थानीय गोताखोर नदी में ढूंढने घुसे लेकिन सफलता नहीं मिली। जानकारी मिलते ही नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय, एस डी एम सदर टीपी सिंह मौके पर पहुंचे लेकिन रात हो जाने के कारण खोजबीन का अभियान रोकना पड़ा।शुक्रवार को स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मेहनत के बाद हसनैन(12)पुत्र रुखसार व हसनैन (13) पुत्र नूर आलम निवासी बेंचू खां का पुरवा का शव वल्लीपुर स्थित रेलवे ब्रिज के नीचे से नदी से निकाला।वही तीसरे आबिद(10) पुत्र इफ्तिखार निवासी गणेशपुर कैथोली जयसिंहपुर की तलाश में नदी में अयोध्या से आई एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किया।तीन बच्चो के शव मिलने से कोहराम मचा हुआ है।परिजनो को रो रो कर बुरा हाल है।नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहसीलदार सदर हृदयराम तिवारी ने बताया कि तीनों मौत दैवीय आपदा से आच्छादित है।

### पांच दिनों से उपडाकघरों के सर्वर फेल, उपभोक्ता परेशान

**सुलतानपुर।** नगर के सभी उप डाकघरों में बीते पांच दिनों से सर्वर फेल चल रहा है। उप डाकघर से जुड़े हजारो उपभोक्ताओं को कर्मचारियों द्वारा आजकल करके टरकाया जा रहा है। वही एजेंटों की जमा निकासी भी फ़सी करोड़ों के नुकसान की आशंका पर जिम्मेदार मौन है।

जनता अब डाकघरों की दुर्व्यवस्था से तंग आचुकी है तो भी वही बैंकों में जनता को सभी सुविधाएं मिलती है। हद तो तब हो जाती है जब बिजली कट हो जाती है। सारे काम हो जाते हैं। इस डिजिटल व आधुनिक युग में भी डाकघरों में न इन्वर्टर न जनरेटर, अगर आप मरीज है और डाकघर से पैसा जमा करने या निकालने गए है तो बैठने ब पानी घर से लेकर जाय ।फिर भी डाक विभाग के उच्चाधिकारी न तो अपने ग्राहकों की सुधि लेते है न कभी जनता के बीच आते है।

# गल्ला मंडी में कमरे में मिली वृद्धा की लाश, आभूषण गायब

विश्ववार्ता संवाददाता

**जामो।** कोतवाली अंतर्गत जामों कस्बे में घर पर अकेले रह रही एक वृद्ध महिला की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में मिली है। परिजनों ने हत्या के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। वृद्धा की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

> मृतक वृद्धा की बहू की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जायेगी।
>
> **विनोद कुमार सिंह**
> **प्रभारी निरीक्षक, जामों**

पूरे गंगा मिश्र,मजरे बलभद्रपुर निवासी



रुपा देवी पत्नी राम दुलारे दूबे (75) रामबाग, गल्ला मंडी जामों में अकेले रहती थी। महिला के तीन बेटे हैं, सभी रोजी रोजगार के सिलसिले में शहर में रहते हैं। घनश्याम दुबे(53),जय प्रकाश दुबे (42)और सूरज प्रकाश दुबे (38)इन तीन पुत्रों से अलग वृद्धा गल्ला मंडी में रहती थी। शुक्रवार को सुबह उसकी लाश कमरे में मिली।दूध वाले के आने के बाद लोगों को वृद्धा की मौत की जानकारी मिली।वृद्धा का फोन और शरीर के उसके सभी जेवर गायब मिले हैं।

मृतका की बहू पूनम देवी ने पड़ोस में रहने वाले राधेश्याम के परिवार के लोगों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। पूनम का कहना है कि छः महीने पहले सिम पोर्ट कराने के बहाने किशन और राधेश्याम ने उसकी सास के बैंक खाते से 25000रु निकाल लिए थे।इसकी शिकायत थाने में कई बार की गई है। पैसा मांगने पर उपरोक्त लोग आए दिन जान से मारने की धमकी देते थे।

**समस्या** गौरीगंज अमेठी मार्ग पर बाईपास के किनारे इकट्ठा कूड़े के ढेर को हटवाने और नालों को ठीक कराने की मांग

# चेयरमैन के खिलाफ सड़क पर उतरी कांग्रेस, एसडीएम को ज्ञापन दिया

विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी।** नगर पंचायत अमेठी की नागरिक समस्याओं और नगर पंचायत अध्यक्ष के पति के असंवैधानिक कृत्यों के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने तीन सूत्रीय ज्ञापन एस डी एम आशीष कुमार सिंह को सौंपा है।

नगर पंचायत में अंजू कसौंधन चेयरमैन हैं।वे टाउन एरिया की कोई भी बैठक वे बिना अपने पति फूल चंद कसौंधन को साथ लिए नहीं करती है। मुकदमों की सुनवाई में भी उनके साथ रहते हैं। दो दिन पहले चेयरमैन के पति द्वारा मुकदमों की सुनवाई का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। कांग्रेस ने




चेयरमैन के पति फूल चंद कसौंधन के कार्य को असंवैधानिक कृत्य बताया है और शुक्रवार को चेयरमैन दपर अपने पद के दुरुपयोग के आरोप लगाए और विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवमणि तिवारी की अगुवाई में कांग्रेस नेता पैदल मार्च करते हुए तहसील पहुंचे और एस डी एम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर पंचायत की तीन बड़ी नागरिक समस्याओं का भी उल्लेख है।

नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो कुद्दूस, एडवोकेट ने कहा कि फूल चंद कसौंधन भाजपा के नेता हैं, उनकी पत्नी चेयरमैन चुनी गई है। अपनी पत्नी को चेयरमैन के रूप में मिले अधिकारों का दुरुपयोग करने के साथ जनहित को चोट पहुंचाना उनकी आदत में शामिल हो गया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवमणि तिवारी ने बताया कि नगर पंचायत में निर्मित कराए गए नालों के निर्माण में व्यापक अनियमितताएं की गई है। नालों पर ढक्कन न डाले जाने से अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है , बारिश में गंदगी सड़क पर आ जाती है और जलजमाव होने से संक्रामक रोगों के प्रकोप के खतरे बढ़ जाते हैं। ककवा रोड रेलवे क्रासिंग पर फ्लाई ओवर के नीचे सर्विस रोड न बनने से बारिश में आवागमन में काफी कठिनाई होती है।

ज्ञापन देते समय डा अरविंद चतुर्वेदी, धर्मेंद्र शुक्ल,पवन दूबे, अब्दुल वाहिद, शिवदयाल शर्मा, विनोद कनौजिया , संजीव दूबे , गीता अग्रहरि, निजामुद्दीन, हरीराम यादव , सुनील यादव,भीम प्रकाश,सरवरी,राज अली,राजा ठाकुर , दिनेश कुमार ,सोनू सिंह रघुवंशी, हरीराम यादव, विपिन यादव आदि मौजूद रहे।

# बड़गांव में महिला के शव को सड़क पर रख ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

विश्ववार्ता संवाददाता

**संग्रामपुर।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत छाछा गांव के पास गुरुवार को मिले महिला के शव की शिनाख्त हो गई है। महिला बड़गांव की रहने वाली है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस से लाश गांव पहुंचने पर परिजनों ने सड़क जाम करते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों ने महिला के भाई के घर आने तक मृतक महिला का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया है। परिजनों का कहना है कि महिला की हत्या करके शव को फेका गया है, उसके माथे पर चोट के निशान भी मिले हैं।

शुक्रवार को बड़गांव में सहदेव मौर्य के घर पर देर शाम तक लोगों की भीड़ बनी रही। आक्रोशित परिजनों को शांत करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पूर्व प्रमुख अरुण सिंह के साथ तमाम क्षेत्रीय पंचायत प्रतिनिधि परिवार को ढांढस बंधाने और न्याय दिलाने की बात करते हुए समझाने बुझाने में लगे रहे, परंतु लोग अंतिम संस्कार को तैयार नहीं हुए। महिला का भाई बाहर रहता है,जब तक वह घर नहीं पहुंचेगा, मृतक महिला का अंतिम संस्कार नहीं होगा। बड़गांव निवासी सहदेव मौर्य के तीन पुत्रियां हैं। मालती, उर्मिला और निशा। उर्मिला की शादी पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ के कोठा नेवढ़िया गांव में हुई थी।पति से सम्बन्ध विच्छेद होने के बाद महिला काफी समय से अपने मायके में ही रह रही थी। बुधवार को लगभग दस बजे बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक विशेषरगंज गई थी। बैंक से वापस नहीं लौटी। बुधवार को दोपहर 12 बजे से उसका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ जा रहा था।

## एक नजर

### ब्याज अनुदान दावों के निपटान के लिए पोर्टल शुरू



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत बैंकों द्वारा प्रस्तुत ब्याज अनुदान दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित और तेज करने के लिए एक वेब पोर्टल का शुक्रवार को शुभारंभ किया। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह पोर्टल कृषि एवं किसान कल्याण विभाग और नाबार्ड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। पोर्टल के उद्घाटन के अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, नाबार्ड के अध्यक्ष, किसान कल्याण विभाग और बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### धर्मेंद्र यादव समेत 29 लोगों बरी

**बदायूं।** प्रदेश में बदायूं की एक विशेष अदालत ने आजमगढ़ से सांसद धर्मेंद्र यादव और उनके 28 समर्थकों को 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रलोभन देने,महामारी एक्ट के आचार संहिता उल्लंघन एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम उल्लंघन के मामले में बरी कर दिया है। एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश लीलू सिंह ने मामले की विवेचना कर रहे विवेचन भानु प्रताप सिंह के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिये एवं निर्णय में उल्लिखित अधिकारियों एवं विवेचना की भूमिका की जांच हेतु कार्यवाही करने के लिये सक्षम अधिकारियों को आदेश जारी किया है।

### मध्य प्रदेश में राज्य महिला नीति के लिए सुझाव आमंत्रित

**भोपाल।** आयुक्त महिला बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूखी वली ने कहा कि राज्य महिला नीति के निर्धारण के लिए मात्र दो दिन पर्याप्त नहीं है। आम नागरिकों से भी महिला एवं बालिका सशक्तिकरण नीति के निर्माण के लिये महत्वपूर्ण सुझाव आमंत्रित है। इससे हमारे समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में आशातीत सुधार लाने में सहायता मिल सकेगी।

### केंद्र से नीट को रद्द करने का आग्रह प्रस्ताव पारित

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें केंद्र से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को खत्म करने का आग्रह किया गया। नीट की इस परीक्षा से ग्रामीण और गरीब छात्रों पर असर पड़ा और राज्य सरकार को बारहवीं की बोर्ड की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर यूजी एमबीबीएस पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति दी गई। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन द्वारा पेश प्रस्ताव को भारतीय जनता पार्टी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से सर्वसम्मति से पारित किया गया।

### भारतीय श्रमिकों के साथ हो मानवीय व्यवहार: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** भारत ने इटली में एक भारतीय कामगार सतनाम सिंह की नियोक्ता की लापरवाही के कारण हुई मौत पर रोष प्रकट किया है और प्रवासी भारतीय श्रमिकों के साथ मानवीय व्यवहार किये जाने पर जोर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह बात कही। उत्तरी इटली में हुई इस घटना के बारे में पूछने पर प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय कामगार सतनाम सिंह के नियोक्ता, जिनकी उन्हें चिकित्सा देखभाल प्रदान करने की जिम्मेदारी थी, को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच चल रही है।

### पाकिस्तान: चालू वित्त वर्ष में मध्यम आर्थिक सुधार की उम्मीद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि देश की अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष ( जुलाई 2023 से जून 2024 तक) में मध्यम आर्थिक सुधार देखने को मिला है।विवेकपूर्ण नीति प्रबंधन और प्रशासनिक उपायों से बाजार में भरोसा बहाल हुआ है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2.4 प्रतिशत रही, जो व्यापक आधार पर रही। मंत्रालय के मासिक आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, कृषि क्षेत्र में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि उद्योग और सेवा क्षेत्र में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### तख्तापलट की कोशिश में घायलों की संख्या 14 हुई

**ला पाज़।** बोलीविया के राष्ट्रपति लुइस अर्से ने शुक्रवार को कहा कि देश में तख्तापलट की कोशिश में घायल हुए लोगों की संख्या 14 तक पहुंच गई है जिनमें से कुछ की सर्जरी की गई है। बुधवार को, स्थानीय मीडिया ने बोलीविया की प्रशासनिक राजधानी ला पाज़ के केंद्रीय चौक मुरिलो स्क्वायर पर सेना की उपस्थिति की सूचना दी जहां सरकारी इमारतें स्थित हैं। पूर्व कमांडर-इन-चीफ जनरल जुआन जोस जुनिगा के नेतृत्व में सेना ने राष्ट्रपति महल में घुसने की कोशिश की।

### चंबल नदी का पुल भारी वाहनों के के लिए खुला

**इटावा।** उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर इटावा में स्थित चंबल नदी पर करीब पचास साल पुराना जर्जर पुल शुक्रवार को भारी वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। जिला प्रशासन ने इस पुल को खोलने से पहले पीएनसी कंपनी को इस बात के निर्देश दिए है कि खनन से जुड़े हुए ओवरलोड वाहनों का संचालन कतई न हो पाए। अगर ओवरलोड वाहनों का संचालन होता है और पुल किसी भी तरह से होता है तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से पीएनसी कंपनी की होगी।

# फिल्म सिटी से पचास हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

## कुल 5-7 लाख को अप्रत्यक्ष रूप से होगा लाभ, 6 माह के अंदर शुरू होगा फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण 6 माह के अंदर शुरू हो जाएगा और तीन साल के अंदर यहां फिल्मों की शूटिंग और इससे संबंधित कार्य शुरू हो जाएंगे। यही नहीं,फिल्म सिटी के निर्माण से प्रदेश और आसपास के राज्यों के 50 हजार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं 5 से 7 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। यही नहीं, स्किल्ड के साथ-साथ यहां अनस्किल्ड लोगों के लिए भी संभावनाएं होंगी। इसके अलावा, प्रदेश के जो लोग मुंबई, हैदराबाद व चेन्नई जैसे राज्यों में फिल्मों में अवसर तलाश रहे हैं, उन्हें यहां अवसर मिल सकेंगे, जबकि फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना से फिल्मों में अपना करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं का यह सपना साकार हो सकेगा।

**तीन साल में फिल्म से जुड़ी गतिविधियां होंगी शुरू**

यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट के साथ ही यीडा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण मुख्यमंत्री जी का सपना था, जो अब धरातल पर उतरने जा रहा है। इस फिल्म सिटी का निर्माण कार्य 4 से 6 माह के अंदर शुरू हो जाएगा और 3 साल में यहां फिल्म से जुड़ी जितनी भी गतिविधियां होती हैं वो भी शुरू हो जाएंगी। फिल्म सिटी की शुरुआत से यहां प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। जो लोग मुंबई जाकर फिल्मों में काम करने का सपना देखते हैं, उन्हें अब यहीं अवसर मिलेगा। बहुत से लोग हैं जिनमें प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन वो बड़े शहरों के खर्च अफोर्ड नहीं कर सकते हैं। उन्हें भी यहां अवसर मिल सकेगा। कलाकार, टेक्नीशियन, मिक्सर, कैमरामैन, स्टोरी राइटर समेत ऐसी बहुत सारी प्रतिभाएं जो प्लेटफॉर्म न मिल पाने के कारण प्रदेश के अंदर ही दम तोड़ देती हैं, उनको यह फिल्म सिटी एक प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी।

**इसलिए खास होगी फिल्म सिटी**

उन्होंने बताया कि यह फिल्म सिटी बिल्कुल अलग होगी। अभी देश भर में जितनी भी फिल्म सिटी हैं, उनमें जो भी कमियां हैं, उन्हें इस फिल्म सिटी में दूर करने का प्रयास किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इनमें ट्रैवल टाइम कम होगा, क्योंकि बाकी फिल्म सिटी में ट्रैवलिंग में बहुत टाइम लगता है, चाहे वो मुंबई हो या हैदराबाद। यहां पर एयरपोर्ट है, जो फिल्म सिटी से बिल्कुल सटा हुआ है। इसलिए यहां मूवमेंट करना बहुत आसान है और टाइम की भी बचत होती है। इसके अलावा यहां एकमोडेशन की भी व्यवस्था रहेगी। साथ ही शूटिंग के जो आउटडोर लोकेशन होते हैं वो भी यहां स्थापित किए जाएंगे। यहां फिल्म इंस्टीट्यूट भी बनेंगे, जहां ट्रेनिंग लेकर युवा फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर तलाश सकेंगे।

उन्होंने बताया कि फिल्म सिटी में एक कंप्लीट इकोसिस्टम होगा। यहां पर हिमाचल भी होगा, कुल्लू मनाली भी होगा, कश्मीर भी होगा, रोड, एयरपोर्ट और हैलीपैड भी होगा। शूटिंग के लिए मंदिर भी होगा, मस्जिद और गिरिजाघर भी होगा। रहने के लिए विला होंगे, शूटिंग के लिए बैकलॉट्स होंगे,फिल्म इंस्टीट्यूट्स होंगे, जिसमें बच्चे पढ़कर के अभिनय सीखकर के काम कर सकेंगे। साउंड मिक्सिंग और वीएफएक्स जैसी तकनीक का भी उपयोग होगा।



### पूरी तरह सुरक्षित होगी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी पूरी तरह सुरक्षित होगी। यहां आने में लॉ एंड ऑर्डर जैसी कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह सुधर गया है। यीडा क्षेत्र में भी आप कभी भी कहीं भी जा सकते हैं। कोई भी यहां रात को ट्रैवल कर सकता है। यह पूरा क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित है और इसमें लगातार सुधार हो रहा है। जो कानून व्यवस्था की कल्पना मुंबई के लिए की जाती है, वैसी ही बेहतर कानून व्यवस्था आज उत्तर प्रदेश की है। यहां साइबर क्राइम से निपटने के लिए, टेक्नोलॉजी से ड्रिवेन इंवेस्टिगेशन, इंटीग्रेटेड सर्विलांस सिस्टम, ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम जैसी तमाम चीजें नोएडा में आ चुकी हैं। ये सब चीजें बताती हैं कि कानून व्यवस्था की यहां कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि ये पूरी तरह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी होगी।

### वर्ल्ड क्लास का इंफ्रास्ट्रक्चर

मुंबई की फिल्म सिटी से तुलना पर उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवपलमेंट के पास वर्ल्ड क्लास का इंफ्रास्ट्रक्चर है। यहां पर रैपिड रेल है, मेट्रो है, इंडियन रेल भी यहां पर आ रही है, ट्रांजिट रेल भी आ रही है। साथ ही यहां पर होटल्स, विला जैसी सुविधाएं हैं। यहां पर न ट्रैवल टाइम है, न रहने की समस्या है। यहां पर मिक्सिंग भी रहेगा, ओटीटी प्लेटफॉर्म भी रहेगा, स्टूडियो भी रहेंगे। फिल्म सिटी के इम्पैक्ट को लेकर उन्होंने बताया कि इसका पूरे प्रदेश की इकॉनमी पर मल्टीप्लायर इफेक्ट पड़ेगा। जब फिल्म सिटी पूरी तरह से तैयार हो जाएगी तो लगभग 50 हजार लोगों को इसके माध्यम से रोजगार मिल सकेगा। 5 से 7 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यह फैसिलिटी बनने से प्रदेश के नौजवानों और बेरोजगारों को काम मिलेगा। इसमें अनस्किल्ड लोग भी होंगे, क्योंकि ये लेबर इंटेंसिव इंडस्ट्री है। बलिया से लेकर बिजनौर तक और बिहार, मध्यप्रदेश और हरियाणा तक लोगों पर इसका असर होगा। जैसे, जेवर एयरपोर्ट का मल्टीप्लायर इफेक्ट है, वैसे ही फिल्म सिटी का भी बड़ा इफेक्ट पड़ेगा। यहां पर इसके जरिए जीडीपी में डेढ़ से दो परसेंट असर आएगा।



श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष व जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को सुबह अमरनाथ यात्रियों के पहले जत्थे को झंडी दिखाकर रवाना किया।

# अमरनाथ के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था हुआ रवाना

## CRPF की थ्री लेयर सिक्योरिटी में बेस कैंप पहुंचेंगी 231 गाड़ियां

**एजेंसी**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले 4603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को शुक्रवार (28 जून) सुबह हरी झंडी दिखाई। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से तीर्थयात्रियों को 231 वाहनों में CRPF की थ्री लेयर सिक्योरिटी के बीच रवाना किया। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरु हो रही है जो 19 अगस्त (52 दिनों) तक चलेगी।

सिन्हा ने तीर्थयात्रियों को सुरक्षा के लिए कामना भी की। उन्होंने कहा कि बाबा अमरनाथ जी का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए। तीर्थयात्रियों का यह पहला जत्था जम्मू से कश्मीर के दो बेस कैंप उत्तरी कश्मीर के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग के लिए रवाना हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि आज से 19 अगस्त तक अलग-अलग रास्तों पर ट्रैफिक पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही लोगों को परेशानी नहीं हो इसके लिए हर रोज एडवाइजरी जारी की जाएगी। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए 3.50 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं, अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की 26 जून से शुरुआत हो चुकी है। जम्मू के SDM ने बताया कि सरस्वती धाम सेंटर से ऑफलाइन टोकन दिया जा रहा है। यात्रा की शुरुआत से पहले ही साधु-संत जम्मू पहुंचने लगे हैं।

एसएसपी ट्रैफिक नेशनल हाईवे रोहित बसकोत्रा के मुताबिक ट्रैफिक पर निगरानी के लिए उधमपुर से बनिहाल तक 10 हाई-एंड कैमरे लगाए हैं। इनमें उधमपुर के जाखनी क्षेत्र, दलवास, खोनी नाला, मेहर, बैटरी चश्मा, नचलाना, बनिहाल चौक, सुरंग-5, शालीगढ़ी और कटपॉइंट जैसे स्पॉट शामिल हैं। यातायात पुलिस ने अमरनाथ यात्रा के दौरान नेशनल हाईवे पर आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिए एक सलाह भी जारी की है, जिसमें लेन ड्राइविंग पर जोर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने पर बड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। जम्मू में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुईं मुठभेड़ के चलते यात्रा रूट्स पर सुरक्षा कड़ी सुरक्षा की गई है।

### सोरेन को जमानत मिलने से खुश हैं ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कथित धनशोधन मामले में जमानत मिलने पर शुक्रवार को खुशी व्यक्त की।

झारखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को श्री सोरेन को 8.36 एकड़ भूमि के अवैध कब्जे से संबंधित पीएमएलए मामले में जमानत दे दी। पूर्व मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित जमीन हड़पने के एक मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सुश्री बनर्जी ने कहा, "झारखंड के महत्वपूर्ण आदिवासी नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक मामले के कारण इस्तीफा देना पड़ा था, लेकिन आज हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई है। मैं इस महान घटनाक्रम से बहुत खुश हूं और मुझे यकीन है कि वह तुरंत अपनी सार्वजनिक गतिविधियों को शुरू कर देंगे। हेमंत हमारे बीच वापसी पर आपका स्वागत है।"

# धार्मिक आजादी पर ज्ञान दे रहे अमेरिका को भारत की फटकार

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंजीर जायसवाल ने कहा- वोट बैंक की सोच से प्रेरित है रिपोर्ट

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी विदेश विभाग की अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर रिपोर्ट की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे पूरी तरह से पक्षपाती और भारत की सामाजिक संरचना को समझे बिना बताया है। मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया, जिसमें सुझाव दिया गया था कि यह राष्ट्रपति चुनाव से पहले वोटबैंक के विचारों से प्रेरित है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रिपोर्ट में भारत के खिलाफ पूर्वाग्रहपूर्ण बयान को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को शामिल किया गया है।



**विदेश मंत्रालय ने खारिज की अमेरिकी रिपोर्ट**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंजीर जायसवाल ने कहा, 'हमने अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा 2023 के लिए अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर जारी रिपोर्ट को देखा है। अतीत की तरह, यह रिपोर्ट पूरी तरह से पक्षपाती है, भारत की सामाजिक संरचना को समझने में कमी है और स्पष्ट रूप से वोटबैंक के विचारों और हस्तक्षेप करने की मानसिकता से प्रेरित है। इसलिए हम इसे खारिज करते हैं।'

**अमेरिकी रिपोर्ट की आलोचना**

रंजीर जायसवाल ने इस रिपोर्ट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें कई गलत आरोप, गलत जानकारी , तथ्यों का गलत चुनाव और भेदभावपूर्ण स्रोतों पर निर्भरता है। साथ ही, यह रिपोर्ट भारत के धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मुद्दों को एकतरफा दिखाती है। उन्होंने यह भी कहा कि रिपोर्ट में भारत के संविधान और कानून को गलत बताया गया है। रिपोर्ट कुछ कानूनों और नियमों की वैधता पर भी सवाल उठाती है। रिपोर्ट यह भी प्रश्न करती है कि क्या भारतीय विधायिका के पास ये कानून बनाने का अधिकार है, और यहां तक कि भारतीय अदालतों के फैसलों की निष्पक्षता को भी चुनौती देती है।

**रिपोर्ट में किस बात पर बवाल?**

विदेश मंत्रालय ने भारत में आने वाले धन के लेन-देन को नियंत्रित करने वाले नियमों की रिपोर्ट द्वारा की गई आलोचना को भी गलत बताया है। रंजीर जायसवाल ने यह भी कहा कि अमेरिका के अपने ऐसे ही नियमों का पालन करना और ज्यादा कठिन है। अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट में भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हिंसा, घर वापसी और धार्मिक स्थलों पर हमले जैसे मुद्दों को उठाया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारियों ने पूरे साल भारत के साथ धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंता जताई है।

# येदियुरप्पा पर यौन उत्पीड़न के आरोप में चार्जशीट

## नाबालिग 17 वर्षीय लड़की के यौन उत्पीड़न का मामला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने 17 वर्षीय लड़की के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गुरुवार को आरोप पत्र दाखिल किया। राज्य पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने उस घटना की जांच की, जिसमें शिकायत मिला था कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने दो फरवरी को नाबालिग से कथित छेड़छाड़ की थी।



यह घटना तब हुई जब लड़की और उसकी मां 2015 के बलात्कार मामले की जांच में सहायता मांगने के लिए उसके घर गई थीं। दुखद बात है कि 26 मई को स्वास्थ्य समस्याओं के कारण लड़की की मां का निधन हो गया। श्री येदियुरप्पा (81) पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत आरोप लगाया गया है जिसमें नाबालिग के यौन उत्पीड़न के लिए तीन से पांच साल की सजा का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, वह भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए के अंतर्गत यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

# इजरायली सेना ने गाजा में दर्जनों हमास आतंकी मार गिराये

**यरूशलेम, एजेंसी।** इजराइल रक्षा बल ने हमास के सदस्यों को खत्म करने के लिए उत्तरी गाजा के शेजैया जिले में पहुंच गये हैं। आईडीएफ ने यह जानकारी दी।

आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, पिछले दिनों उत्तरी गाजा पट्टी के शेजैया इलाके में आतंकवादियों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे की मौजूदगी का संकेत देने वाली खुफिया जानकारी के बाद आईडीएफ सैनिकों ने क्षेत्र में हमला शुरू कर दिया है। इजरायली सेना ने कहा कि लक्षित हमलों से पहले इजरायली वायु सेना ने शेजैया में हमास के दर्जनों ठिकानों पर हमला किया। आईडीएफ ने कहा, ऑपरेशन से पहले आईडीएफ ने उत्तरी गाजा पट्टी में कई महत्वपूर्ण हमले किये जिसके दौरान यूएनआरडब्ल्यूए स्कूलों और सुविधाओं में छिपे दर्जनों आतंकवादियों को मार गिराया गया। सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, सीमा का उल्लंघन किया, नागरिक पड़ोस और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया।

# ट्रूडो के खालिस्तान प्रेमी रक्षा मंत्री पर कनाडाई राजनीति में भूचाल

## ट्रूडो के मंत्री पर गंभीर आरोप, अफगान सिखों को दिया था निकालने का आदेश, विदेशियों के लिए अपनों को डाला खतरे में

**एजेंसी**

**ओटावा।** कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के एक खालिस्तान प्रेमी सिख मंत्री के एक पुराने आदेश पर कनाडा की राजनीति गरमा गई है। कनाडा के विपक्षी नेता ने देश के ऊपर विदेशियों का कब्जा होने का आरोप लगाया है। ट्रूडो सरकार के इस मंत्री के कदम पर कनाडा की सेना में भी नाराजगी है। कनाडा के मीडिया आउटलेट ग्लोब एंड मेल ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि 2021 में जब अमेरिकी और कनाडाई सैनिक अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के देश छोड़ रहे थे, उस समय देश के रक्षा मंत्री हरजीत सिंह सज्जन ने सेना को सबसे पहले अफगान सिखों को वहां से निकालने को कहा था। इस पर बर्नियर ने आरोप लगाया है कि कनाडा की सरकार अपने नागरिकों की अनदेखी करके जातीय अल्पसंख्यकों को खुश करने में लगा हुआ है।

द ग्लोब एंड मेल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि सज्जन ने अफगानिस्तान में कनाडाई विशेष बलों को 225 अफगान सिखों को बचाने का आदेश दिया था। सज्जन को अफगानिस्तान में मौजूद सिखों के संपर्क में रहने वाले एक समूह ने इनकी लोकेशन और दूसरी जानकारी उपलब्ध कराई थी, जिसे उन्होंने सेना से साझा की थी। मीडिया रिपोर्ट में सैन्य सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अफगान सिखों को प्राथमिकता से निकालने का आदेश ऐसे समय में दिया गया था, जब रेस्क्यू उड़ानें खत्म हो रही थीं।

**पूर्व मंत्री ने ट्रूडो पर बोला हमला**




इस रिपोर्ट के आने के बाद पीपल्स पार्टी ऑफ कनाडा के नेता और देश के पूर्व विदेश मंत्री मैक्सिम बर्नियर ने ट्रूडो सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कनाडा सरकार पर खालिस्तानियों को खुश करने के चक्कर में अपने नागरिकों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। बर्नियर ने कहा, विदेशी लोग देश पर कब्जा कर रहे हैं, क्योंकि सत्ताधारी राजनेता लगातार जातीय अल्पसंख्यकों को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कनाडा की राजनीति पर विदेशी प्रभाव को समाप्त करने की मांग की।

**खालिस्तान प्रेम पर ट्रूडो को घेरा**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बर्नियर ने लिखा कि ट्रूडो के कनाडा में विनाशकाली जातीय राजनीतिक का एक और उदाहरण सामने आया है। उन्होंने लिखा, 'जब 2021 में तालिबान ने सत्ता संभाली को रक्षा मंत्री हरजीत सज्जन (जो खुद सिख हैं) ने विशेष बलों को अफगान सिकों को बचाने का निर्देश दिया, जिनका कनाडा से कोई संबंध नहीं था।' उन्होंने आगे लिखा, 'न केवल मंत्री ने सिख विदेशियों को दूसरों पर प्राथमिकता दी, बल्कि यह चनाव अभियान की शुरुआत में हुआ।' मैक्सिम ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ नेता सिखों को एक वोटबैंक के रूप में देखा है। उन्होंने आगे लिखा, 'बड़े पैमाने पर आप्रवासन, चरम बहुसंस्कृतिवाद और जातीय अल्पसंख्यकों को लगातार खुश करने के चलते आज विदेशी सच में हमारे देश पर कब्जा कर रहे हैं।'


## चिकित्सक दिवस के शुभ अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर

### जनपद के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा

स्थानः लोहिया भवन, अकबरपुर-अम्बेडकर नगर

समयः सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | दिनांक-01 जुलाई 2024

सौजन्य सेः - इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन & इण्डियन डेन्टल एसोसिएशन अम्बेडकर नगर

मुख्य अतिथिः श्री अविनाश सिंह, जिलाधिकारी, अम्बेडकर नगर

विशिष्ट अतिथिः डा० कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक, अम्बेडकर नगर; डा० राजकुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अम्बेडकर नगर

### चिकित्सा शिविर में सेवा देने वाले चिकित्सकों के नाम

| क्र.सं. | चिकित्सक | विशेषज्ञता | समय | क्र.सं. | चिकित्सक | विशेषज्ञता | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr J.K. Verma | मानसिक रोग विशेषज्ञ | 12 Noon to 1Pm | 20. | Dr Sarita Gupta | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 11 Am to 12 Pm |
| 2. | Dr BD Verma | फिजीशियन | 09 Am to 11 Am | 21. | Dr Manisha yadav | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 09 Am to 11 Am |
| 3. | Dr Alok Pandey | आर्थो सर्जन | 09 Am to 12 Pm | 22. | Dr Asif Akhtar | फिजीशियन | 09 Am to 11 Am |
| 4. | Dr Amit Patel | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 09 Am to 11 Am | 23. | Dr Gyanprakash Verma | सर्जन | 09 Am to 11 Am |
| 5. | Dr Raghvendra Kumar | न्यूरो सर्जन | 09 Am to 12 Pm | 24. | Dr Ajay Aanand | सर्जन | 09 Am to 11 Am |
| 6. | Dr Rajesh Chakrawarti | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 09 Am to 11 Am | 25. | Dr Parul | मानसिक रोग विशेषज्ञ | 10 Am to 12 Pm |
| 7. | Dr Zaheer Ahmed | सर्जन | 09 Am to 12 Pm | 26. | Dr Vivek verma | दन्त रोग विशेषज्ञ | 09 Am to 10 Am |
| 8. | Dr Priya Singh | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 10 Am to 12 Pm | 27. | Dr L K Singh | दन्त रोग विशेषज्ञ | 09 Am to 10 Am |
| 9. | Dr Pankaj Kumar | चर्म रोग विशेषज्ञ | 11 Am to 01 Pm | 28. | Dr Raghuvendra Gupta | दन्त रोग विशेषज्ञ | 09 Am to 10 Am |
| 10. | Dr.Gyandeep Verma | चर्म रोग विशेषज्ञ | 09 Am to 11 Am | 29. | Dr Geetika Verma | दन्त रोग विशेषज्ञ | 09 Am to 10 Am |
| 11. | Dr . P. K. Yadav | नाक कान गला रोग विशेषज्ञ | 10 Am to 12 Pm | 30. | Dr Pravesh verma | दन्त रोग विशेषज्ञ | 10 Am to 11 Am |
| 12. | Dr Ashutosh Dwivedi | सोनोलॉजिस्ट | 09 Am to 11 Am | 31. | Dr Peeyush Upadhyaya | दन्त रोग विशेषज्ञ | 10 Am to 11 Am |
| 13. | Dr S. k. Viswas | बाल रोग विशेषज्ञ | 12 Am to 01 Pm | 32. | Dr D K Soni | दन्त रोग विशेषज्ञ | 10 Am to 11 Am |
| 14. | Dr P. K. Sharma | मानसिक रोग विशेषज्ञ | 09 Am to 11 Am | 33. | Dr Virenra verma | दन्त रोग विशेषज्ञ | 11 Am to 12 Pm |
| 15. | Dr Shweta G Patel | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 10 Am to 11 Am | 34. | Dr Pankaj verma | दन्त रोग विशेषज्ञ | 11 Am to 12 Pm |
| 16. | Dr K.P. N. Singh | सांस रोग विशेषज्ञ | 11 Am to 01 Pm | 35. | Dr B M Gupta | दन्त रोग विशेषज्ञ | 11 Am to 12 Pm |
| 17. | Dr Nidhi Singh | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 11 Am to 01Pm | 36. | Dr Ankit Singh | दन्त रोग विशेषज्ञ | 12 Am to 01 Pm |
| 18. | Dr Vijay yadav | बाल रोग विशेषज्ञ | 11 Am to 01 Pm | 37. | Dr P P verma | दन्त रोग विशेषज्ञ | 12 Am to 01 Pm |
| 19. | Dr Rajesh Gupta | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 11 AM to 12 Pm | | | | |

कोषाध्यक्ष: डा० ज्ञानदीप वर्मा (IMA), डा० राघवेन्द्र गुप्ता (IDA)

सचिव: डा० आसिफ अख्तर (IMA), डा० विवेक वर्मा (IDA)

अध्यक्ष: डा० संजय वर्मा (IMA), डा० कृतिका सिंह (IDA)

सम्पर्क सूत्रः- श्री अजीत पाण्डेय 9670749431, श्री कौशलेश मिश्रा 7753088615